



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 334 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.13, 2082 रविवार, 1 मार्च-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

### चुनाव से पहले ममता का महिला सुरक्षा पर जोर

कोलकाता, 28 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी चुनाव से पहले महिलाओं की सुरक्षा मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कोलकाता पुलिस की दो नई पहलों की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों पर ऑल-वुमन पिंक बूथ स्थापित किए जाएंगे, जो शाम से लेकर आधी रात तक संचालित रहेंगे।

इन बूथों पर तैनात महिला पुलिसकर्मी सीधे तौर पर महिलाओं की सहायता और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि इन पिंक बूथों के जरिए शहर की महिलाएं जरूरत पड़ने पर सीधे महिला अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगी, जिससे सुरक्षा के प्रति भरोसा और बढ़ेगा।

# अमेरिका-इजराइल का ईरान पर हमला

> स्कूल पर मिसाइल गिरने से 51 छात्राओं समेत 71 की मौत
> ईरान ने भी इजराइल-दुबई पर 400 मिसाइलें दागीं




तेल अवीव/तेहरान, 28 फरवरी (एजेंसियां)। इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इरना न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों में दक्षिणी ईरान में 51 छात्रों समेत 71 की मौत हो गई है। जबकि 45 घायल हैं। जवाब में ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं।

**हमले में ईरानी रक्षामंत्री और सैन्य कमांडर की मौत का दावा**

अमेरिका और इजराइल ने इसे जॉइंट सैन्य कार्रवाई बताया है। इजराइल का दावा है कि इरानी रक्षा मंत्री और सैन्य कमांडर की मौत हो चुकी है। ट्रम्प ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला उनके नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं। ईरान ने इजराइल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है। दरअसल, इजराइल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है।

**अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन**

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस् रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है। अमेरिकी सेना पहले ही ईरान को चारों तरफ से घेर चुकी है। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों से तुरंत इजराइल छोड़ने के लिए कहा था।

ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु समझौते की बातचीत में बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट सबसे बड़ा विवाद का मुद्दा बन गया है। ईरान इस पर बिल्कुल भी समझौता करने को तैयार नहीं है और इसे अपनी रेड लाइन मानता है। >14

# आंध्र प्रदेश-पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 23 लोगों की मौत

## 8 गंभीर घायल, धमाके की आवाज 5 किमी दूर तक सुनाई दी

अमरावती, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। धमाके के समय यूनिट में 20 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे।

स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाके इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया। पुलिस अधिकारी ने बताया- धमाका इतना तेज था कि लाशें पास के धान के खेतों में जाकर गिरीं।

हरे-भरे धान के खेतों के बीच डरावना मंजर देखने को मिला, जब स्थानीय लोग बाराकालू, यानी खाद की बोरियों से बनी चादरों में लाशें ले जाते दिखे। पुलिस ने पास के खेतों में बिखरे शरीर के हिस्सों का पता लगाने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। काकीनाडा गवर्नमेंट हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट ने कहा कि हॉस्पिटल में आए घायल 90 से 100 प्रतिशत तक जले हुए हैं। उनका इलाज जारी है।

**सीएम नायुडू ने दुख जताया :**

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायुडू ने घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर हालात की निगरानी करने को कहा है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने आशंका जताई कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# 'बहुत सावधानी बरतें, चौकन्ने रहें'

## भारत ने इजराइल में अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। इजरायल ने शनिवार को ईरान में कई जगहों पर अटैक कर दिया। दोनों देशों में कई दिनों से तनाव की स्थिति बनी हुई थी, लगातार आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी था। इस बीच नेतन्याहू की सेना ने ईरान पर एयर स्ट्राइक किया। कई जगहों पर धमाकों की खबर है। ईरान के आसमान में धुएं का गुबार दिख रहा है।

दोनों देशों में जारी तनाव के बीच तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने इजराइल में भारतीय नागरिकों से बहुत सावधानी बरतने और चौकन्ना रहने की अपील की है। इजराइल में भारतीय दूतावास ने एक एक्स पोस्ट में भारतीयों से कहा है- इस इलाके में मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे बहुत सावधानी बरतें और हर समय चौकन्ने रहें। एक्स पर अपने पोस्ट में भारतीय दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे इजराइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी सुरक्षा गाइडलाइन और निर्देशों का सख्ती से पालन करें। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी भारतीय नागरिकों को तय शेल्टर के पास रहना चाहिए और अपने रहने या काम करने के इलाके में सबसे पास की सुरक्षित जगहों के बारे में पता होना चाहिए। भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक इजराइल के अंदर सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचें। एक्स पोस्ट के मुताबिक नागरिकों को लोकल न्यूज, ऑफिशियल घोषणाओं और इमरजेंसी अलर्ट पर रेगुलर नजर रखने के लिए कहा गया है। वहीं, किसी भी इमरजेंसी में, भारतीय नागरिक 24/7 हेल्पलाइन के जरिए तेल अवीव में भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं।

# पीएम ने साणंद में सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया

## देश आज हार्डवेयर बनाने के लिए भी पहचाना जा रहा, 22,516 करोड़ से बना प्लांट



साणंद (गुजरात), 28 फरवरी (एजेंसियां)। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) फैसिलिटी का उद्घाटन किया।

पीएम ने कहा कि 10-11 साल पहले तक भारत में डेटा और चिप की चर्चा कम होती थी। पहले देश की पहचान सॉफ्टवेयर के रूप में थी, आज भारत हार्डवेयर बनाने के लिए भी पहचाना जाने लगा है। उन्होंने कहा-जून 2023 में एमओयू साइन हुआ, सितंबर 2023 में काम शुरू हुआ और फरवरी 2026 में यहां प्रोडक्शन शुरू हो गया। इस सेक्टर को जानने वाले समझते हैं कि यह बहुत तेज रफ्तार है। साफ नीयत हो तो नीतियां भी साफ बनती हैं और फैसले जल्दी होते हैं। इस प्लांट में पहली बार मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल्स का कमर्शियल प्रोडक्शन और शिपमेंट शुरू होगा। यह केंद्र सरकार के मेक इन इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन का पहला प्रोजेक्ट है। यह प्लांट 22,516 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री यहां मौजूद लोगों को संबोधित भी किया।

**पीएम की स्पीच की बड़ी बातें...**

> माइक्रोन की ये फेसिलिटी, आज का ये कार्यक्रम भारत और अमेरिका के बीच मजबूत साझेदारी का प्रमाण है। एआई और चिप जैसे क्षेत्र में हमारी साझेदारी अहम है। दुनिया की दो बड़ी डेमोक्रेसी दुनिया के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

> पिछली शताब्दी का रेग्युलेटर तेल था तो इस शताब्दी का रेग्युलेटर चिप होने वाली है। जब दुनिया कोविड से जूझ रही थी तब भारत ने सेमिकंडक्टर की घोषणा की थी। कोरोना के समय लगा सब बिखर रहा है, लेकिन जो बीज हमने बोया उसका फल आज मिल रहा है।

> आज पूरी दुनिया के लिए एक ही मेसेज है, इंडिया इज रेडी, इंडिया इज रिलायबल। मेक इन इंडिया अब फुल स्विंग में आगे बढ़ रहा है। मैंने रतन टाट को मेसेज किया था, 1 रुपए का इन्वेस्टमेंट में देखिए एक गुजराती क्या कर सकता है। >14

# राहुल गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र

> पूर्व सैनिकों से जुड़े दो मुद्दों पर की खास अपील



नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लिए प्रयाप्त बजट का आवंटन और विकलांगत पेंशन पर आयकर की छूट को बहाल किया जाए।

**वित्त मंत्री को लिखा पत्र :**

कांग्रेस नेता ने वित्त मंत्री को 25 फरवरी को यह पत्र लिखा और यह उल्लेख किया कि पूर्व सैनिक इन दोनों मामलों के कारण मुश्किल का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना आज धन की कमी के संकट का सामना कर रही है।

**12 हजार करोड़ रुपये बकाया :**

चिकित्सा बिल के रूप में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक लंबित हैं और अस्पताल भुगतान न करने के कारण इस योजना से बाहर निकल रहे हैं। पूर्व सैनिकों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अपनी जेब से भुगतान करने या यहां तक कि इलाज में देरी के लिए मजबूर किया जा रहा है। जिन लोगों ने देश की सेवा की वे संकट की घड़ी में खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

**कांग्रेस सांसद ने रखा ये प्रस्ताव :**

उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि इसके अलावा, वित्त विधेयक 2026 में सैनिक को सेवा में बनाए रखने पर दिव्यांग पेंशन पर कर लगाने का प्रस्ताव है। 1922 के बाद यह पहली बार है कि दिव्यांग पेंशन पर कर लगाया जा रहा है। यह पेंशन उन सैनिकों को राहत प्रदान करने के लिए है जो घायल हो जाते हैं और इसे आय के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

**इस पर कर लगाना अपमानजनक :**

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब कोई दिव्यांग सैनिक सेवा में बने रहने का विकल्प चुनता है या उससे अनुरोध किया जाता है तो वह चोट के बावजूद निस्वार्थ भाव से भारत की सेवा करता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिस चीज की प्रशंसा की जानी चाहिए उस पर कर लगाना अपमानजनक है।

**पूर्व सैनिकों ने बताई परेशानी :**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल से मेरी मुलाकात हुई और उन्होंने इन मुद्दों की ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया। अपनी ही सरकार द्वारा अपमानित किए जाने की उनकी भावनाओं को सुनना दुखद था। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे यकीन है कि आप इस बात से सहमत होंगी कि सशस्त्र बलों में सेवा करने वाले हमारे भाई-बहन कृतज्ञ राष्ट्र के हर सहयोग के पात्र हैं। इसलिए, मैं आपसे पर्याप्त बजट समर्थन के साथ सभी लंबित ईसीएचएस देनदारियों को चुकाने और दिव्यांग पेंशन पर पूर्ण आयकर छूट बहाल करने का आग्रह करता हूं।

## अवैध रूप से रह रहे 3 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**10 नेशनल आईडी कार्ड बरामद**

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के आदर्श नगर से पुलिस ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया। बुधवार सुबह खुफिया जानकारी और सर्विलांस के आधार पर एक ऑपरेशन के जरिये इन्हें पकड़ा हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने शुरू में खुद को भारतीय नागरिक बताया, लेकिन दस्तावेजों और डिजिटल सबूतों की जांच में उनके दावे झूठे पाए गए। पुलिस ने इनके पास से प्रतिबंधित मोबाइल एप्लिकेशन वाले तीन स्मार्टफोन और 10 बांग्लादेशी नेशनल आईडी कार्ड बरामद किए हैं। अब इन्हें वापस इनके देश भेजने की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# पूर्वोत्तर भारत को बंगाल की खाड़ी से जोड़ेगा जापान

> हिंद महासागर तक कनेक्टिविटी में भी मदद करेगा



नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारत सरकार पूर्वोत्तर भारत को 'दक्षिण पूर्वी एशिया का प्रवेश द्वार' मानते हुए क्षेत्र के आठों राज्यों में कनेक्टिविटी पर बहुत जोर दे रही है।

यह मोदी सरकार की 'ऐक्टि ईस्ट पॉलिसी' पर आधारित है। भारत की इस नीति में और ज्यादा सहायता के लिए पुराना और भरोसेमंद मित्र जापान सामने आया है। जापान ने कहा है कि वह पूर्वोत्तर भारत को बंगाल की खाड़ी से लेकर हिंद महासागर तक कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने में मदद के लिए तैयार है।

जापान के उप विदेश मंत्री होरी इवाओ ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश पूर्वोत्तर भारत को बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर तक कनेक्टिविटी दिलाने में मदद करने के लिए तैयार है। मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में एक फॉरन पॉलिसी कॉनक्लेव (सिक्स्थ इंडिया-जापान इंटेलेक्चुअल कॉन्क्लेव) में उन्होंने यह बात कही। इसका आयोजन शिलॉन्ग के एक फॉरन पॉलिसी थिंक टैंक एशियन कॉन्फ्लूएंस ने किया। होरी के अनुसार, जापान नॉर्थईस्ट इंडिया से बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर तक कनेक्टिविटी लिंकिंग में सपोर्ट करेगा। पूर्वोत्तर भारत दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार के तौर पर एक महत्वपूर्ण जियोपॉलिटिकल स्थान पर है। उनके अनुसार पूर्वोत्तर भारत के विकास के लिए जापान पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। बता दें कि जापान उस क्वॉड का भी सदस्य है, जिसमें उसके अलावा भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भी सदस्य हैं, जिनका खास फोकस हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपसी हितों को मजबूत करने के लिए काम करना है। इवाओ के मुताबिक, पूर्वोत्तरी राज्यों को जब दक्षिण-पूर्व एशिया, बांग्लादेश और नेपाल के साथ वाले ग्रिड के साथ तालमेल बिठाया जाएगा।

### एसएसबी के आईजी का अनूठा फरमान

# उनके चेंबर में बिना अनुमति डीआईजी कमांडेंट/अस्पताल स्टाफ की 'नो एंट्री'

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के तेजपुर फ्रंटियर के आईजी की तरफ से जारी हुआ एक अनूठा फरमान बल की विभिन्न इकाइयों में चर्चा का विषय बन गया है। इस फरमान में खासतौर पर, फ्रंटियर के तहत आने वाले सेक्टर डीआईजी, कंपोजिट अस्पताल सलोनीबारी और यूनिट कमांडेंट का जिक्र हुआ है। ये अधिकारी, आईजी के चेंबर में बिना पूर्व इजाजत के प्रवेश नहीं कर सकते।

**आईजी के आदेश से हैरान हैं जूनियर अधिकारी... :**

एसएसबी के तेजपुर फ्रंटियर मुख्यालय के डीआईजी (प्रशासन) द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है। इसमें लिखा है कि यह आदेश, आईजी फ्रंटियर तेजपुर के निर्देशों पर जारी हुआ है। सूत्रों का कहना है कि कई बार, जूनियर अधिकारी आईजी के चेंबर में आ जाते थे। हालांकि उनका मकसद किसी अहम रिपोर्ट पर चर्चा करना ही रहता था। कुछ मौकों पर जब किसी सेक्टर हेडक्वार्टर या बटालियन में कोई घटना हो जाती तो उसकी विस्तृत रिपोर्ट देने और उस पर चर्चा करने के लिए जूनियर अधिकारी अपने वरिष्ठ अफसर के पास पहुंच जाते थे। अब वे सभी अधिकारी आईजी के आदेश से हैरान हैं।

**सख्ती से होगा आदेशों का पालन... :**

आदेशों में कहा गया है कि सेक्टर डीआईजी, कंपोजिट अस्पताल से जुड़ा स्टाफ और यूनिट कमांडेंट, बिना पूर्व अनुमति के आईजी से नहीं मिल सकते। इसके लिए उन्हें डीआईजी (प्रशासन) या डीआईजी (प्रशासन/इंटेल) से पूर्व अनुमति लेनी होगी। संबंधित अधिकारियों को उक्त आदेश का सख्ती से पालन करना पड़ेगा। आईजी तेजपुर फ्रंटियर के अंतर्गत 23वीं बटालियन, 30वीं, 37वीं, 38वीं, 61वीं, 67वीं, 68वीं और 73वीं बटालियन आती हैं। 2001 में 1751 किलोमीटर लंबी भारत-नेपाल की बाड़ रहित सीमा की सुरक्षा एसएसबी को सौंपी गई थी।

# पीएम, गृहमंत्री के खिलाफ एफआईआर?

> बुरा फंसा वकील, सीजेआई सूर्यकांत की फटकार-किसने लाइसेंस दिया?



नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करने वाले एक वकील को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। मामला नागरिकता संशोधन कानून, 2019 (सीएए) से जुड़ा है।

हालांकि, जब बाद में वकील ने अदालत के सामने यह वादा किया कि वह फिर कभी बेवजह की याचिकाएं नहीं डालेंगे तो सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने याचिका खारिज कर दी, उससे वसूली जाने वाली रकम पर भी रोक लगा दी।

**पीएम, अमित शाह पर एफआईआर की मांग :**

भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की अदालत में राजस्थान हाई कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने वकील पर सीएए बनाने के खिलाफ पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और तत्कालीन कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद के खिलाफ 'बेवजह' याचिका डालने के लिए 50,000 रुपये की रकम वसूलने का आदेश दिया था। एक समय सीजेआई सूर्यकांत ने वकील पूरन चंद्र सेन से यहां तक कह दिया कि इनपर कॉस्ट नहीं लगाया हाई कोर्ट ने? बैंड पहना नहीं है... लग रहा है कोई दंगल में उतरने आए हैं...। सीजेआई ने फटकार लगाते हुए यहां तक कहा कि कितने साल हो गए वकालत करते आपको? आपको लाइसेंस देने की गलती किसने की। प्लीज ऐसी याचिकाएं न दायर करें..। बेंच ने वकील से सवाल किया कि किस प्रक्रिया के तहत संवैधानिक पदाधिकारियों के खिलाफ संसद से कानून बनाने के लिए एफआईआर दर्ज करने को कहा जा सकता है।

**संसद से कानून बनाना अपराध हो सकता है :**

इसके बारे में जस्टिस बागजी ने याचिकाकर्ता को बताया, आपके विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ राजनीतिक और सामाजिक मतभेद हो सकते हैं, इस मतभेद से अपराध नहीं बनता।

## सशस्त्र बलों में रिटायरमेंट की आयु पर फिर से होगा विचार : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को ब्रिटिश काल में निर्धारित सशस्त्र बलों की सेवानिवृत्ति आयु और सेवा शर्तों की समीक्षा के लिए केंद्र सरकार को एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने यह आदेश सरकार द्वारा दायर एक अपील पर दिया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें तटरक्षक (सामान्य) नियम, 1986 के नियम 20(1) और नियम 20(2) को रद्द कर दिया गया था। इन नियमों के अनुसार, कमांडेंट और उससे नीचे के रैंक के अधिकारी 57 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते थे, जबकि कमांडेंट से ऊपर के रैंक के अधिकारी 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते थे।

# बंगाल में कटे 5.46 लाख वोटर्स के नाम

## ईसीआई के आंकड़े जारी, नई सूची में 7.04 करोड़+मतदाता

कोलकाता, 28 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार की गई मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 7.04 करोड़ से अधिक है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को यह जानकारी दी। अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि एसआईआर के दौरान फॉर्म-7 के जरिये 5.46 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए। वहीं, फॉर्म-6 और फॉर्म 6-ए के जरिये 1.82 लाख से ज्यादा नए मतदाताओं को सूची में जोड़ा गया। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान 58 लाख से अधिक गणना फॉर्म प्राप्त नहीं हो सके। इनमें मृत मतदाता, स्थानांतरिक हो चुके मतदाता और दोहराए गए नामों के मामले शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि अभी 60 लाख से अधिक मतदाता ऐसे हैं, जिनकी जांच या सत्यापन की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। हालांकि, उन्हें एसआईआर के बाद की मतदाता सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पूरा पुनरीक्षण कार्यक निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार किया गया है।

## हमेशा सरकार की बुराई नहीं करनी चाहिए : किरेन रिजिजू

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया है। किरेन रिजिजू ने कहा है कि राजनीति हो रही है, लेकिन हमेशा सरकार की बुराई नहीं करनी चाहिए। पीएम मोदी को गाली नहीं देनी चाहिए।

बता दें कि एआईएमआईएम चीफ ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी का इजरायल के लिए प्यार उनकी विचारधारा से जुड़ा हुआ है। ओवैसी ने हैदराबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि पीएम मोदी को इजरायल में दिए अपने भाषण में इजरायली आतंकवाद के बारे में बोलना चाहिए था। खुद का उदाहरण देते हुए ओवैसी ने कहा था कि उनकी पार्टी एआईएमआईएम ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ हमेशा बोला है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

रविवार, 1 मार्च, 2026 3

सुविचार: उत्साह के बिना आज तक कोई भी महान काम पूरा नहीं हुआ है इसलिए जीवन में उत्साह बनाए रखे!

# मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हर संभव सहयोग का भरोसा दिया

## बस दुर्घटना पीड़ितों को 2.23 करोड़ रुपये की सहायता



हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मदीना बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 2.23 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि के चेक प्रदान किए। राज्य सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह सहायता वितरित की गई। गत वर्ष 17 नवंबर को सऊदी अरब के मदीना के निकट हैदराबाद से उमरा के लिए गए यात्रियों को ले जा रही बस में आग लगने से दुर्घटना हुई थी।

बस में सवार 45 यात्रियों में से 44 की मृत्यु हो गई थी, जिनमें 16 पुरुष, 28 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल थे, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ था। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये तथा घायल व्यक्ति को तीन लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की थी।

मुख्यमंत्री ने स्वयं चेक सौंपते हुए शोक संतप्त परिवारों को निरंतर सरकारी सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही राज्य सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तेलंगाना हज समिति, सचिवालय के सामान्य प्रशासन विभाग तथा जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए थे। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन को मदीना भेजकर व्यवस्थाओं की निगरानी कराई गई।

सऊदी अधिकारियों के समन्वय से जन्नतुल बकी में इस्लामी परंपराओं के अनुसार अंतिम संस्कार की व्यवस्था की गई। परिजनों के लिए आपातकालीन वीजा, हवाई टिकट और ठहरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्यतः देश के बाहर हुई घटनाओं में राज्य सरकारें मुआवजा नहीं देतीं, किंतु प्रभावित परिवारों की स्थिति को देखते हुए आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया। वरिष्ठ नेताओं ने सरकार की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की सराहना की।

## इंटरमीडिएट छात्रा ने परीक्षा के दौरान दिया मृत भ्रूण को जन्म

कोत्तागुडेम, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पालोंचा के एक निजी कॉलेज की 16 वर्षीय इंटर-वोकेशनल छात्रा ने शुक्रवार को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देते समय मृत भ्रूण को जन्म दिया। जानकारी के अनुसार, छात्रा ने परीक्षा के दौरान निरीक्षक से अनुमति लेकर वॉशरूम में प्रवेश किया। काफी समय बीतने के बाद जब वह वापस नहीं आई, तो एक सफाईकर्मी को उसकी तलाश के लिए भेजा गया। सफाईकर्मी ने शौचालय में मृत भ्रूण पाया। पूछताछ में छात्रा ने बताया कि उसने बच्चे को बेसिन में इसलिए रखा ताकि किसी को उस पर शक न हो। कॉलेज ने छात्रा को मासिक धर्म के दौरान आवश्यक सैनिटरी पैड और नैपकिन उपलब्ध कराए। परीक्षा के बाद छात्रा को इलाज के लिए कोत्तागुडेम के सरकारी जनरल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि गर्भपात गर्भनिरोधक गोलियों के सेवन के कारण हुआ। छात्रा की सेहत वर्तमान में अच्छी बताई गई है।

# टीकाकरण का उद्देश्य बालिकाओं को कैंसर से सुरक्षा प्रदान करना : राजनरसिम्हा

## स्वास्थ्य मंत्री ने टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया



हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने हैदराबाद स्थित किंग कोठी अस्पताल में 14 वर्षीया बालिकाओं के लिए मानव पैपिलोमा विषाणु (एचपीवी) के विरूद्ध टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षा प्रदान करना है। इस पहल का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर से आभासी माध्यम द्वारा किया, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सहभागिता की। यह अभियान तीन माह तक चलेगा। प्रथम चरण में यह टीका शासकीय सामान्य अस्पतालों, क्षेत्रीय अस्पतालों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध रहेगा। इसके पश्चात इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बदलती जीवनशैली, खानपान की आदतों और प्रदूषण के कारण कैंसर रोग के मामलों में वृद्धि हो रही है। तेलंगाना में प्रतिवर्ष लगभग 55 से 60 हजार नए रोगी सामने आते हैं तथा आगामी वर्षों में इसमें और वृद्धि की आशंका है।

इस स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार ने समग्र कैंसर रोग नीति बनाई है। उन्होंने बताया कि कैंसर रोग उपचार सुविधाएं अब दूरस्थ जिलों तक विस्तारित की गई हैं तथा प्रत्येक जिले में दिवसीय कैंसर रोग उपचार केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## भारत का भविष्य गहन प्रौद्योगिकी से संचालित होगा : मंत्री

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि विज्ञान को प्रयोगशालाओं से बाहर आना होगा, अनुसंधान को केवल प्रकाशनों तक सीमित नहीं रहना चाहिए और नवाचार को प्रारूपों से आगे बढ़कर ठोस परिणाम देने होंगे। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 'सतत भारत 2047 हेतु अनुसंधान एवं गहन प्रौद्योगिकी' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत एक निर्णायक गहन प्रौद्योगिकी क्षण पर खड़ा है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अर्धचालक तंत्र, जलवायु प्रौद्योगिकी, उन्नत विनिर्माण तथा भू-स्थानिक विश्लेषण के क्षेत्र में हो रही प्रगति आने वाले दशकों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक प्रभाव को निर्धारित करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल वैज्ञानिक उत्कृष्टता को श्रद्धांजलि नहीं है, बल्कि ज्ञान, नवाचार और तकनीकी गहराई के माध्यम से नेतृत्व करने की भारत की जिम्मेदारी का स्मरण भी है।

## निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ बनाने वाला गिरफ्तार

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स, गोलकोंडा टीम और कुलसुमपुरा पुलिस ने जियागुडा, डबल बेडरूम हाउस के पास स्थित 'जेबी फूड्स' गोदाम में छापा मारकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी धनराजपुरी, निवासी गवलीगुडा, हैदराबाद बिना किसी सुरक्षा या एफएसएसएआई दिशा-निर्देशों का पालन किए, निम्न गुणवत्ता वाला खाद्य पदार्थ तैयार कर स्थानीय दुकानों में आपूर्ति कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में निम्न गुणवत्ता वाले फेनिया व फेनियाँ



उत्पाद जब्त किए, जिनकी कुल कीमत करीब चार लाख रुपये है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने 'जेबी फूड्स' गोदाम में कम गुणवत्ता वाले मैदा और मक्खन का उपयोग कर अस्वच्छ परिस्थितियों में फेनिया व फेनियाँ उत्पाद तैयार किए। इन उत्पादों की खपत से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एन्डे. श्रीनिवास राव की देखरेख में और गोलकोंडा जोन टास्क फोर्स के इंस्पेक्टर आर. वेंकटेश, कुलसुमपुरा इंस्पेक्टर ए. रामुलु, एसआई के. वेंकट रमन और एसआई बी. भास्कर राव की निगरानी में कार्यवाही की गई।

## स्वदेशी तोपखाना नियंत्रण क्षमता को मजबूती मिली

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मेदक आयुध निर्माणी में ट्रैक आधारित वहन नियंत्रण वाहन से संबंधित सीलबंद विवरणों के धारण प्राधिकार का औपचारिक हस्तांतरण किया गया। यह नियंत्रण वाहन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अंतर्गत युद्ध वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है। इसे विस्तारित बीएमपी-2 ढांचे पर निर्मित किया गया है, ताकि स्वचालित तोपों के साथ अग्रिम क्षेत्रों में तैनाती की जा सके। अब यह प्राधिकार गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय के अंतर्गत नामित प्राधिकरण को सौंपे जाने के बाद मार्च 2026 तक ऐसे 41 उत्पादन वाहनों की आपूर्ति भारतीय थल सेना को किए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। ये वाहन अग्रिम मोर्चों पर के-9 वज्र स्वचालित तोपों के साथ समन्वय में कार्य करेंगे। मेदक आयुध निर्माणी तथा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित इस वाहन में समेकित उन्नत तोपखाना नियंत्रण प्रणाली स्थापित की गई है, जिससे रेजीमेंट तथा बैटरी स्तर पर पूर्णतः गतिशील नियंत्रण व्यवस्था उपलब्ध होगी। यह हस्तांतरण उन्नत तोपखाना नियंत्रण एवं संचालन प्रणालियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# सिकंदराबाद क्षेत्र में होटलों और खाद्य संस्थानों का निरीक्षण

## स्वच्छता मानकों का उल्लंघन पाया गया



हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के अधिकारियों ने सिकंदराबाद क्षेत्र के होटलों और खाद्य संस्थानों का व्यापक निरीक्षण किया।

निरीक्षण का नेतृत्व सिकंदराबाद क्षेत्रीय आयुक्त मंगटायारु ने किया, जिसमें राजपत्रित खाद्य निरीक्षक लक्ष्मीकांत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी स्वाति और सहिति, उपायुक्त, सहायक नगर आयुक्त और कवादिगुडा सर्कल की डिप्टी एसडब्ल्यूएम टीमें शामिल रहीं। टीम ने कवाडीगुडा सर्कल में एक और कारखाना में एक होटल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई उल्लंघनों की पहचान हुई, जिनमें स्वच्छता और स्वच्छता मानकों का उल्लंघन, अभिलेखों का अनुचित रख-रखाव, समाप्त हो चुके खाद्य पदार्थों का भंडारण और अनधिकृत खाद्य रंगों का उपयोग शामिल था। संबंधित प्रबंधन को नोटिस जारी किए गए हैं और आगे के कार्रवाई खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी। जीएचएमसी ने सभी होटलों और खाद्य संस्थानों से आग्रह किया है कि वे स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी संस्थान नियमों का उल्लंघन करेंगे, खाद्य गुणवत्ता को खतरे में डालेंगे या अस्वच्छ स्थिति बनाए रखेंगे, उनके खिलाफ कड़े कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लॉरी-आरटीसी बस की टक्कर, 15 यात्री घायल

संगारेड्डी, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सदाशिवपेट कस्बे में शनिवार को एक तेज रफ्तार लॉरी की टक्कर से राज्य परिवहन निगम की बस में सवार 15 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना उस समय हुई जब सदाशिवपेट से जहीराबाद की ओर जा रही लॉरी ने सामने से आ रही बस को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मुख्य दरवाजा जाम हो जाने के कारण यात्रियों को बाहर निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से यात्रियों को चालक के दरवाजे से सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल सदाशिवपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## झील में मिला 4 वर्षीय बालक का शव

मेदक, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुलचारम मंडल के पोथारेड्डीपल्ली गांव में शुक्रवार को घर से लापता हुए चार वर्षीय बालक का शव शनिवार सुबह गांव के समीप स्थित झील में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान वेंकटेश के पुत्र सारा बिट्टू (4) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बालक शुक्रवार को अपने घर के बाहर खेलते समय लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह ग्रामीणों को झील में एक बालक का शव दिखाई दिया, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में स्थानीय लोगों की मदद से शव को झील से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण झील के किनारे एकत्र हो गए। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि अज्ञात व्यक्तियों ने बालक की हत्या कर शव को झील में फेंक दिया होगा। हालांकि, वास्तविक कारणों का पता जांच और शव परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को विधि-विधान के तहत परीक्षण के लिए मेदक के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
GOVERNMENT OF INDIA

कयर बोर्ड

**संविदा के आधार पर परियोजना / तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति**

भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय, कयर बोर्ड अपने दो अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय कयर अनुसंधान संस्थान, आलप्पुषा,केरल और केंद्रीय कयर प्रौद्योगिकी संस्थान, कर्नाटक,बेंगलुरु के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर परियोजना/तकनीकी कर्मचारियों ( 7 रिक्तियां) की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता हैं।

आवेदक विस्तृत विज्ञापन के लिए कयर बोर्ड की वेबसाइट (www.coirboard.gov.in) पर जा सकते हैं। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन 22 मार्च , 2026 को शाम 5.30 बजे तक या उससे पहले ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए।

17.02.2026 ह/- सचिव

cbs25131/12/0048/2526 www.coirboard.gov.in

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, UDAY CHAND RANA Father of 15702126X Hav Sumit Rana, Unit 729, C/o.56, APO, Permanent Resident at H.No. B1-213/92C, New Kundan Puri, Near Baba Balak Nath Mandir, Civil Lines, Ward NO.90, Ludhiana, Punjab-141001, have changed my Name from UDEYCHAND RANA to UDAY CHAND RANA vide affidavit dt 28 Feb 2026 before P Raveendranath Advocate and Notary, Secunderabad

I, Rina Kumari, W/o, JC 782245M, Nb Sub, Suresh Kumar, R/o, Dist : Jhajjar, Haryana, changed my name from Rina Kumari to Reena Kumari vide Affidavit No. BU 311049 dt. 26.02.2026 before Spl Judicial Magistrate, Hyderabad.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

**18th DEATH ANNIVERSARY**

"He Whose Mind is Not Shaken By Adversity, Who Does Not Hanker After Pleasures, Who is free from Attachment, fear and Anger, He is The Saga of Steady Wisdom".

Bhagvad Gita



D.O.B: 03-07-1921

D.O.D: 01-03-2008

**SHRI RAM SHARANJI SANGHI**

Founder Chairman Sanghi Group of Industries

IN LOVING MEMORY

ANJANA ANAND SANGHI
SUDHIR - USHA SANGHI
RAVI - ANITA SANGHI
GIREESH - ALKA SANGHI
SHOBHA - RAMESH JAIN
JAISHREE - SHASHI MITTAL
ALL GRAND CHILDREN & GREAT GRAND CHILDREN
AND ENTIRE FAMILY

His Guiding Spirit has been and will always be the Source of Inspiration for all of us.

# मुस्लिम धर्म छोड़ चुके यूट्यूबर को 14 चाकू मारे

## सलीम वास्तिक पर दिनदहाड़े हमला, योगी बोले-दोषियों को बख्शेंगे नहीं

गाजियाबाद, 28 फरवरी (एजेंसियां)। गाजियाबाद में सनसनीखेज मामला सामने आया है। लोनी इलाके में यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर शुक्रवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर जानलेवा हमला किया। सलीम मुस्लिम धर्म छोड़ चुके थे और इस्लाम की कमियों पर खुलकर बोलते रहते हैं।



सलीम वास्तिक

पुलिस के मुताबिक, बिना नंबर प्लेट की बाइक से आए नकाबपोश हमलावरों ने सलीम पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। गला रेतने की कोशिश की। सलीम चीखने लगे। पकड़े जाने के डर से हमलावर उन्हें अधमरा छोड़कर भाग निकले। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सलीम के बेटे और पत्नी को फोन कर बुलाया। पुलिस को सूचना दी। परिजन फौरन उन्हें पास के अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) रेफर कर दिया गया। यूट्यूबर के सीने, पेट, बाजू, गर्दन और पैर में 14 जख्म हैं। इस बीच, सीएम योगी ने मामले का संज्ञान लेकर सख्त एक्शन के निर्देश दिए।

कहा-कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यूपी में आतंक की कोई जगह नहीं है। कानून अपना काम करेगा। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अशोक विहार कॉलोनी की है। सलीम यूट्यूब पर 'सलीम वास्तिक 0007' के नाम से चैनल चलाते हैं। इस्लाम, मदरसों की शिक्षा और मुस्लिम समाज की आर्थिक स्थिति पर सवाल उठाते हैं। तीन हफ्ते पहले उन्हें एक वीडियो पोस्ट किया था। कहा था-मेरा फेसबुक और इंस्टाग्राम डिलीट कर दिया। 3.5 लाख फॉलोवर थे।

ऐसे गुंडागर्दी से तुम लोग मुझे चुप नहीं करा सकते। इससे तुम्हारा मजहब सही नहीं हो जाएगा। तुम लोग मेरा कुछ नहीं कर पाओगे। जब तक बीजेपी सरकार है। हिंदू ताकत में है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यूट्यूबर सलीम अहमद उर्फ सलीम वास्तिक (50) अशोक विहार कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। इलाके में कुछ दूरी पर उनके दो मकान हैं। एक में उन्होंने अपना ऑफिस बना रखा है। दूसरे मकान में पत्नी और बेटे के साथ रहते हैं। वे शुक्रवार को अपने ऑफिस में थे। सुबह 9 बजे दो हमलावर हेलमेट पहनकर आए। अंदर घुसते ही ताबड़तोड़ चाकू मारे। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। शरीर से खून बहने लगा। इस बीच बदमाश फरार हो गए। चीख-पुकार सुनकर पहुचे पड़ोसियों ने देखा- सलीम दर्द से कराह रहे थे। सलीम के बेटे उस्मान ने बताया- सुबह पापा अपने ऑफिस में अकेले बैठे थे। तभी दो अज्ञात युवक आए और हमला कर दिया। उस्मान ने पुलिस को दी शिकायत में अशफाक, सोनू, शाहरुख नेता, भाटी बिल्डर और एक स्थानीय एआईएमआईएम नेता अजगर का भी नाम दिया है।

# बिहार की नीतीश कुमार सरकार आर्थिक संकट में

### राजद का आरोप सही

पटना, 28 फरवरी (एजेंसियां)। महागठबंधन के नेता पिछले कुछ दिनों से लगातार यह आरोप लगाते रहे हैं कि बिहार सरकार का खजाना खाली हो चुका है। विधानसभा और विधान परिषद में भी यह आरोप लगाए गए कि सरकार के पास पैसे ही नहीं हैं। नीतीश सरकार का राजकोष काफी कम हो चुका है। अब यह आरोप कुछ हद तक सही साबित हो रहे हैं। नीतीश सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम चरण में कोषागारों में बिल पारित करने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। वित्त विभाग के विशेष सचिव मुकेश कुमार लाल की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि 10 मार्च, 2026 तक केवल वेतन, पेंशन, सहायक अनुदान-वेतन और संविदा कर्मियों के मानदेय से संबंधित बिल ही कोषागारों में पारित किए जाएंगे। अन्य बिलों पर नियमानुसार जांच के बाद ही कार्रवाई होगी।

# 12 करोड़ की लैंबोर्गिनी 8 करोड़ में थाने से छूटी

> कानपुर कोर्ट में बेल बॉन्ड जमा कराया
> आधी रात ट्रक में भरकर ले गए





कानपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। कानपुर में अरबपति कारोबारी केके मिश्रा के बेटे ने जिस 12 करोड़ की लैंबोर्गिनी कार से 6 लोगों को टक्कर मारी थी, वह कार 8.30 करोड़ के बेल बॉन्ड (गारंटी) पर थाने से छूट गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) सूरज मिश्रा की कोर्ट ने दिन में कार को रिलीज करने का आदेश दिया। आधी रात 12:30 बजे कार थाने से छुड़वाई गई, फिर ट्रक में भरकर ले गए। 8 फरवरी को हादसे के बाद पुलिस कार को थाने ले आई थी और कवर से ढक दिया गया था। तब से कार थाने में ही खड़ी थी।

4 दिन बाद यानी 12 फरवरी को पुलिस ने आरोपी कार मालिक शिवम को पकड़ा, लेकिन जमानती धाराओं में मुकदमा होने के चलते वह 7 घंटे में ही कोर्ट से छूट गया। उसी दिन यानी 12 फरवरी को ही शिवम ने कार रिलीज कराने के लिए कोर्ट में एप्लीकेशन दी थी। उसने मुकदमे की पैरवी के लिए अटॉर्नी अपने करीबी सुनील कुमार को दी। यानी अब कार से जुड़े इस मुकदमे में सुनील कुमार ही सबकुछ देखेंगे।

**इन 5 शर्तों पर कार को कोर्ट ने छोड़ा**

> कार न तो बेची जाएगी और न ही किसी दूसरे के नाम ट्रांसफर की जाएगी।
> कार मिलने के बाद उसके रंग, इंजन नंबर या चेसिस नंबर में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।
> जब भी कोर्ट या जांच अधिकारी कार को तलब करेंगे, आवेदक उसे अपने खर्च पर पेश करेगा।
> किसी भी शर्त के उल्लंघन पर आवेदक को राज्य सरकार के पक्ष में पर्सनल बॉन्ड की राशि जमा करनी होगी।
> दस्तावेजों की जांच में यदि कोई कमी पाई जाती है, तो कोर्ट के आदेश पर नई जमानत/प्रतिभूति दाखिल करनी होगी।
> तेज रफ्तार लेम्बोर्गिनी कार ने एक बुलेट सवार को भी जोरदार टक्कर मार दी थी। इसके बाद कार का अगला पहिया बुलेट पर चढ़ गया था।

तेज रफ्तार लेम्बोर्गिनी कार ने एक बुलेट सवार को भी जोरदार टक्कर मार दी थी। इसके बाद कार का अगला पहिया बुलेट पर चढ़ गया था।

नगर निगम की लापनवाही

# बकाया नहीं फिर भी किया मकान सील, चार घंटे कैद रहे दादी-पोता, छूटी बच्चे की परीक्षा

अलीगढ़, 28 फरवरी (एजेंसियां)। अलीगढ़ नगर निगम के संपत्ति कर विभाग की लापरवाही और मनमानी एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। आवास विकास कॉलोनी के निवासी स्व. गंगा सिंह के परिवार को संपत्ति पर बकाया दिखाकर 27 फरवरी को घर सील कर दिया। जिससे उनके पोते अंशुमन सिंह की नौवीं कक्षा की परीक्षा छूट गई।

वार्ड नंबर 19 के आवास विकास कालोनी निवासी गंगा सिंह का निधन 2018 में हो गया। उनके परिजनों ने अपने मकान नंबर 2297 पर 7,194 रुपये का संपत्ति कर जुलाई में ही जमा कर दिया था। रसीद भी थी, लेकिन नवंबर में निगम के कर विभाग ने 57,446 रुपये का संपत्ति कर का नया बिल थमा दिया। परिवार ने विभाग में जाकर रसीद दिखाई, लेकिन अधिकारियों ने कान पर जूं तक नहीं रेंगने दी। 27 फरवरी को करीब साढ़े आठ बजे कर संग्रहक प्रभात गौतम के साथ निगम की टीम पहुंच गई। आवास के बाहर नोटिस चस्पा कर बिना सोचे-समझे मकान पर सील लगा दी, जिससे गंगा सिंह की पत्नी और पोता अंशुमन अंदर कैद हो गया।

अंशुमन गगन पब्लिक स्कूल में कक्षा नौ का छात्र है। 27 फरवरी को उसकी सुबह 10 बजे से केमिस्ट्री की परीक्षा थी। किसी तरह से अंशुमन पड़ोसी के घर से निकलकर स्कूल पहुंचा, लेकिन छात्र को स्कूल प्रशासन ने भीतर प्रवेश नहीं करने दिया। इस कारण उसकी परीक्षा छूट गई। उसने अपने पिता योगेंद्र प्रताप सिंह को दी तो उन्होंने इसकी शिकायत नगर निगम के अधिकारियों से की।

# होली पर विमानों का किराया आसमान पर, ट्रेनों में सीटों की मारामारी

## वेटिंग में 70 हजार से अधिक यात्री




लखनऊ, 28 फरवरी (एजेंसियां)। होली पर दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु, हैदराबाद से लखनऊ आने वाले यात्रियों के सामने विमानों के महंगे टिकट खरीदने की मजबूरी सी पैदा हो गई है। हवाई टिकट तीन गुने तक महंगा हो गया है। जबकि रेगुलर ट्रेनों में लंबी वेटिंग के चलते सीटों की मारामारी बढ़ गई है। चार मार्च को होली का पर्व मनाया जाना है। ऐसे में दिल्ली, मुंबई आदि जगहों पर रहने वाले लखनऊवासी दो दिन पहले से ही घर आना शुरू कर देंगे। मुंबई से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान दो मार्च को 10416 रुपये, एयर इंडिया की 13058 रुपये, अकासा एयर की 11791 रुपये पहुंच गई है। वहीं तीन मार्च को इंडिगो, एयर इंडिया व अकासा एयर की उड़ानों का किराया क्रमशः 11416 रुपये, 16193 व 12890 रुपये है। आम दिनों में मुंबई से आने वाली उड़ानों का किराया पांच हजार रुपये के आसपास होता है। इतना ही नहीं दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो व एयर इंडिया की उड़ानों का किराया दो मार्च को क्रमशः 8053 व 8263 रुपये पहुंच गया है। जबकि तीन मार्च का इन उड़ानों का किराया 7948 व 11893 रुपये पहुंच गया है।

आम दिनों में किराया चार हजार रुपये के आसपास रहता है। ऐसे ही बंगलुरु से लखनऊ आने वाली इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस का किराया दो मार्च को 11543 रुपये व 10648 रुपये है। तीन मार्च को इन एयरलाइनों का किराया 10650 व 8248 रुपये पहुंच गया है। आम दिनों में इनका किराया 5500 रुपये के आसपास रहता है। वहीं हैदराबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो व एयर इंडिया की उड़ानों का किराया दो मार्च को 11096 एवं तीन मार्च को 12251 रुपये पहुंच गया है।

**मुंबई की ट्रेनों में रिग्रेट, दिल्ली में लंबी वेटिंग**

होली पर दिल्ली व मुंबई से लखनऊ आने वाली ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग है। इससे यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ रही हैं। दिल्ली से लखनऊ आने वाली तेजस एक्सप्रेस की चेयरकार में दो व तीन मार्च को वेटिंग 30, 18 है। शताब्दी एक्सप्रेस की चेयरकार में वेटिंग 54 व 25 पहुंच गई है। एसी एक्सप्रेस की थर्ड एसी में वेटिंग 81, 43 तथा लखनऊ मेल की स्लीपर में दो को रिग्रेट व तीन मार्च को 118 वेटिंग है।

थर्ड एसी में 63, 43 वेटिंग पहुंच गई है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मुंबई से लखनऊ आने वाली ट्रेनों में रिग्रेट से मुश्किलें बढ़ गई हैं। लखनऊ आने वाली पुष्पक एक्सप्रेस की स्लीपर में 83, 72 व थर्ड एसी में 77, 39 वेटिंग है। कुशीनगर एक्सप्रेस की स्लीपर में रिग्रेट व थर्ड एसी में 30, 19 वेटिंग पहुंच गई है। पनवेल गोरखपुर व अन्य ट्रेनों में रिग्रेट है।

# दुष्कर्म की कोशिश करने वाले जमील को 20 साल की जेल

## कोर्ट ने कहा-ऐसे लोग समाज के लिए घातक

बरेली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। बरेली के स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट नरेंद्र प्रकाश ने पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश के दोषी बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी जमील उर्फ बड़े को 20 साल की कैद और 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सजा नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि अपराधी बिना दंड के न रह जाए। पीड़िता के साथ-साथ समाज को भी इस बात की संतुष्टि हो कि न्याय हुआ है।

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी के निवासी व्यक्ति ने 22 जनवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पांच साल की बेटी दोपहर एक बजे घर के बाहर खेल रही थी। कॉलोनी का ही जमील उर्फ बड़े उसे चीज दिलाने के बहाने ले गया। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद करने के बाद उसने बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश की। बच्ची को ढूंढते हुए पहुंची मां ने बमुश्किल दरवाजा खुलवाया तो आरोपी वहां से भाग गया। जांच के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश साक्ष्यों और बच्ची के बयानों के आधार पर कोर्ट ने जमील को दोषी करार दिया।

सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि आरोपी का पहला अपराध है। वह गरीब है। मुकदमा लड़ने के लिए वकील की फीस तक उसके पास नहीं थी। ऐसे में उसके लिए डीएलएसए की ओर से वकील उपलब्ध कराया गया है। कोर्ट ने कहा कि अभियुक्त ने घृणित अपराध किया है। पीड़िता की मनोदशा पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ा है। ऐसे लोग समाज के लिए अत्यंत घातक होते हैं।

# देशरत्न राजेंद्र प्रसाद समारोह में शामिल हुए सीएम नीतीश

## बांस घाट परियोजनाओं का किया निरीक्षण, सम्राट बोले–500 करोड़ की फैक्ट्री-बॉटलिंग प्लांट का किया उद्घाटन

पटना, 28 फरवरी (एजेंसियां)। पटना में आयोजित देशरत्न राजेंद्र प्रसाद के स्मृति समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने देशरत्न को नमन किया और उनके योगदान को याद किया।



**निर्माण कार्य तय समयसीमा में पूरा करने के दिए निर्देश**

समारोह के बाद मुख्यमंत्री ने राजधानी पटना में चल रही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बांस घाट स्थित विद्युत शवदाह गृह, मंदिरी नाले के कार्यों तथा नए बांस घाट में बन रहे विद्युत शवदाह गृह का जायजा लिया। अधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि, सभी निर्माण कार्य तय समयसीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

**सीएम नीतीश ने आधुनिक सुविधाओं पर विशेष जोर दिया**

निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, जल निकासी व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

**औद्योगिक विकास पर सम्राट चौधरी का बड़ा बयान**

राज्य में औद्योगिक विकास को लेकर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ रहा है। राज्य में कई बॉटलिंग प्लांट का काम शुरू हो चुका है और आज एक प्रमुख बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया जा रहा है।

सम्राट चौधरी ने बताया कि, मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन उनकी व्यस्तता के कारण वे स्वयं उद्घाटन कार्यक्रम में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज 500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली जेके सीमेंट फैक्ट्री का भी उद्घाटन किया जाएगा। इससे राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

अधिवक्ता का कट्टा लहराते वीडियो वायरल

# घर से कई अवैध हथियार बरामद, पति-पत्नी गिरफ्तार

रोहतास, 28 फरवरी (एजेंसियां)। रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित तकिया मोहल्ले में शनिवार की सुबह पुलिस ने छापेमारी कर एक अधिवक्ता के घर से कई अवैध हथियार व कारतूस बरामद किया है। दरअसल अधिवक्ता पर मामूली विवाद में हथियार लहराने तथा महिला के साथ मारपीट का आरोप है। जिसका वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अब तेजी से वायरल हो रहा है।



**घर से मिले अवैध हथियार व कारतूस**

वहीं वीडियो वायरल होने के बाद सासाराम नगर थाने की पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी अधिवक्ता के तकिया मोहल्ला स्थित आवास पर शनिवार की सुबह छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अधिवक्ता राजकमल प्रसाद के आवास से कई अवैध हथियार और काफी संख्या में जिंदा कारतूस बरामद किया।

**पुलिस हिरासत में अधिवक्ता और पत्नी**

मामले में पुलिस ने अधिवक्ता राजकमल प्रसाद और उनकी पत्नी धर्मशिला देवी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। सदर डीएसपी वन दिलीप कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान घर से एक अवैध कट्टा, एक पिस्टल तथा 16 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

उन्होंने कहा कि फिलहाल अधिवक्ता एवं उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है और वायरल वीडियो के आधार पर अन्य लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं गिरफ्तारी को लेकर अधिवक्ता राजकमल प्रसाद ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि शनिवार की सुबह पुलिस अचानक उनके घर का गेट फांदकर अंदर घुस आई और फिर पुलिस ने दावा किया कि घर से कई अवैध हथियार व कारतूस बरामद हुए हैं।

# सिपाही ने विश्वनाथ मंदिर में बटुक को पीटा, बाल खींचे

**थप्पड़ जड़े, दर्शन नहीं करने दिया; महिला पत्रकार से भी बदसलूकी**

वाराणसी, 28 फरवरी (एजेंसियां)। काशी में बाबा विश्वनाथ धाम में पुलिस ने एक बटुक को पीट दिया। सिपाही ने ताबड़तोड़ तीन थप्पड़ जड़े। फिर दरोगा ने उसके बाल खींचे और धक्का देकर बैरिकेडिंग के पीछे कर दिया। बटुक ने किसी तरह खुद को संभाला, लेकिन इसके बाद उसे लाइन में लगने नहीं दिया। यानी बिना दर्शन के ही बटुक को लौटा दिया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने बटुक के साथियों के साथ भी बदसलूकी की। इस दौरान लाइन में खड़ी महिला श्रद्धालुओं से भी धक्का-मुक्की हुई। रंगभरी एकादशी पर शिव भगवान, माता पार्वती के साथ पालकी में सवार होकर मंदिर के गर्भगृह पहुंचे। पालकी जाने के बाद पुलिस ने बटुकों को बाहर रोक दिया। इसे लेकर बटुकों की पुलिस से कहासुनी हो गई। पुलिसकर्मियों ने गुस्से में बटुक के साथ मारपीट कर दी। एक महिला पत्रकार से भी बदसलूकी की बात सामने आई है।

# प्रेमिका की हत्या की, पत्नी बताकर श्मशान में जलाया

मुंगेर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। मुंगेर की रहने वाली 25 साल की जीएनएम छात्रा स्नेहा कुमारी की पूर्णिया में उसके प्रेमी ने हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, स्नेहा अपने प्रेमी नीरज कुमार की शादी कहीं और तय होने पर नाराज थी। इसी वजह से वो 17 जनवरी को नीरज से मिलने पूर्णिया पहुंची थी। वहां किराए के कमरे में दोनों के बीच काफी झगड़ा हुआ। इसी दौरान गुस्से में आकर नीरज ने स्नेहा की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को कफ्तानपारा श्मशान घाट में जला दिया। पूरा मामला 19 जनवरी का है।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

## स्कॉर्पियो, जेवरात और 87,500 कैश बरामद; चोरी से पहले दिन में रेकी करते थे

औरंगाबाद, 28 फरवरी (एजेंसियां)। औरंगाबाद नगर थाना में पदभार ग्रहण करते ही थानाध्यक्ष बबन बैठा एक्शन मोड में हैं। पुलिस ने वार्ड नंबर-7 के संस्कार कॉलोनी गली-4 में हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। इस मामले में अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 7 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।




आरोपियों की पहचान भोजपुर के बड़हरा निवासी गांधी प्रसाद, अभिषेक सोनी, बिहियां साहेब टोला निवासी रामू कुमार, जज बाजार के अंजनी कुमार, आदर्श विहार कॉलोनी के देव शर्मा, राजा बाजार निवासी सुनील कुमार और पश्चिम बंगाल के हुगली जिला के सुबीर ओरेल के तौर पर हुई है। बदमाशों की निशानदेही पर एक स्कॉर्पियो, 317.54 ग्राम चांदी, 15.18 ग्राम सोने के गहने, 87500 रुपए कैश और 7 मोबाइल जब्त बरामद हुए हैं।

**चोरों ने दो घरों में घुसकर वारदात को दिया था अंजाम**

9 फरवरी की रात में चोरों ने कर्मा रोड के संस्कार कॉलोनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। गृहस्वामी शंकर दयाल सिंह और उनके भाई का पूरा परिवार घर में ताला बंद कर चचेरे भाई के शादी समारोह में शामिल होने पैतृक गांव देवरिया कला गए थे।

इसका फायदा उठाकर चोर बारी बारी से दोनों भाइयों के घर में घुसे। ताला तोड़कर अलमारी में रखे 1,30,000 लाख कैश और गहने ले उड़े। सुबह पड़ोसियों से घर में चोरी की जानकारी मिली। जिसके बाद पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया था।

एक साथ दो घरों में चोरी की घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अंबरीश राहुल के निर्देश पर सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। सीसीटीवी फुटेज, ह्यूमन इंटेलिजेंस, तकनीकी विश्लेषण और आसूचना संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया।

**गिरोह के सदस्य दिन में रेकी करते थे**

पकड़े गए अपराधियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए चोरों ने बताया कि गिरोह चोरी के अलावा शराब के कारोबार में भी संलिप्त है। सिवान, बक्सर, नवादा के अलावा झारखंड के कई शहरों में भी चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। दिन में रेकी कर वैसे घरों का पता लगाते थे, जहां ताला बंद रहता था। रात्रि में घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि पूछताछ और आवश्यक कार्रवाई के बाद पकड़े गए सभी आरोपियों को रिमांड के लिए कोर्ट भेज दिया गया है।

# 'पहले माफिया शासन चलाते थे'

## सीएम योगी बोले–आज देश और दुनिया का हर बड़ा निवेशक यूपी आना चाहता है

लखनऊ, 28 फरवरी (एजेंसियां)। होली पर उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को यूपी सरकार की तरफ से गैस सिलिंडर रीफिल सब्सिडी दी गई। शनिवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह सौगात दी। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 1,500 करोड़ की धनराशि वितरित की गई। इस मौके पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि होली पर सब गिले शिकवे भुला देते हैं। हमारी मां चूल्हे पर रोटी बनाती थीं। पीएम मोदी का आभार, जो गैस कनेक्शन दिए। कांग्रेस राज में सिफारिश पर सिलिंडर मिलता था। अब केवल जमींदार के घर पर ही गैस नहीं है, बल्कि आमजन के घर पर भी है। पहले कोटेदार के यहां कार्ड रहते थे। अब झोला मिल रहा है। कोटेदार का भी ध्यान रखा गया है। कोरोना काल में तेल दिया गया। कहा कि, लोग भरमाएंगे लेकिन, चक्कर में न आना। यही नहीं अब तीन तलाक नहीं कह सकते हैं। अब बिना जुगाड़ के नौकरी लगती है।

वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले जिसके यहां शौचालय बना होता था, उसे अमीर जिसके यहां नहीं हना होता था, उसे गरीब माना जाता था। इस तरह गरीब और अमीर की पहचान की जाती थी। लेकिन, अब हर घर में शौचालय बना है। आज आयुष्मान कार्ड से गर गरीब को निशुल्क इलाज मिल रहा है। बलिया से उज्ज्वला योजना की शुरुआत हुई थी। 10 करोड़ से अधिक लोगों को इस योजना का सिलिंडर मिला। अमीरी-गरीबी की खाई पाटने का काम किया। मुख्यमंत्री आवास भी मिल रहा है। विधवा दिव्यांग महिलाओं को भी आवास दे रहे हैं। कहा कि, दो करोड़ महिलाओं को और समूह से जोड़ेंगे। माताएं-बहनें कमल का बटन दबाती हैं।

# सड़क पर तड़प रहा था युवक

## मसीहा बनकर उतरे शिवराज ! काफिला रोक अपनी ही गाड़ी से भेजा अस्पताल



भोपाल, 28 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता से लोगों का दिल जीत लिया है। भोपाल से ग्वालियर जाते समय उन्होंने रास्ते में एक घायल युवक को सड़क पर अचेत अवस्था में पड़े देखा। वहां मौजूद भीड़ तमाशबीन बनी देख रही थी लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आ रहा था। शिवराज सिंह चौहान ने बिना वक्त गंवाए तुरंत अपना काफिला रुकवा दिया और खुद गाड़ी से उतरकर युवक के पास पहुंचे। उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना अपनी ही गाड़ी से घायल युवक को अस्पताल पहुंचवाया ताकि उसे समय पर इलाज मिल सके।

### शिवराज सिंह ने खुद डॉक्टर से की बात

इस पूरी घटना की जानकारी शिवराज सिंह चौहान ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए साझा की है। उन्होंने बताया कि युवक की हालत देखकर उन्होंने तुरंत डॉक्टरों से फोन पर संपर्क किया और उसके बेहतर उपचार की व्यवस्था करवाई।

शिवराज सिंह ने लिखा कि जब वह वहां पहुंचे तो चारों ओर भीड़ खड़ी थी लेकिन किसी ने भी उसे अस्पताल ले जाने की हिम्मत नहीं दिखाई। मंत्री की इस त्वरित कार्रवाई की हर तरफ प्रशंसा हो रही है। लोग उनके इस मानवीय दृष्टिकोण की सराहना कर रहे हैं क्योंकि एक वीआईपी काफिले को रोककर किसी आम नागरिक की मदद करना आज के समय में विरले ही देखने को मिलता है।

### 50 फीसदी लोगों की बचाई जा सकती है जान

शिवराज सिंह चौहान ने इस घटना के जरिए समाज को एक बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि हर साल देश में डेढ़ लाख से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा देते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर घायल को दुर्घटना के पहले एक घंटे यानी 'गोल्डन ऑवर' में अस्पताल पहुंचा दिया जाए, तो 50 फीसदी लोगों की जान बचाई जा सकती है। मंत्री ने अफसोस जताया कि अक्सर लोग मदद करने के बजाय तमाशबीन बने रहते हैं जिससे कीमती समय बर्बाद हो जाता है और पीड़ित की जान जोखिम में पड़ जाती है।

### सेवा और परोपकार की भावुक अपील

अपने संदेश के अंत में शिवराज सिंह चौहान ने बहुत ही भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारी एक छोटी सी मदद किसी मां की गोद सूनी होने से बचा सकती है और किसी बच्चे के सिर से पिता का साया हटने से रोक सकती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि सेवा ही सच्चा धर्म है

और परोपकार ही हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य होना चाहिए। जब भी आपके सामने ऐसी स्थिति आए तो डरे नहीं बल्कि आगे बढ़कर मदद करें। आपकी सजगता किसी परिवार का विश्वास टूटने से बचा सकती है और किसी इंसान को नया जीवन दे सकती है।

## एक बीघा में सेब के पौधे लगाने के लिए बागवानों को आठ लाख तक का दिया जाएगा कर्ज

शिमला, 28 फरवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में उच्च सघनता सेब बागवानी को बढ़ावा देने के लिए किसानों को बड़ी राहत दी जा रही है। योजना में एक बीघा भूमि पर आठ लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि बागवान आधुनिक तकनीक अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। उच्च सघनता पद्धति में पारंपरिक बगीचों की तुलना में अधिक संख्या में पौधे लगाए जाते हैं और वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाया जाता है। इससे कम समय में बेहतर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन संभव होता है। शुरुआती वर्षों में निवेश अधिक होने के कारण किसानों को ऋण पर अनुग्रह अवधि यानी मोरटोरियम की सुविधा भी दी जा रही है। इस संबंध में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सहकारी बैंक के माध्यम से एक बीघा में आठ लाख तक का कर्ज दिलाया जा रहा है और इसमें तीन साल तक मोरटोरियम की सुविधा भी दी जा रही है, यानी तीन साल तक किसानों को कर्ज की अदायगी नहीं करनी है।

## मौलवी की हिंदू भक्तों के लिए खास अपील, मस्जिदें और घरों को खोलें

तिरुवनंतपुरम, 28 फरवरी (एजेंसियां)। केरल के पलियम इमाम वीपी सुहैब मौलवी की एक ऐसी अपील सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसने सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारे का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने आगामी अट्टुकल पोंगाला उत्सव के अवसर पर हिंदू श्रद्धालुओं के लिए मस्जिदों और मुस्लिम घरों को खोलने का आह्वान किया है। इस पहल को कई नेटिज़न्स असली केरल की कहानी के रूप में सराहा रहे हैं। दरअसल, केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित अट्टुकल भगवती मंदिर में मनाया जाने वाला अट्टुकल पोंगल प्रसिद्ध 10 दिवसीय उत्सव है।

अट्टुकल पोंगल, जो इस वर्ष 3 मार्च को पड़ रहा है दुनियाभर में महिलाओं के सबसे बड़े आयोजनों में से एक माना जाता है। इस उत्सव में विभिन्न आयु वर्ग की लाखों महिलाएं राजधानी शहर में इकट्ठा होती हैं और अनुष्ठानों में भाग लेती हैं। इससे पहले पालयाम इमाम की ओर से एकजुटता और आतिथ्य सत्कार की अपील करने वाले एक भाषण ने ऑनलाइन व्यापक रूप से ध्यान आकर्षित किया है। इमाम ने आग्रह किया कि त्योहार के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मस्जिदें और घर खोले जाएं और पोंगल के दिन उनके लिए भोजन और पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। पालयाम के इमाम डॉ। सुहैब मौलवी ने अपने संदेश में कहा, 'अट्टुकल पोंगाला बस कुछ ही दिनों में आने वाला है। चूंकि यह एक अलग धर्म से जुड़ा है, इसलिए हम इसके रीति-रिवाजों और समारोहों में भाग नहीं लेते हैं। हालांकि, कई बहनें और बच्चे अतिथि के रूप में तिरुवनंतपुरम आएंगे।

हमें उनका सर्वोत्तम स्वागत करने का प्रयास करना चाहिए।' इमाम ने आगे कहा कि पिछले साल की तरह इस साल भी पोंगाला रमजान के दौरान ही हो रहा है। हमें पोंगाला में आने वाली बहनों और उनके बच्चों के साथ रमजान के बेहतरीन अनुभवों, उसकी खुशी, भाईचारे और प्यार को साझा करने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें उन्हें पीने का पानी और रमजान के पकवान उपलब्ध कराने चाहिए। हमें उनके आराम के लिए व्यवस्था करनी चाहिए।

## एक ही दिन में लड़की के साथ दो बार दुष्कर्म के बाद हत्या, प्रेमी ने दिया धोखा, मददगार बना हैवान

भुवनेश्वर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 23 वर्षीय युवती के साथ एक ही दिन में दो अलग-अलग जगहों पर दुष्कर्म किया गया और बाद में उसे चार मंजिला इमारत से नीचे फेंक दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और अपहरण, दुष्कर्म व हत्या सहित बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना 22 फरवरी की है। 22 फरवरी की सुबह लगभग 10 बजे युवती अपने प्रेमी सोमनाथ ओझा के साथ घर से भागकर शादी करने की योजना बनाकर निकली थी।

प्रेमी सोमनाथ ने उसे शादी का झांसा देकर जगतसिंहपुर के सरला मंदिर बुलाया था। युवती जब वहां पहुंची, तो शादी करने के बजाय आरोपी प्रेमी उसे एक सुनसान जगह पर ले गया।

वहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में उसे रहमा बस स्टैंड पर छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद युवती रहमा बस स्टैंड पर काफी देर तक अकेली और परेशान हालत में खड़ी रही।

इसी दौरान एक बाइक सवार युवक, जिसकी पहचान झारखंड के धनबाद के रहने वाले शुभम कुमार सिंह के रूप में हुई है,वहां पहुंचा।

उसने युवती को अकेला देखकर मदद की पेशकश की। पुलिस के अनुसार, उसने भरोसा दिलाया कि वह उसे सुरक्षित जगह पहुंचा देगा।

इसके बाद वह उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर पारादीप में स्थित अपने किराए के मकान पर ले गया। पुलिस अधीक्षक अंकित कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी युवक ने युवती को अपने किराए के मकान की छत पर ले जाकर उसके साथ दोबारा दुष्कर्म किया।

इसके बाद, सबूत मिटाने और अपराध छिपाने की नीयत से उसने युवती को चार मंजिला इमारत की छत से नीचे धक्का दे दिया। गिरने से युवती की मौके पर ही मौत हो गई। अगली सुबह उसका शव बरामद हुआ।

## आतंकी सैयद सलाहुद्दीन पर एक्शन

### श्रीनगर कोर्ट ने हिजबुल प्रमुख समेत 4 कमांडरों के खिलाफ जारी किया वारंट

जम्मू, 28 फरवरी (एजेंसियां)। तीन दशक पुराने मामले में श्रीनगर की एक सत्र अदालत ने आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के स्वयंभू प्रमुख मोहम्मद युसूफ शाह उर्फ सैयद सलाहुद्दीन समेत चार आतंकी कमांडरों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए हैं। आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने व कानून के शासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के तहत, 'काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर' (सीआइके) को हिजबुल के चार आतंकियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट मिले हैं।

यह वारंट अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीनगर जो एनआईए अधिनियम के तहत नामित विशेष न्यायाधीश हैं, उनकी अदालत द्वारा अभियोजन पक्ष और जांच अधिकारी की दलीलें सुनने तथा मामले के रिकार्ड का अध्ययन



करने के बाद जारी किए गए। एक अधिकारी ने बताया कि फरार आरोपित सलाहुद्दीन तथाकथित यूनाइटेड जिहाद काउंसिल (यूजेसी) और प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का प्रमुख है। वह कश्मीर के विभिन्न थानों में दर्ज कई आतंकी मामलों में वांछित है। अन्य आरोपितों में गुलाम नबी खान उर्फ आमिर खान, शेर मोहम्मद उर्फ बहादुर उर्फ रियाज और नासिर यूसुफ कादरी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपित कादरी कथित रूप से आतंकी नैरेटिव तंत्र के लिए काम कर रहा है। यह मामला पांच अप्रैल 1996 का है, जब सीआइके श्रीनगर को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि पाकिस्तान में बैठे आतंकी हैंडलर और खुफिया एजेंसियां कश्मीरी युवाओं को गुलाम कश्मीर में आतंकी प्रशिक्षण लेने के लिए बरगला रही हैं ताकि भारत के खिलाफ युद्ध जैसी गतिविधियां चलाई जा सकें।

जांच के दौरान पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य एकत्र किए जिनसे हिजबुल से जुड़े आरोपितों की कट्टरपंथीकरण, भर्ती और आतंकी अभियानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसी अवैध और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में प्रथमदृष्टया संलिप्तता स्थापित हुई। सीआइके द्वारा लगातार प्रयासों के बावजूद सभी आरोपित अब तक फरार हैं।

## सुसाइड नोट लिख युवती ने कर ली आत्महत्या



अंबरनाथ, 28 फरवरी (एजेंसियां)। पुलिस भर्ती में लगातार फेल होने पर 26 साल की एक लड़की के आत्महत्या करने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यह घटना अंबरनाथ वेस्ट के स्वामीनगर इलाके में हुई। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर सैयद शब्बीर ने बताया है कि पुलिस ने इस मामले में अंबरनाथ वेस्ट पुलिस स्टेशन में एक्सीडेंटल डेथ का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लड़की का नाम प्रतीक्षा राणे (26 वर्ष) है। चौंकाने वाली बात यह है कि आत्महत्या करने से पहले उसने सुसाइड नोट में लिखा, माता-पिता, मुझे माफ़ कर देना, नौकरी न मिलने पर आप मुझे जो ज़िंदगी देना चाहते थे, मैं वो नहीं दे पाई। उसके आत्महत्या करने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

पुलिस के मुताबिक, मृतक प्रतीक्षा अपने परिवार के साथ अंबरनाथ वेस्ट के स्वामीनगर इलाके में रहती थी। मृतक प्रतीक्षा राणे पिछले कुछ सालों से पुलिस भर्ती के लिए प्रैक्टिस कर रही थी। उसका सपना था कि वह पुलिस डिपार्टमेंट में काम करके अपने माता-पिता को खुश करे।

लेकिन, हर बार पुलिस भर्ती में फेल होने के बाद, उसने इस डिप्रेशन से बाहर निकलने के लिए एक बड़ा कदम उठाया और 26 फरवरी को आधी रात के करीब आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची, पंचनामा किया और बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए उल्हासनगर शहर के सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल भेज दिया। अंबरनाथ पश्चिम पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर सैयद शब्बीर ने कहा कि राणे कई सालों से पुलिस फोर्स के लिए कड़ी मेहनत से तैयारी कर रही थी। वह अपने माता-पिता को बेहतर ज़िंदगी देने के लिए डिपार्टमेंट में शामिल होने का गहरा सपना देखती थी। सफल नहीं होने पर वह डिप्रेशन में चली गई थी।

## बॉम्बे हाईकोर्ट: आईआईएमसी के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक पर लगा एससी-एसटी केस खारिज, हाईकोर्ट ने रद्द की कार्यवाही

नागपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) में प्रोफेसर और पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ अनिल कुमार सौमित्र को बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी एसटी) कानून के तहत दर्ज आपराधिक केस को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला दफ्तर के कामकाज और अनुशासन से जुड़ा है न कि जाति के आधार पर अपमान का। न्यायमूर्ति प्रवीण एस पाटील ने अपने आदेश में कहा कि कानून कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है लेकिन हर दफ्तर के विवाद या प्रशासनिक फैसले में इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

जब तक यह साफ न हो जाए कि किसी व्यक्ति को जानबूझकर उसकी जाति के कारण सबके सामने अपमानित किया



गया है, तब तक इसे कानून के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। मामला आईआईएमसी के अमरावती (महाराष्ट्र) क्षेत्रीय केंद्र से जुड़ा है जहां डॉ। सौमित्र क्षेत्रीय निदेशक के पद पर तैनात थे। शिकायतकर्ता संस्थान में संविदा पर सहायक व्याख्याता के रूप में काम करता था। उसका आरोप था कि डॉ। सौमित्र ने उसे बार-बार अपमानित और मानसिक रूप से परेशान किया क्योंकि वह अनुसूचित जाति से है। इन आरोपों के आधार पर फरवरी 2022 में (एससी-एसटी) की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की गई। डॉ। सौमित्र ने हाईकोर्ट में कहा कि शिकायतकर्ता कामकाज में लापरवाही बरत रहा था और उसे कई बार सुधार के मौके दिए गए। सुधार न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उनका कहना था कि शिकायतकर्ता से जो भी बातचीत हुई,

वह पूरी तरह दफ्तर से जुड़ी थी और किसी भी स्तर पर जाति को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की गई। हाईकोर्ट ने गवाहों के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी ने यह नहीं बताया कि शिकायतकर्ता को उसकी जाति के नाम पर अपमानित किया गया। शुरुआती जांच में खुद शिकायतकर्ता ने माना था कि उसके साथ जाति के आधार पर कोई टिप्पणी नहीं की गई। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने एफआईआर, चार्जशीट और सेशन कोर्ट में चल रही पूरी कार्यवाही को खारिज कर दिया।

## एकतरफा प्यार में पागल युवक की हरकतों ने ली पति-पत्नी की जान, सुसाइड नोट से खुलासा

सोलापुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सोलापुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एकतरफा प्रेम और लगातार मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर एक दंपति ने आत्महत्या कर ली. मृतकों की पहचान सोमनाथ पाटिल और उनकी पत्नी श्रीदेवी पाटिल के रूप में हुई है. इस मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कोरे को गिरफ्तार कर लिया है. यह घटना सुबह सोलापुर के कलावती नगर इलाके में सामने आई, जब पति-पत्नी के शव उनके घर में पाए गए. दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे शुरुआत में यह संदेह हुआ कि यह आत्महत्या है या हत्या. घर में मौजूद उनकी दो बेटियों ने जब देखा कि माता-पिता सुबह काफी देर तक नहीं उठे, तो उन्होंने अपने चाचा को फोन कर इसकी जानकारी दी. इसके बाद परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और दोनों को तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अंधेरी होटल में अंतरराष्ट्रीय सेक्स रैकेट का भंडाफोड़



मुंबई, 28 फरवरी (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने मानव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंधेरी पूर्व के एक होटल में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। नौकरी का झांसा देकर भारत लाई गई युगांडा की दो विदेशी महिलाओं को जबरन देह व्यापार में धकेले जाने का आरोप है। पुलिस ने होटल के चार कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है, जबकि होटल मालिक और एक केन्याई महिला, जो इस रैकेट की मुख्य कड़ी बताई जा रही है, फरार हैं। मुंबई पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई सांताक्रूज पुलिस स्टेशन की एक महिला अधिकारी की शिकायत पर की गई। पुलिस को अंधेरी (पूर्व) के एके रोड स्थित होटल विला पैलेस में संदिग्ध गतिविधियों की गोपनीय सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में पता चला कि 30 और 36 साल की दोनों युगांडाई महिलाओं को रोजगार दिलाने के बहाने भारत लाया गया था।

बाद में उन्हें होटल में ही रखा गया और ग्राहकों के लिए मजबूर किया गया। पुलिस के अनुसार, केन्याई नागरिक जैस्मीन ने महिलाओं को मुंबई लाने, उनके ठहरने और ग्राहकों की व्यवस्था करने में अहम भूमिका निभाई। पीड़ित महिलाओं की आवाजाही पर भी सख्त पाबंदी थी। मामले की जांच में विदेशी नागरिकों से जुड़े नियमों के गंभीर उल्लंघन भी सामने आए। होटल प्रबंधन ने न तो विदेशी मेहमानों का सही रिकॉर्ड रखा और न ही अनिवार्य सी-फॉर्म जमा किया। महिलाओं का नाम होटल रजिस्टर में दर्ज न होना पुलिस को साजिश और सबूत छिपाने की ओर इशारा करता है। छापेमारी के दौरान होटल मैनेजर विवेककुमार वैद्यनाथ यादव (26) और हाउसकीपिंग स्टाफ के अनिल कुमार जोकू पुष्पाकर (24), धीरज मधुकर जावले (35) और महेश राजपाल राजवरिया (45) को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अब होटल मालिक अक्षय दिलीप शेडगे और फरार केन्याई महिला जैस्मिन की तलाश में जुटी है। होटल के सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए गए हैं और उनकी बारीकी से जांच की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला सिर्फ एक होटल तक सीमित नहीं हो सकता। अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी के बड़े नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है और जांच आगे बढ़ने के साथ और खुलासे व गिरफ्तारियां संभव हैं।

## उदय भानु चिब को मिली जमानत, एआई समिट प्रदर्शन मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने दी राहत



नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को एआई समिट प्रदर्शन मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की सात दिन की रिमांड की मांग को अपर्याप्त आधार बताते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट ने चिब को 50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दी है। जमानत में यह भी शर्त है कि चिब अपना पासपोर्ट और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कोर्ट में जमा करवाएंगे। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने देर रात कोर्ट में उदय भानु चिब की पुलिस कस्टडी रिमांड सात दिन बढ़ाने की मांग की थी। इसके साथ ही मामले के दो अन्य आरोपियों की रिमांड के लिए भी अलग अर्जी दायर की गई थी। बचाव पक्ष की ओर से जमानत अर्जी दाखिल किए जाने के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने उदय भानु चिब को राहत देते हुए जमानत मंजूर कर दी। कोर्ट ने आदेश में कहा कि क्राइम ब्रांच ने रिमांड बढ़ाने के लिए पर्याप्त कारण नहीं बताए। दिल्ली में हाल ही में एआई समिट का आयोजन हुआ था। इस आयोजन में दुनियाभर के नेता और बड़ी कंपनियों के मालिक शामिल हुए थे। कार्यक्रम भारत मंडपम, दिल्ली में आयोजित किया गया था। समिट के दौरान कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में जमकर हंगामा हुआ।

इसके बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई की और इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया। चिब की गिरफ्तारी मेमो में उन्हें भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड बताया गया था। इसके अलावा देश के अलग अलग हिस्सों से भी कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार किया गया। भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस और बीजेपी आमने सामने आ गई। बीजेपी ने इसे देश की छवि खराब करने की कोशिश बताया।

## बोत्सवाना से कूनो नेशनल पार्क लाए गए 9 चीते, स्पेशल विमान से पहुंचे; 48 हुई संख्या



भोपाल, 28 फरवरी (एजेंसियां)। कूनो नेशनल पार्क में शनिवार की सुबह इतिहास के एक और पन्ने पर चीते के पंजों के निशान दर्ज हो गए। बोत्सवाना से 12 घंटे की हवाई यात्रा के बाद 9 नए चीते भारत पहुंचे और हेलीकॉप्टर से कूनो लाकर सीधे क्वारंटीन बाड़ों में शिफ्ट कर दिए गए हैं। इसके साथ ही देश में चीतों की कुल संख्या 39 से बढ़कर 48 हो गई है। बोत्सवाना से भारत आए चीतों की नई खेप में 6 मादा और 3 नर चीते हैं। भारत आए चीतों की खेप की यह सबसे बड़ी ताकत है, क्योंकि अब तक कूनो नेशनल पार्क में नर चीतों का पलड़ा भारी था, लेकिन इस खेप ने संतुलन की तस्वीर बदल दी है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि इससे आने वाले महीनों में प्रजनन की रफ्तार तेज हो सकती है। चीतों के आने पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव खुद कूनो पहुंचे। भूपेंद्र यादव ने क्रेट का हैंडल घुमाकर दो चीतों को क्वारंटीन बाड़े में रिलीज किया। बाकी चीतों को वन विभाग की प्रशिक्षित टीम ने तय प्रोटोकॉल के तहत शिफ्ट किया।

कूनो में 12 महीने से अधिक उम्र के चीतों का गणित अब साफ तौर पर बदल गया है। वयस्क चीतों में पहली बार मादाओं की संख्या नर चीतों की तुलना में ज्यादा हो गई है। कूनो में पहले 26 वयस्क चीते थे, जिनमें 14 नर और 12 मादा थीं। अब 9 नए चीतों के जुड़ने से वयस्कों की संख्या 35 हो गई है, जिनमें 18 मादा और 17 नर चीते हो गए हैं। कूनो में अब मादाओं का पलड़ा थोड़ा आगे है। वन्यजीव विशेषज्ञ इसे बेहद अहम मान रहे हैं। उनका कहना है कि मादाओं की संख्या बढ़ने से क्षेत्रीय टकराव कम होगा और शावकों के जन्म की संभावना बढ़ेगी।

बोत्सवाना से आए सभी 9 चीतों को एक महीने तक क्वारंटीन बाड़ों में रखा जाएगा। इस दौरान उनकी सेहत, व्यवहार और अनुकूलन क्षमता पर लगातार नजर रहेगी। इसके बाद चीता स्टीयरिंग समिति तय करेगी कि किन चीतों को खुले जंगल में छोड़ा जाए और किन्हें निगरानी में रखा जाए। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, हर चीते को जंगल में उतारने से पहले उसके मूवमेंट, शिकार प्रवृत्ति और इंसानी दखल से दूरी जैसे पहलुओं की बारीकी से जांच की जाती है।

## दुबई, दोहा, रियाद... मिडिल-ईस्ट की सभी फ्लाइट्स रद्द, एयर इंडिया का बड़ा फैसला

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए एयर इंडिया ने सुरक्षा कारणों से मिडिल ईस्ट देशों के लिए अपनी सभी हवाई सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है. यह कदम सुरक्षा कारणों से उठाया गया है, क्योंकि इजरायल, ईरान, इराक जैसे देशों का एयरस्पेस बंद हो गया है.

एयर इंडिया ने जिन प्रमुख शहरों के लिए अपनी सेवाएं रद्द की हैं, उनमें शामिल हैंः यूएईः दुबई और अबू धाबी सऊदी अरबः रियाद, जेद्दा और दम्माम कतरः दोहा ओमानः मस्कट तेल अवीव जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट वापस लौटी एयर इंडिया की फ्लाइट एआई139 इजराइल में एयरस्पेस बंद होने की वजह से बीच रास्ते से ही भारत लौट रही है. यह फ्लाइट 28 फरवरी को दिल्ली से तेल अवीव के लिए रवाना हुई थी, लेकिन हालात के चलते इसे वापस मोड़ दिया गया.अमेरिका-ईरान तनाव को लेकर यूरोपीय देशों का अलर्ट जारी कुछ यूरोपीय देशों ने अपने नागरिकों से ईरान और मिडिल ईस्ट के कई दूसरे इलाकों में बढ़ते तनाव के कारण वहां से चले जाने या वहां की यात्रा से बचने की अपील की है.

ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने ईरान से अपने स्टाफ को कुछ समय के लिए वापस बुला लिया है और उसका दूतावास रिमोटली काम करता रहेगा और देश की किसी भी यात्रा के खिलाफ सलाह दी है.

फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने फ्रांसीसी नागरिकों के लिए इजरायल, यरुशलम और वेस्ट बैंक की यात्रा के खिलाफ एक सुरक्षा एडवाइजरी जारी की. इटली ने भी अपने नागरिकों से ईरान छोड़ने का आग्रह किया और पूरे मिडिल ईस्ट में बहुत सावधानी बरतने की सलाह दी. जर्मनी ने पूरे इजरायल की यात्रा को रोकने के लिए अपनी ट्रैवल गाइडेंस को अपडेट किया.

# ईरान पर हमले के बाद रूस का तीखा बयान

## कहा- अमेरिका ने अपना असली रंग दिखा दिया

मॉस्को, 28 फरवरी (एजेंसियां)। इजरायल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान पर सुबह आठ बजे से रॉकेट दागे। इजरायल ने ईरान के छह शहरों को निशाना बनाते हुए सुप्रीम नेता खामेनेई, राष्ट्रपति और ईरानी मंत्रियों के दफ्तरों को निशाना बनाया। इसके बाद अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बयान जारी करते हुए साफ कहा कि यह हमले अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर किए हैं। इसी के साथ कहा कि ईरान कभी परमाणु शक्ति वाला देश नहीं बन सकता है। अब ईरान पर हुए हमले को लेकर रूस की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है।



**न्यूक्लियर बातचीत सिर्फ दिखावाः रूस**

रूसी अधिकारी का कहना है कि ईरान पर हमला करके अमेरिका ने अपना 'असली रंग' दिखाया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी सहयोगी दिमित्री मेदवेदेव, जो रूसी संघ की सुरक्षा परिषद के वर्तमान डिप्टी चेयरमैन हैं, उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह सैन्य अभियान से पहले ईरान के साथ न्यूक्लियर बातचीत को सिर्फ दिखावे के लिए इस्तेमाल कर रहा था।

मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर कहा कि शांति कायम करने वाले ने एक बार फिर अपना असली रंग दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ सभी बातचीत एक कवर ऑपरेशन है। इस पर किसी को शक नहीं था। कोई भी सच में किसी भी बात पर सहमत नहीं होना चाहता था।

**'हथियार डालें या मौत का सामना करें', ईरान को ट्रंप ने दी धमकी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य हमले की पुष्टि की है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल विकास को लेकर ट्रंप की इस कड़ी चेतावनी दी। संयुक्त सैन्य हमले के बाद ट्रंप ने ईरान से साफ शब्दों में कहा है कि वह 'अपने हथियार डाल दे या फिर निश्चित मौत का सामना करे'।

यह बड़ी सैन्य कार्रवाई मुख्य रूप से ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम को फिर से शुरू करने और मिसाइल विकसित करने से रोकने के लिए की गई है।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान कभी परमाणु शक्ति नहीं बन सकता है। हम ईरान की नौसेना को खत्म करने जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अंदर ऑपरेशन शुरू किए हैं। उन्होंने बताया कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा था। ऐसे में ईरान से अमेरिका और दूसरों को खतरा है। हम ईरान की मिसाइलों को तबाह कर देंगे।

**30 जगहों पर ताबड़तोड़ हमले**

इजरायल ने शनिवार को सुबह-सुबह ही ईरान पर हमला कर दिया। तेहरान सहित छह शहरों को निशाना बनाया गया है, जिसमें सैन्य ठिकानों, मंत्रियों के कार्यालयों पर रॉकेट दागे। इसी के साथ इजरायल ने हवाई सीमा को पूरी तरह से बंद कर दिया। साथ ही अपने नागरिकों को बंकरों में शिफ्ट कर दिया। वहीं ईरान ने भी पलटवार करते हुए जबावी हमला किया, जिसमें इजरायल के अलावा कई देशों पर अमेरिकी सैन्य अड्डे पर बम बरसाए।

## 33 लाख का गांजा पकड़ाया, तस्कर गिरफ्तार

**ओडिशा से बिहार ले जा रहे थे 67 किलो गांजा, बोरी में छिपाकर रखे थे, पुलिस ने घेरकर पकड़ा**

जशपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। जशपुर पुलिस ने कार से 67 किलो 135 ग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपी के कब्जे से तस्करी में इस्तेमाल की गई कार (क्रमांक DL-8C-AX-8014) और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 33 लाख 55 हजार रुपए है।

जब्त की गई कुल सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपए आंकी गई है, जिसमें कार की कीमत लगभग 6 लाख 50 हजार रुपए है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। यह मामला तपकरा थाना क्षेत्र के लावाकेरा बैरियर का है।

जानकारी के अनुसार, 26 फरवरी 2026 को तपकरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि ओडिशा से एक संदिग्ध व्यक्ति भारी मात्रा में गांजा लेकर लावाकेरा होते हुए तपकरा मार्ग से बिहार की ओर जा रहा है।

# दूसरी शादी के लिए पहले पति से तलाक जरूरी

बिलासपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। दूसरी शादी करने के लिए पहले पति से तलाक लेना जरूरी है। पहली शादी के कानूनी रूप से अस्तित्व में रहते हुए दूसरी शादी करना, फिर दूसरे पति से गुजारा भत्ता की मांग करना उचित नहीं है।'

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गुजारा भत्ते की मांग करते हुए लगाई गई महिला की अर्जी खारिज कर दी है।



दुर्ग-भिलाई की रहने वाली महिला ने फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन लगाया था। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने यह टिप्पणी की है।

दरअसल, भिलाई की रहने वाली महिला ने अपने दूसरे पति के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अर्जी लगाई थी। महिला का दावा था कि, 10 जुलाई 2020 को आर्य समाज मंदिर में उनकी शादी हुई थी।

महिला ने आरोप लगाया कि, शादी के कुछ समय बाद पति ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मारपीट कर घर से निकाल दिया।

महिला ने पति की हर महीने 5 लाख रुपए इनकम बताते हुए हर महीने 1 लाख रुपए गुजारा भत्ते की मांग की थी।

सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि, महिला की पहले शादी हो चुकी है। पहला का पति अभी जीवित है। महिला ने अपने पहले पति से कानूनी रूप से तलाक लिए बिना ही दूसरी शादी कर ली थी। प्रति परीक्षण में महिला ने खुद स्वीकार किया कि पहली शादी से उसके दो बेटे भी हैं। दोनों बालिग हैं और उसके साथ ही रहते हैं।

फैमिली कोर्ट ने पाया कि, महिला ने खुद को अविवाहित बताकर दूसरी शादी की रस्म निभाई थी, जबकि पहली शादी में तलाक नहीं हुआ था। फैमिली कोर्ट ने पाया कि महिला पूर्व में आशा वर्कर के रूप में काम कर चुकी है।

वह शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ है। यानी वह अपना गुजारा करने में सक्षम है।

महिला ने फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि, दुर्ग फैमिली कोर्ट के 20 जनवरी 2026 के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। इस आधार पर महिला की अपील खारिज कर दी गई।

# बोलिविया में करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 15 की मौत

## 30 घायल, खराब मौसम के कारण रनवे से फिसला, हाईवे पर बिखरे नोट उठाने जुटे लोग



ला पाज, 28 फरवरी (एजेंसियां)। बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गईं। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आईं। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए। हादसे के बाद एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

**दो टुकड़ों में बंटा प्लेन**

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में हादसे के बाद अफरातफरी का माहौल दिखा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों को पानी की बौछार और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। हालांकि, इन वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

हादसे के बाद एल आल्टो इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। राष्ट्रीय एयरलाइन ने बयान जारी कर बताया कि दुर्घटनाग्रस्त प्लेन उसके बेड़े का हिस्सा नहीं था, यह बोलिवियन एयर फोर्स का विमान था। स्थानीय मीडिया में प्रसारित फुटेज में विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखा। हादसे के बाद प्लेन दो टुकड़ों में बंट गया।

बोलिविया का सेंट्रल बैंक आज इस घटना पर प्रेस ब्रीफिंग करने वाला है। हादसे के कारणों की आधिकारिक जांच शुरू कर दी गई है।

घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में जारी है। प्रशासन ने मृतकों की पहचान और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

## ठेका मजदूरों का उग्र प्रदर्शन

चाईबासा, 28 फरवरी (एजेंसियां)। चाईबासा के गुवा क्षेत्र में शुक्रवार को ठेका मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। झारखंड मजदूर संघर्ष संघ यूनियन के बैनर तले बड़ी संख्या में मजदूर सेल जनरल ऑफिस के सामने जुटे और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार तथा गुवा सेल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार अमन का पुतला दहन किया गया। यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो रात्रि पाली में खदान क्षेत्र जाने वाली बसों को रोक दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कोलकाता स्थित सेल गेस्ट हाउस में ठेका श्रमिकों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा बंद कर दी गई है, जिसे तत्काल बहाल किया जाना चाहिए।

# हक्कानी नेटवर्क ने दिया धोखा, भूला अहसान

## तालिबान मंत्री की धमकी के बाद बौखलाए पाकिस्तानी रक्षामंत्री

इस्लामाबाद, 28 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान तालिबान के हक्कानी नेटवर्क पर धोखा देने का आरोप लगाया है। आसिफ ने शनिवार को कहा कि हक्कानी नेटवर्क को पाकिस्तान से दशकों तक सपोर्ट मिलती रही लेकिन अब ये नेटवर्क अफगान इलाकों में पाकिस्तान विरोधी गुटों को पनाह दे रहा है। आसिफ का बयान ऐसे समय आया है, जब तालिबान सरकार में गृहमंत्री हक्कानी गुट के सिराजदुद्दीन हक्कानी ने पाकिस्तान को हमले ना करने के लिए चेताया है।



आसिफ ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि साल 1979 में अफगानिस्तान में सोवियत यूनियन के हमले के बाद रू हुए युद्ध के दौरान अफगान लड़ाकों को पाकिस्तान ने मदद की। पाकिस्तान अफगान रेजिस्टेंस लीडर्स के साथ पूरे दिल से खड़ा रहा और लाखों अफगानिसियों को शरण दी। हमने अफगानियों को अपना मानकर उनका साथ दिया।

ख्वाजा आसिफ ने आगे कहा, 1979 की लड़ाई के बाद से अफगानिस्तान के लाखों लोग पाकिस्तान की जमान पर हैं। हमने उनको मेहमान की तरह माना।

आसिफ ने हक्कानी नेताओं को यह साफ करने की चुनौती दी कि पाकिस्तान ने उनको सपोर्ट दिया था या नहीं। हक्कानी नेटवर्क के लोग दुनिया को सच बताएं।

आसिफ ने मौजूदा हक्कानी नेताओं से अपनी विरासत को बनाए रखते हुए पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच आपसी दखल ना देने की अपील की। उन्होंने लिखा, 'हम आपसे कुछ नहीं मांगते। बस हर तरह से हमारे दुश्मनों को अपने घर में बसाओ। उनके साथ मिलकर हमारे खिलाफ दुश्मन का रोल मत निभाओ।'

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का बयान पाकिस्तानी सेना और अफगानिस्तान सुरक्षा बलों के बीच बढ़ती झड़पों के बीच आया है। बीते कुछ दिनों से बॉर्डर पर भारी फायरिंग देखी जा रही है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमले भी किए हैं। इन हमलों में 200 से ज्यादा लोगों की मौत होने का दावा किया जा रहा है।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार में गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है। शुक्रवार को खोस्त प्रांत में हक्कानी ने कहा कि पाकिस्तान हमले करने से बाज आए।

पाकिस्तान समझ ले कि अगर उसके खिलाफ बगावत का ऐलान कर दिया गया तो नतीजे गंभीर होंगे। हम बताना चाहते हैं कि तालिबान के लोग अफगानिस्तान की रक्षा में सबसे आगे रहेंगे।

# इंतजार करने का वक्त नहीं है, ईरान में फंसे भारतीय छात्रों ने मांगी मदद

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान पर इजरायल और अमेरिका ने मिलकर हमला बोल दिया है। ईरान के कई इलाकों में लगातार धमाके हो रहे हैं। ईरान में भारतीय दूतावास ने शनिवार को अपने नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी करते हुए उनसे अत्यधिक सावधानी बरतने और जहां तक संभव हो घर के अंदर रहने की अपील की है। यह एडवाइजरी बढ़ते तनाव के बीच जारी किया गया है। वहीं हमले के बीच ईरान में फंसे भारतीय छात्रों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।



भारतीय छात्रों ने वीडियो जारी कर मदद की अपील की है। छात्रों का कहना है कि हमें नहीं पता अगले वक्त क्या होने वाला है। इन छात्रों का कहना है कि हम बता भी नहीं सकते कि यहां क्या हो रहा है। लगातार हवाई हमले हो रहे हैं। इन छात्रों ने भारत सरकार और विदेश मंत्रालय से जल्द से जल्द उन्हें यहां से सुरक्षित निकालने की अपील की है। ईरान में भारतीय दूतावास ने X पर एक पोस्ट में कहा, बदलते घटनाक्रम को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और जहां तक संभव हो घर के अंदर रहने की सलाह दी जाती है। दूतावास ने कहा कि सभी भारतीय नागरिक खबरों पर नजर बनाए रखें, आसपास की स्थिति के प्रति जागरूक रहें और भारतीय दूतावास से मिलने वाले आगे के निर्देशों का इंतजार करें।

हमले से पूर्व वहां के हालात और तनाव को देखते हुए भारत ने सोमवार 23 फरवरी को ही ईरान में रहने वाले अपने सभी नागरिकों को सलाह दी कि वे सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए कमर्शियल उड़ानों सहित परिवहन के सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करके देश छोड़ दें। जनवरी में आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, छात्रों सहित 10,000 से अधिक भारतीय ईरान में रह रहे थे। भारत की इस एडवाइजरी के बीच सबसे अधिक मुसीबत वहां मेडिकल की पढ़ाई करने गए छात्रों की बढ़ गई। इन छात्रों का कहना था कोर्स से जुड़ी एक परीक्षा होने वाली है, जो उनके लिए बेहद जरूरी है। भारतीय छात्रों ने बताया था परीक्षा 5 मार्च को होनी है, जिसकी वजह से वे अभी भी ईरान में रुके हुए हैं। इसे पास करने पर ही उन्हें अस्पताल में प्रैक्टिस की इजाजत मिलेगी।

# राहुल गांधी की पंजाब कांग्रेस को चेतावनी

## बोले- टीम प्लेयर बनो, वरना मैं ठीक कर दूंगा, पार्टी से बड़ा कोई नहीं

बरनाला, 28 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के बरनाला में शनिवार को कांग्रेस की मजदूर महारैली हुई। इसमें राहुल गांधी ने पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर नेताओं को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी को मैसेज देना चाहता हूं कि काम टीम वर्क से होता है। एक प्लेयर गेम नहीं जीत सकता है। हमारे पास पूरी टीम बैठी है। मैं मैसेज देना चाहता हूं कि टीम प्लेयर बनो। वरना रिजर्व में बैठा देंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि चाहे आप कितने भी बढ़े हो, पार्टी से बड़ा कोई नहीं है। आप टीम प्लेयर बनो। नहीं बने तो मैं और खड़गे आपको ठीक कर देंगे। यहां सारे सीनियर नेता बैठे हैं। मैं इनको बताना चाहता हूं कि हमारी सच्ची शक्ति हमारे कार्यकर्ता हैं। जो भी होगा पंजाब में इनकी रिस्पेक्ट से होगा।

उन्होंने कहा कि 4 महीने से अमेरिका-भारत डील रुकी थी।



संसद में जब मेरा भाषण चल रहा था तो उसे रोका जा रहा था। उसी शाम प्रधानमंत्री का फोन ट्रंप को जाता है। यह मैंने नहीं कहा है। इस बात को लेकर ट्रंप ने ट्वीट किया है। पीएम ने ट्रंप को फोन किया। लेकिन किसी मंत्री को नहीं पूछा और कह दिया कि मैं डील के लिए तैयार हूं।

उन्होंने कहा कि डील में सोयाबीन दाल, अखरोट, बादाम यह सारा अमेरिका को दे दिया है। हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा के किसान बर्बाद होने जा रहे हैं। मोदी ने दरवाजा खोल दिया। अमेरिका का सामान आ रहा है। ट्रंप ने PM मोदी का गला पकड़ लिया है। सिर झुका दिया है।

मोदी भी डील नहीं चाहते थे। चार महीने से वह रोकने की कोशिश कर रहे थे। हम ब्यूरोक्रेटस से पूछते थे कि कृषि क्षेत्र तो नहीं खोल रहे हैं। वह जवाब देते थे कि नहीं खोल रहे हैं। लेकिन अब सवाल उठता है कि जो काम चार महीने में नहीं किया वह मोदी ने 15 मिनट में कैसे कर दिया।

इससे पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि पंजाब की धरती पर किसान और मजदूरों की महारैली हो रही है। यहां बातें किसानों के पक्ष में होंगी। जैसे आप तीन कृषि कानूनों के खिलाफ लड़े थे। वैसे ही आप केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि आप को 2 मोर्चों पर बड़ी लड़ाई लड़नी है। एक तरफ मोदी सरकार तो दूसरी तरफ पंजाब सरकार से लड़ना है। कांग्रेस सरकार ने जल, जंगल, जमीन बचाने के लिए कई कानून लाई, लेकिन आज मोदी सरकार एक-एक करके सबकुछ बेच रही है। नरेंद्र मोदी तो सरेंडर मोदी हैं।

खड़गे ने कहा कि यह ट्रंप के सामने सरेंडर कर रहे हैं। वहां सिर झुका रहे हैं। नाक रगड़ रहे हैं। जो ट्रंप कहता है वह करते हैं। यह देश को बेचने का काम कर रहे हैं। अपने देश को गुलामी में रखने का काम कर रहे हैं। उनकी बी टीम भी उनका साथ दे रही है।

जालंधर से सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा केजरीवाल जैसे काले अंग्रेज पंजाब को लूटने आए थे, आज वह लूटकर लेकर जा रहे हैं। आज पंजाब के लोग आपकी तरफ देख रहे हैं। आपने एमएसपी की लीगल गारंटी, मनरेगा की बात कही है।

# युवक का शव कोयल नदी में मिला

पलामू, 28 फरवरी (एजेंसियां)। पलामू के चैनपुर में एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। उसका निर्वस्त्र शव चैनपुर थाना क्षेत्र के चेड़ाबार-सिंगरा मुख्य मार्ग पर चेड़ाबार गांव के पास कोयल नदी से बरामद किया गया। युवक अपनी पत्नी को इंटर की परीक्षा दिलाने के बाद ससुराल आया था।

ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर को शव देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान नावाबाजार थाना क्षेत्र के करचा गांव निवासी कृष्णा सिंह के 24 वर्षीय पुत्र योगेंद्र सिंह के रूप में हुई है। योगेंद्र सिंह का ससुराल चैनपुर के चेड़ाबार में है। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी और उसका एक बच्चा भी है।

परिजनों के अनुसार, योगेंद्र शुक्रवार को अपनी पत्नी और बच्चे के साथ ससुराल आया था, ताकि उसकी पत्नी परीक्षा दे सके। वह शुक्रवार रात को घर से बाहर गया था और वापस नहीं लौटा।

# पति से तंग आकर पत्नी का खौफनाक कदम

बांदा, 28 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बांदा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां ससुरालीजनों के विवाद से आहत एक युवती ने अपनी ही पांच वर्षीय बेटी को यमुना नदी में फेंक दिया। बाद में खुद भी नदी में कूदकर जान देने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद राहगीरों की सतर्कता से महिला की जान बचा ली गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने तत्काल एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से बच्ची की तलाश शुरू करवा दी है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक बच्ची का कोई पता नहीं चल सका है।

जानकारी के अनुसार, मर्का थाना क्षेत्र के उसरा गांव निवासी बृजराज की बेटी रूबीना (25) का विवाह मर्का थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी राजू यादव के साथ हुआ था। वैवाहिक जीवन में विवाद के चलते वह पिछले करीब पांच वर्षों से अपने मायके में रह रही थी। उसके एक बेटा और एक बेटी हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद गुस्से में आकर युवती अपनी बेटी को लेकर घर से निकल गई। यमुना पुल से उसे नदी में फेंक दिया। इसके बाद उसने खुद भी छलांग लगाने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। आत्महत्या करने से रोक दिया।

# ट्रेलर से टकराई स्लीपर बस, 6 की मौत

बालोतरा, 28 फरवरी (एजेंसियां)। बालोतरा जिले के सरवड़ी गांव में नेशनल हाईवे-25 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। स्लीपर बस ओवरटेक के दौरान सामने से आए ट्रेलर से टकरा गई।

हादसे में 6 लोगों की मौक पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में ज्यादातर सवारियां जालोर और सांचौर की थी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का ड्राइवर साइड की तरफ का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में से शव लटके नजर आए। 3 और 6 साल के दो सगे भाइयों के सिर धड़ से अलग हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

हादसे में सांचौर निवासी अनुषा (22) पुत्री भगवाना राम दाता और जोधपुर में वाणिज्य कर विभाग में एलडीसी के पद पर तैनात नरपत (30) पुत्र सदराम की भी मौत हो गई। दोनों होली की छुट्टी पर गांव आ रहे थे।

सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां से 8 घायलों को जोधपुर रेफर कर दिया गया। शवों को बालोतरा के नाहटा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया।

**ओवरटेक करते समय सामने से आए ट्रेलर से टकराई बस**

बालोतरा एसडीएम अशोक कुमार ने बताया- हादसा शाम 4 बजे का है। बस जोधपुर से सांचौर की ओर जा रही थी, जबकि ट्रेलर जोधपुर की ओर आ रहा था। बस ड्राइवर आगे चल रही 2 गाड़ियों को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर से ड्राइवर साइड का हिस्सा टकरा गया।

हादसे में जान गंवाने वाले 5 लोगों की पहचान नरपत (50) निवासी चितलवाना (जालोर), नगाराम (38) निवासी सायला (जालोर), अनुषा (22) निवासी दांता (जालोर), शिवराज (3) और युवराज (6) पुत्र धारूराम निवासी बागोड़ा (जालोर) के रूप में हुई है। शिवराज और युवराज सगे भाई थे।

# होलिका दहन के लिए मिलेगा सिर्फ 12 मिनट का समय, 2 मार्च को होलिका दहन




**फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 2 मार्च 2026 को शाम 5:56 बजे शुरू होकर 3 मार्च 2026 को शाम 5:07 बजे तक समाप्त होगी। प्रदोषकाल में पूर्णिमा होने से दिनांक 02 मार्च 2026 (सोमवार) को ही होलिका दहन होगा। इस दिन भद्रा सायं 05:56 से अन्तरात्रि 05:28 तक भूमिलोक (नैऋत्यकोण अशुभ) की रहेगी, जो कि सर्वथा त्याज्य है।**

इस वर्ष होली पर्व पर भद्रा और खग्रास चंद्र ग्रहण का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसको लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है। 2 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा, जबकि अगले दिन 3 मार्च को धुलंडी के दिन खग्रास चंद्र ग्रहण रहेगा। ग्रहण से 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाएगा, जिसमें शुभ कार्य और मंदिर दर्शन वर्जित माने जाते हैं। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि होली का त्योहार 2 व 3 मार्च को मनाया जाएगा। पहले दिन यानी सोमवार 2 मार्च को होलिका दहन होगा, जबकि मंगलवार यानी 3 मार्च को धुलंडी पर रंग खेला जाएगा। हालांकि इस बार होलिका दहन का समय 2 मार्च की शाम और अर्द्ध रात्रि में किया जाएगा, जिसमें भी 2 मार्च की शाम को सिर्फ 12 मिनट का ही समय मिलेगा, जबकि अर्द्ध रात्रि में 1 घंटे 10 मिनट का समय होलिका दहन के लिए मिल रहा है। खास बात यह भी है कि इस बार होली के दिन चंद्र ग्रहण भी रहेगा।

2 मार्च को शाम 5:56 बजे भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च सुबह 5:28 बजे तक रहेगा। इस वर्ष भद्रा भूलोक में और सिंह राशि में मानी जा रही है, इसलिए प्रदोष काल में होलिका पूजन और दहन शास्त्रसम्मत और श्रेष्ठ रहेगा। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका पूजन का विशेष महत्व होता है। भद्रा काल में दान-पुण्य भी किया जा सकता है।

इस बार होली चंद्र ग्रहण के साये में मनाई जाएगी। 3 मार्च को दोपहर 3:20 बजे चंद्र ग्रहण शुरू होगा और शाम 6:48 बजे समाप्त होगा। जयपुर में चंद्र उदय शाम 6:29 बजे और ग्रहण का समापन 6:48 बजे होगा, जिससे ग्रहण काल मात्र 18 मिनट का रहेगा। ग्रहण का सूतक मंगलवार सुबह 6:20 बजे से लागू होगा। ग्रहण पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र और सिंह राशि में बनेगा और भारत में दिखाई देगा। चंद्र ग्रहण होने से होलिका दहन 2 मार्च को एक दिन पहले ही करना शुभ रहेगा। इस प्रकार, रंगों का त्योहार 3 मार्च को मनाया जाएगा।

होलिका दहन

फाल्गुनशुक्ल की प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा को भद्रा रहित में करना शास्त्रसम्मत बताया गया है। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 2 मार्च 2026 को शाम 5:56 बजे शुरू होकर 3 मार्च 2026 को शाम 5:07 बजे तक समाप्त होगी। प्रदोषकाल में पूर्णिमा होने से दिनांक 02 मार्च 2026 (सोमवार) को ही होलिका दहन होगा। इस दिन भद्रा सायं 05:56 से अन्तरात्रि 05:28 तक भूमिलोक (नैऋत्यकोण अशुभ) की रहेगी, जो कि सर्वथा त्याज्य है।

यथा :- भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी (रक्षाबंधन) फाल्गुनी ऐलिकादहन) तथा। श्रावणी नृपतिं हन्ति ग्रामं दहति फाल्गुनी ॥ - मुहूर्तचिन्तामणि

# शादी के बाद पहली होली ससुराल में क्यों नहीं मनानी चाहिए?



भारतीय त्यौहार सिर्फ एक पर्व नहीं होता बल्कि, ये परंपरा का भी संगम है. होली का मतलब सिर्फ मिठाई और रंग नहीं, बल्कि ढेर सारी परंपराएं भी हैं. आपने अक्सर अपने घर के बड़ों को ये कहते सुना होगा या आपके घर में किसी की नई-नई शादी हुई है, तो अक्सर देखा होगा कि पहली होली ससुराल में नहीं मनाई जाती है।

**पहली होली ससुराल में क्यों नहीं मनाई जाती?**

घर के बुजुर्गों और मान्यताओं के अनुसार, शादी के बाद पहली होली पर बहू और सास का एक साथ जलती हुई होलिका की अग्नि को देखना शुभ नहीं माना जाता. नवविवाहिताओं के लिए होलिका दहन देखना अशुभ माना जाता है. एक कारण यह भी है होलिका दहन को होलिका की चिता कहा जाता है. ऐसे में शादी के मांगलिक आयोजन के बाद ससुराल में रहकर होलिका की चिता जलती देखना अशुभ माना जाता है।

**इसके पीछे की बड़ी मान्यताएं-**

**सास-बहू का रिश्ता-**

मान्यता है कि होली की अग्नि बहुत तेज होती है. परंपराओं के मुताबिक, नई बहू और सास का इस अग्नि को साथ देखना रिश्तों में कड़वाहट ला सकता है।

**होने वाले बच्चे की सेहत-**

मान्यता है कि अगर नई दुल्हन गर्भवती है, तो होलिका दहन की गर्मी और धुआं उसके और होने वाले बच्चे के लिए ठीक नहीं. मायके में रहने से उसे ज्यादा आराम और देखभाल मिल पाती है।

**रिश्तों में तालमेल-**

एक कारण ये भी माना जाता है कि पहली होली पर मायके जाने से उसे अपने पुराने माहौल में थोड़ा समय बिताने का मौका मिलता है, जिससे वह मानसिक रूप से खुश रहती है. साथ ही, दामाद जब ससुराल जाता है, तो वहां के लोगों से भी उसके रिश्ते मजबूत होते हैं. सादी के बाद पहली बार मायके जा रही हैं, तो आपने साथ जरूरी समान जरूर पैक करें।

1. घर के लिए आरामदायक कुर्ती, प्लाज़ो, टी-शर्ट, लेगिंग्स, या कॉटन की साड़ियां.
2. अगर दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलना है, तो अच्छे सूट सारी पैक करें।
3. फेस वॉश, मॉइस्चराइज़र, सनस्क्रीन, कोल्ड क्रीम स्किनकेयर समान जरूर रखें.
4. अगर आप कुछ दिन मायके में रहेंगी, तो अपने साथ पैसे भी लेकर जाएं. ताकी शादी के बाद माता-पिता से खर्च के लिए पैसे न मांगना पड़े।
5. अपने साथ अपनी दवाएं जरूर रखें. अगर आप किसी चीज की खाते हैं।

# भीड़ बाहर की हो या भीतर की, इसे संयमित रखिए

भीड़ बढ़ती ही जा रही है। केवल मनुष्यों ही नहीं, बेहिसाब डेटा और सूचनाओं की भी भीड़ बाढ़ की तरह हमारे जीवन में उतर गई है। और इसी कारण किसी भी बात की सच्चाई का पता नहीं लगता। भीड़ में सूचनाओं की सच्चाई कहीं खो गई।

भीड़ के कारण आयोजनों के पीछे का सही उद्देश्य कहीं भटक गया। कभी-कभी तो लगता है संसार में भीड़ के अलावा कुछ है ही नहीं। संसार को शास्त्रों में सागर कहा गया है। सागर के एक किनारे पर खड़े हो जाओ तो दूसरा किनारा दिखता नहीं है। एक लहर दिखती है, फिर वो खो जाती है, फिर दूसरी आ जाती है। सागर आकर्षक लगता है, लेकिन उसे पिया नहीं जा सकता। ठीक ऐसा ही भीड़ भरा संसार है। भीड़ की ये मानसिकता धीरे-धीरे हमारे भीतर उतरने लगती है।

उसका एक प्रभाव यह होता है कि हमारे अंदर विचारों की भीड़ पैदा हो जाती है। और विचारों की भीड़ मनुष्य को अशांत करती है, असंतुलित कर देती है। तो भीड़ बाहर की हो या भीतर की, इसे संयमित रखिए, क्योंकि भीड़ के पास भाव नहीं होता- सिर्फ शोर रहता है।

# होली परस्पर मिलन का पर्व



मुनि चैतन्य "अमन"



संसार में जितने पर्व मनाए जाते हैं, उनमें से सर्वाधिक पर्व भारत वर्ष में मनाए जाते हैं। चाहे वे लौकिक अथवा लोकोत्तर। होली, दीवाली, रक्षाबंधन आदि अनेक पर्व हैं, जो लौकिक दृष्टि से मनाए जाते हैं। कुछ पर्व राष्ट्रीय तथा आध्यात्मिक दृष्टि से मनाने की परम्परा रही है। पर्वों की अपनी सार्थकता भी है क्योंकि पर्वों के साथ जुड़ी है— शारीरिक, मानसिक, भावात्मक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण। चार गति चौरासी लाख जीव योनियों में एक मात्र मानव जीवन है जिसमें पर्व मनाए जाते हैं। क्योंकि अन्य योनियों में मानसिक विकास का स्तर बहुत ही सूक्ष्म स्तर पर होता है या यूँ कहा जा सकता है कि मानसिक विकास नहीं के बराबर होता है। अतः ये पर्व विशेष रूप से मानव ही मनाता है। होली का पर्व भी शारीरिक के साथ मानसिक और भावनात्मकता के साथ जोड़ा जा सकता है। यदि मानव पर्वों की आत्मा को पहचानने का पुरुषार्थ करे तो यह बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है। किन्तु देखा जाता है कि आम आदमी पर्व के अवसर पर रंग-गुलाल आदि रंगों से खेल कर इति श्री कर देता है। जबकि रंग मानव जीवन में अत्यन्त लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। शारीरिक दृष्टि तो रंगों का प्रभाव होता ही है किन्तु मानसिक और आध्यात्मिक पक्ष पर नजर डाले तो यह बहुत उपयोगी सिद्ध होता है। आज चिकित्सा के क्षेत्र में कलर थेरेपी के प्रयोग शारीरिक स्वास्थ्य में लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। मन में उठने वाली तरंगों के साथ जब रंगों को जोड़ दिया जाता है तब उसका प्रभाव कुछ अलग ही होता है। रंगों का प्रभाव ज्ञानी व्यक्तियों के अनुभव और मार्गदर्शन में किया जाना चाहिए।

के प्रयोग से व्यक्ति को शांत अथवा उत्तेजित भी किया जा सकता है। रंगों का होता है अचूक प्रभाव। जीवन को आध्यात्मिकता के साथ जोड़ने वाला सफल जीवन जी सकता है। जैन परम्परा में नमस्कार महामंत्र विभिन्न रंगों पर आधारित है। सद्गुरु के निर्देशन में जब रंगों के साथ नमस्कार महामंत्र का ध्यान किया जाता है तो उसका अचिन्त्य लाभ प्राप्त करके संतुष्टि का अनुभव करता है। यद्यपि पर्व एक दिन के लिए आता है किन्तु रंगों का प्रयोग प्रतिदिन किया जा सकता है। पर्वों की महत्ता को समझने वाला ही पर्व की सार्थकता सिद्ध कर सकता है तथा पर्वों की महत्ता समझने वाला ही जीवन की सार्थकता सिद्ध कर सकता है। पर्व के हर्ष उल्लास की अभिव्यक्ति कैसे करना चाहिए।

जीवन में पर्व आते जाते रहेंगे किन्तु विरले व्यक्ति होते हैं जो सही रूप में पर्व का आनंद ले पाते हैं। जैन, बौद्ध, सिख, सनातन, इस्लाम सभी सम्प्रदायों में पर्व मनाने की परम्परा रही है अतः मानवीय चेतना को जागृत करके पर्व को मनाएं तथा उसका यथेष्ठ रूप में लाभ लेने का प्रयत्न हो। यह आवश्यक है। होली का पर्व रंगों का पर्व है जिस प्रकार रंग एक दूसरे से मिल जाते हैं वैसे ही मानव-मानव को परस्पर मिलनसार बनने का प्रयास करना चाहिए।

# कामदेव ने तोड़ा था शिव जी का ध्यान

# फाल्गुन पूर्णिमा से जुड़ी मान्यताएं



2 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा है, इसी तारीख की रात में होलिका दहन किया जाता है। फाल्गुन पूर्णिमा पर बसंत उत्सव मनाने की परंपरा है। इस दिन से बसंत ऋतु की शुरूआत होती है। बसंत को ऋतुराज कहा जाता है। पौराणिक कथा है कि कामदेव ने शिव जी का तप भंग करने के लिए बसंत ऋतु को प्रकट किया था। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, शिव पुराण में कथा है कि देवी सती ने अपने पिता दक्ष के यहां हवन कुंड में कूदकर देह त्याग दी थी। सती के जाने के बाद वियोग में शिव जी ध्यान में बैठ गए थे। उस समय असुरों का राजा तारकासुर था, वह जानता था कि शिव जी तपस्या में बैठे हैं, उनका तप तोड़ पाना देवताओं के लिए भी असंभव है। सती के जाने के बाद शिव जी दूसरा विवाह भी नहीं करेंगे। तारकासुर ने तप करके ब्रह्मा जी को प्रसन्न कर लिया। ब्रह्मा जी प्रकट हुए तो तारकासुर ने वर मांगा कि मेरी मृत्यु सिर्फ शिव जी के पुत्र के द्वारा ही हो। ब्रह्मा को तारकासुर की तपस्या की वजह से यह वरदान देना पड़ा। वरदान पाकर तारकासुर का आतंक बढ़ गया, उसने सभी देवताओं को पराजित कर दिया और स्वर्ग भी जीत लिया।

भगवान विष्णु भी ब्रह्मा जी के वरदान की वजह से तारकासुर का वध नहीं कर सकते थे। सभी देवताओं ने योजना बनाई कि किसी तरह शिव जी का तप भंग किया जाए और उन्हें दूसरा विवाह करने के लिए तैयार किया जाए, तभी तारकासुर का अंत होगा।

शिव जी का तप भंग करने के लिए देवताओं ने कामदेव से मदद मांगी। कामदेव ने फाल्गुन पूर्णिमा पर शिव जी का तप भंग करने के लिए बंसत ऋतु को प्रकट किया। इस ऋतु में न ज्यादा ठंड लगती है, न ही गर्मी होती है, शीतल हवाएं चलती हैं, मौसम सुहावना रहता है, सरसों के खेत में पीले फूल दिखने लगते हैं, आम के पेड़ों पर केरी के बौर आने लगते हैं। गीता में श्रीकृष्ण ने बसंत ऋतु को खुद का ही स्वरूप बताया है।

बसंत ऋतु के सुहावने मौसम और कामदेव के बाणों की वजह से शिव जी का ध्यान टूट गया। शिव जी का ध्यान टूटते ही उन्होंने अपना तीसरा नेत्र खोल दिया, जिससे कामदेव भस्म हो गए। ब्रह्मा जी, विष्णु जी और अन्य सभी देवताओं ने शिव जी प्रार्थना की तो उनका गुस्सा शांत हुआ। देवताओं ने शिव जी को तारकासुर और ब्रह्मा जी के वरदान के बारे में बताया। तब शिव जी सृष्टि के हित में दूसरा विवाह करने के लिए तैयार हो गए।

शिव जी शांत हुए तो कामदेव की पत्नी रति ने भगवान से प्रार्थना की कि वे कामदेव को फिर से जीवित कर दें। तब शिव जी ने रति से कहा कि कामदेव द्वापर युग में श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में जन्म लेंगे। इसके बाद शिव जी और माता पार्वती का विवाह हुआ। विवाह के बाद कार्तिकेय स्वामी का जन्म हुआ और कार्तिकेय ने तारकासुर का वध कर दिया।

**फसल आने पर उत्सव मनाने की है परंपरा**

फाल्गुन पूर्णिमा के आसपास गेहूं, चने की और अन्य अनाजों की फसल आना शुरू हो जाती है। फसल तैयार होने पर रंग-गुलाल उड़ाकर खुशियां मनाने की परंपरा पुराने समय से ही चली आ रही है। फसल पकने की खुशी में लोग अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होते हैं, मिठाइयां खिलाते हैं, पकवान बनाए जाते हैं। किसान जलती हुई होली में नई फसल का कुछ भाग प्रकृति को और भगवान को भोग के रूप में चढ़ाते हैं। ये नई फसल के लिए भगवान का आभार मानने का पर्व भी है।



# होलिका ने जहां भक्त प्रह्लाद को जलाने की थी कोशिश

## वहां आज भी मौजूद है अद्भुत कुंड

होली से एक दिन पहले होलिका दहन का विशेष महत्व है. यह दिन नकारात्मकता, दुख, रोग और कष्टों के अंत का प्रतीक है. साथ ही यह अधर्म पर धर्म की विजय और भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति का भी जीता-जागता प्रमाण है. रंगों का त्योहार होली इस बार 4 मार्च को है. उत्तर प्रदेश में वह स्थान आज भी है, जहां पर होलिका ने भक्त प्रह्लाद का जलाकर भस्म करने की कोशिश की थी. उसे प्रह्लाद कुंड कहते हैं, जो ऐतिहासिक और पौराणिक घटना का साक्षी है।

**कहां पर है प्रह्लाद कुंड?**

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के अनुसार, हरदोई में स्थित प्रह्लाद कुंड पावन स्थली है, जहां यह चमत्कार हुआ था. यहां का कुंड आज भी भक्ति और ईश्वरीय शक्ति की याद दिलाता है. प्रह्लाद कुंड हरदोई शहर से कुछ दूरी पर स्थित है और आसानी से पहुंचा जा सकता है।

**होती है भगवान नरसिंह की पूजा**

प्रह्लाद कुंड के पास छोटा-सा मंदिर है, जहां प्रह्लाद और भगवान नरसिंह की पूजा होती है. होलिका दहन के दिन यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं. वे होलिका दहन करते हैं और प्रह्लाद की भक्ति से प्रेरणा लेते हैं।

**अलौकिक शक्ति होती है महसूस**

यह कुंड न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह लोगों को सिखाता भी है कि सच्ची भक्ति और श्रद्धा से कोई भी बाधा पार की जा सकती है. मान्यता है कि श्रद्धालु अगर प्रह्लाद कुंड के दर्शन करें तो वे उस अलौकिक शक्ति को महसूस कर सकते हैं और उनकी सभी समस्याओं का नाश होता है।

**होलिका दहन की कहानी**

पुराणों के अनुसार, असुरराज हिरण्यकश्यप को भगवान विष्णु से घृणा थी. वह स्वयं को भगवान मानता था और किसी को भी विष्णु की भक्ति नहीं करने देता था. उसके पुत्र प्रह्लाद बचपन से ही भगवान विष्णु के परम भक्त थे. प्रह्लाद की भक्ति देखकर हिरण्यकश्यप क्रोधित हो गया. उसने प्रह्लाद को कई बार मारने की कोशिश की, लेकिन हर बार भगवान की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे. आखिरी प्रयास में हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका का सहारा लिया. होलिका को वरदान था कि वह आग में नहीं जलेगी. हिरण्यकश्यप ने होलिका को प्रह्लाद को अपनी गोद में बिठाकर आग लगाने को कहा, ताकि प्रह्लाद जल जाए. लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से होलिका की गोद में बैठे प्रह्लाद को कुछ नहीं हुआ और होलिका स्वयं भस्म हो गई. इस घटना के बाद लोग खुशी से रंग लगाकर और फूल बरसाकर इस विजय का जश्न मनाने लगे. यही परंपरा आज होली के रूप में मनाई जाती है।

# जीवन की फुहार का पर्व : होली



अतुल कुमार



होली प्रमुख त्यौहारों में एक है . आनंद ,हंसी ,खुशी और हंसमुख रहने की आदत आज कम हो रही हो तब यह पर्व हर साल यह याद दिलाने आता है कि जीवन उत्सव है , जीवन महोत्सव है और जीवन का अर्थ परोपकार , सद्व्यव्हार और सुविचार है . लेकिन आज यह सब तेज़ी से खो रहा है या खोया जा रहा है यह सोचने का विषय है . भारतीय चित्रकला में आज भी सर्वाधिक चित्र होली और उससे जुडे सबजेक्ट्स पर है . क्यों कि आर्टिस्ट इस पर्व में जीवन की समरसता , सौहार्द्रता और संबंधों के माधुर्य की महिमा को देखते ,समझते और जानते हैं . बख्शी साहब ने यूं ही नहीं लिखा " दुनिया छूटे ,पर न टूटे , ये बंधन प्यार के / होठों पे गीत मन में मीत , प्यारा से ये जीवन है / यही है रंग –रूप थोडे गम हैं थोडी खुशियां ,ये न सोचो इसमें अपनी हार है कि जीत है ,उसे अपना लो जो भी जीवन की रीत है ,यह जीवन है , यह जीवन है // " यह जीवन का सारांश नहीं तो क्या है ? लेकिन आज जीवन आपा धापी की उधेड धुन में इतना उलझा दिया गया है कि उसमें से हर्षोल्लास गुम हो रहा है तब होली की महत्ता बडी दिखायी देती है .

रंगों का यह पर्व जीवन के अधिक करीब दिखायी देता है .ऐसा रंग बिरंगा त्यौहार है जिसे उत्साह और मस्ती से मनाया जाता है सदियों से इसे मनाया जा रहा है .परंपरा है कि घर का सारा पुराना सामान निकाल कर होली की अग्नि में जला दें और रंगों के साथ होली खेलें विविध रंग हमारी भिन्न भिन्न भावनाओं और अनुभूतियों से जुडे होते हैं क्रोध का संबंध लाल रंग से ,ईर्ष्या का हरे रंग से प्रसन्नता और उल्लास का पीले से और प्रेम गुलाबी रंग से व्यक्त होता है . शास्त्रों द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को रंगों का फव्वारा माना गया .जो अपनी रंगत को बदलते रहते हैं . विविधता में सामंजस्य जीवन को जीवंत उल्लास पूर्ण तथा रंगीन बनाता है .होली का अवसर लोगों के दिलों से दिलों को जोड गिले शिकवे भुलाने का है क्यों कि आज के ज़माने पर किसी शायर ने लिखा कि " ज़हर की शीशी में दवा ढूंढने का वक्त है ' // "

उनकी इस हताशा को हल्के में नहीं लिया जा सकता क्यों कि लोग हंसना ,मुस्कुराना और दिल खोल कर मिलना जुलना भूल गये हैं .वर्ल्ड हेल्थ औरगेनाइसेशन की सूचनानुसार दुनिया की 10 से 11 % आबादी डिप्रेशन या अवसाद से जूझ रही है . रिपोर्ट के अनुसार इसका मूल कारण लोगों का अकेलापन , निराशा और रिश्तों से कटना है .सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में जब सूचनाओं का अंबार लग रहा हो , और डिजिटल कालोनी के बनने की चर्चा ज़ोरों पर हो तब मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी लाइटली नहीं ली जा सकती . यंत्र संवाद का साधन तो बन सकते हैं लेकिन आई टू आई कंटैक्ट से जो अपनापन मिलता है उसकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता . इसके लिये होली जैसे मेल मिलाप के अवसर होने चाहिये.

होली सिर्फ एक त्यौहार नहीं बल्कि आनंद उल्लास और उमंग से अपने को परिपूर्ण कर लेने का मौका है जिसमें नकारात्मकता का दहन हो और जीवन को नयी स्फूर्ति मिले यह खुशियों का इंद्रधनुष है जिसमें पूनम का चांद रंगों की डोली ,चांद से भरी चांदनी बोली चलो दिलों से दिलों को मिलाने की रंगों की बौछार करें जिससे मन की मलिनता और पूर्वाग्रहों का अंत हो.

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार बालकृष्ण ने मैया यशोदा से राधा के गोरे रंग की शिकायत की थी जिसके बाद मैया ने उन्हें राधा के चेहरे पर अपनी पसंद का रंग लगाने का सुझाव दिया इस शरारत से ब्रज में रंगों वाली होली की शुरुआत हुई . जो प्रेम का प्रतीक बनी . यह प्रसंग दर्शाता है कि प्रेम में सांवले गोरे का कोई भेद भाव नहीं होता और सब एक दूसरे के रंग में रंग जाते हैं . जीवन में रंग ही हैं जो व्यक्ति को आकर्षित करते और लुभाते हैं . इसी परिप्रेक्ष्य में फूलों की होली भी खेली जाती है जिसे प्रकृति के प्रति मनुष्य का आभार माना गया . होलिका दहन का यह बताता है कि कितनी भी बडी मुश्किलें आये अंत में जीत अच्छाई ( भक्त प्रहलाद ) की होती है . आधुनिक संदर्भों में लोग इको – फ्रेंडली प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पर्यावरण के लिये बेहतर है . वास्तव में होली सांस्कृतिक ,सामाजिक और भाईचारे का प्रतीक है जो सभी को रंगों के धागे में पिरोता है यह पर्व फाल्गुन मास की अंतिम पूर्णिमा को मनाया जाता है " होली " का अर्थ है अपनी बुरी आदतों को " होलिका दहन " की आग में भस्म कर देना और नयी शुरुआत करना . होलिका दहन केवल लकडियों को जलाना नहीं है बल्कि अपने अंदर की अकड , ईर्ष्या, क्रोध , वासना , विश्वास घात , और अफवाह फैलाने की प्रवृत्तियो को ज्ञान रूपी अग्नि में जलाना है .जिस तरह होलिका जल गयी और भक्त प्रहलाद बच गये जो बदी पर नेकी की जीत का प्रतीक है .

होली का बडा संदेश है कि " किसी पर हंसने से बेहतर है ,किसी के साथ हंसे ,स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और संबंध भी " यह सर्दियों के अंत और वसंत ऋतु की शुरुआत का वक्त है जिसे प्रकृति में नये जीवन का जश्न माना गया . किसी ने खूब कहा " हौसला रखो रात बीतेगी / देखना रौशनी ही जीतेगी \ हर किसी के पास अपने – अपने मायने हैं / खुद को छोड सब के लिये आईने हैं //

होली के पहले जलने वाली होली इसी स्पिरिट को नये अर्थ देती है .और जीवन की विद्रूपता को मिटाने का पैगाम देती है . इस अवसर पर हास –परिहास कि परिपाटी को निभाने के लिये हास्य – व्यंग के कार्यक्रम और कवि सम्मेलन विशेष रूप से आयोजित किये जाते हैं .

होली के व्यंग " बुरा न मानो होली है " के अनुसार हंसोड और विनोद पूर्ण होते हैं जिनका उद्देश्य जीवन को आनंद की फुहारों से भरना है इसलिये होली रंगों के साथ जीवनानंद को बनाये रखने का पर्व है .

# काव्य कुंज

## होली



डॉ संजुला सिंह
जमशेदपुर

फागुन का देखो मास है आया
सबके हृदय में उमंग है छाया ,
पुए पकवान की ढेर लगी है
हर घर थाल में गुजिया सजी है।
रंग-गुलाल हरा- नीला- पीला
खेलत होली सब हो रहे गीला,
कान्हा चले आज खेलन होली
संगमें लिए ग्वाल बाल कीटोली
वृंदाबन से निकले हैं कन्हैया
जा पहुंचे बरसाने दोनों भैया,
संग में ग्वाल-बाल की टोली
बोले हैं राधा-राधा की बोली ।
घर के झरोखे से देखी जो राधा
तेज हृदय गति को दिल में साधा
राधा को देख मुस्काए कन्हैया
इतने में आई राधा जू की मैया ।
पीछे से वृषभानु जी भी आए
कान्हा को अपने हृदय से लगाए
खुश हो गई ग्वाल-बाल कीटोली
खेलन लगे सब बासाने में होली
श्यामल कृष्ण व राधा जी गोरी
की अदभुत सुंदर लग रहीजोड़ी
सबके हृदय में उमंग है छाई
देखो पावन पर्व होली की आई।
राधा और कृष्ण की प्यारी होली
संजू भी देखन बरसाने में डोली
सृष्टि सुमन बरसावन लागे
श्री राधे,श्री राधे गावन लागे ।
आज पवित्र भयो सारी नगरी
नाचत गोपी चले सारी डगरी
होली की ऐसी लहर है छाई
खुशियों की प्यारी बजी शहनाई।

## नशा



डॉ हेमंत सुराना,
उदयपुर

किसी को कलम का नशा,
किसी को खामोशी का नशा
किसी को यादों का नशा,
किसी को जवानी का नशा
किसी को चाहत का नशा,
किसी को गम का नशा
किसी को जीत का नशा,
किसी को साकी का नशा
किसी को दौलत का नशा,
किसी को जुनून का नशा
किसी को चढ़ा नशे का नशा,
हर बात में नशा ही नशा
नशे के झोंके में बह मत जाना,
मगर एक नशा तुम भी कर लेना
खुशी का नशा कर लो यार,
खुशी का नशा कर लो यार ।

## दूरियाँ मिटाने का प्रयास...!



संजय एम.
तराणेकर, इंदौर

तुम आए तो आया हैं 'मुझे' सब याद,
यूंहीं तुमने की थी आने की फरियाद।
कस्मे तो तुम ही खाते रहें न आने की,
हमने कभी बात नहीं की हैं जाने की।
सिहर उठता है 'मन' पिछली यादों से,
जोशीलें संवाद, हरकतों एवं इरादों से।
क्या? हस्ती बनी दुनिया की नजरों में,
नज़रें नीची हो गई 'खुद' की नजरों में।
यूं करिए दूरियों को मिटाने का प्रयास,
जिसका सभी को हो भरपूर आभास।
धुल जाए पिछले 'ग़लत' हुए व्यवहार,
याद रखो यहीं तो है तुम्हारे पालनहार।

## उड़ रहे हैं अबीर गुलाल



मोनिका डागा,
चेन्नई

खेले होली राधिका संग कन्हाई रे,
उड़ रहे हैं अबीर गुलाल होली आई रे।
रंग लाल गुलाबी नीले पीले केसरिया,
भर-भर पिचकारी छोड़ें देखो सांवरिया,
भीगा सब श्रृंगार, पायलिया करें झंकार,
सखी री ब्रज में छाया आनंद अपार,
धरती अंबर अनहद खुशियाँ छाई रे ।
भक्ति रंग में रंगी वृन्दावन की गलियाँ,
मधुर-मधुर गोपाल ने बजाई मुरलिया,
झूमें हैं नर-नार, बही प्रेम की रस धार,
जय हो श्री श्यामा श्यामजू सरकार,
चहूँ दिश उत्सव ने धूम मचाई रे ।
खिल उठी प्रभु कृपा से जीवन बगिया,
धन्य-धन्य हुई दर्शन की प्यासी अखियाँ,
नवधा भक्ति में सराबोर, वंदन करें बारम्बार,
होरी के रसिया की जय बोले संसार,
भगवान ने भक्तों पर कृपा बरसाई रे ।
खेले होली राधिका संग कन्हाई रे,
उड़ रहे हैं अबीर गुलाल होली आई रे ।

## होली संग मधुमास मचल जाता है



कुमुद बाला,
हैदराबाद

उड़ते हैं होली में अनगिनत गुलाल
हिलते हैं हरियाली से भरे तमाल
खिलते हैं रंगबिरंगे फूल बेमिसाल
जलते हैं तम में जगनुओं के मशाल
रंगबिरंगी पिचकारियों से दृश्य बदल जाता है
होली के आते ही मधुमास मचल जाता है।।
रंगों की दुनिया भी अजीब होती
शबनम की बूँद भी अज़ीज़ होती है
बहार की अंगड़ाई क़रीब होती है
फूलों की भी हंसीं तकदीर होती है
फाग की तान पर ढोलक-मृदंग बहल जाता है,
होली के आते ही मधुमास मचल जाता है।।
चाँदनी में नहायी है पूनम की रात
हो रही नभ से रौशनी की बरसात
इंद्रधनुष ने रंगों की पिटारी खोली
फूल - फूल पर रहे थिरक ज़ज़्बात
धरा के अधरों के मधु में दिल पिघल जाता है,
होली के आते ही मधुमास मचल जाता है।।
खुशियों के रंग में डूबा यह त्यौहार
सावन भी कर रहा है देखो मनुहार
धरती पे बरसेगी प्यार की फुहार
जब मानव बदलेगा अपना व्यवहार
मिलाप के हाथों से राग-द्वेष फिसल जाता है,
होली के आते ही मधुमास मचल जाता है।।

## नन्हा मुन्ना रजाई में



प्रियंका सौरभ

नन्हा बच्चा जाग गया,
रजाई में मुस्काया।
धीरे-धीरे आँखें खोली,
मम्मी को बुलाया।
नरम-नरम सी रजाई है,
उसमें छिपकर खेले।
कभी इधर तो कभी उधर,
हँसते-हँसते डोले।
रंग-बिरंगा प्यारा सूट,
डायनासोर वाला।
नन्हा मुन्ना चंचल बच्चा,
घर का है उजाला।
गोल-गोल सी उसकी आँखें,
चमके जैसे तारे।
सब कहते हैं प्यार से उसको,
हमारे राज-दुलारे।

## कोरे रंग की चुनर



मनीषा मंजरी
दरभंगा

श्वेत वर्ण के आँचल को,
पिचकारियों के रंग से कैसे बचाऊं,
जो पड़ जाएँ कुछ छींटें भी,
इस दाग को कैसे छुड़ाऊं।
गलियों में छुपती छिपाती,
घर की दिशा में कदम बढ़ाऊं,
होली की जब तान सुनूं,
किसी कोने में दब जाऊं।
जो मन कोरा है, तो इस तन को रंगों से कैसे मिलाऊँ,
भावविहीन इस हृदय के मोर को,
फागुन की लय पर कैसे नचाऊं।
विरह का सागर गहरा जिसके,
रुदन तल में मैं गोते लगाऊं,
संवेदनशून्य लहरों की मार में,
श्वासों की गति को कैसे चलाऊं।
गुलालों की आंधी है आयी,
अब किस किवाड़ से गुहार लगाऊं,
मतवाली इस टोली को, अपना भय कैसे समझाऊं।
रंग से भीगे वस्त्र लिए,
अब धरा पर कैसे चल पाऊं,
प्रतिबिंब प्रश्न करे है मुझसे,
नजरें अब स्वयं से कैसे मिलाऊँ।
ठहर गया संसार है मेरा,
अब घर कैसे जा पाऊं,
कहाँ मिले वो कोरा रंग अब,
जिसे मैं फिर चुनर पर चढ़ाऊँ।

## सात रंगो की होली



टी तारासिंह
हैदराबाद

सात रंगो की होली है
हर रंग है प्यारा - लुभावना
हर रंग से मन न भरे
गुलाबी - हरा - निला है
हम सबका प्यारा
पानी से खेले , रंग मिलाकर खेले
आज का दिन है मस्ती का
गुलाल से खेले , पिचकारी से खेले
आज सबको रंग मे डुबो दे
साल का एक दिन है
रंगो का त्योहार
मिठाई खाये और खिलाये
होली खुशी - खुशी से मनाये ।।

## थम गई है ज़िन्दगी



डॉ टी महादेव राव

तुम्हारे जाने के बाद
वक्त की रफ्तार रुक गई है
समय का प्रवाह तुम्हारी यादों में
निशब्द थम गया है
तुम्हारी हंसी की गूंज अब तक
सागर के लहरों से खेल रही है
तुम्हारी बातों की गर्मी के बिना
हवा अभी ठंडे घाव की तरह छू रही है
पौधे सारे पुकारते हैं तुम्हारा नाम
फूल खिलने के लिए भी झिझक रहे हैं
तुम आ नहीं पाओगी जानकर
बहार भी लौट गई है
हर किताब भरी है तुम्हारी खुशबू से
हर पन्ना तुम्हारी छुअन चाहता है
मेरा मन तुम्हारी छाया को पकड़ने
हर रात लड़ता रहता है रोशनी से
तुम्हारे जाने के बाद
सच भी झूठ हो गया है
जिंदगी शायद जारी रहेगी
लेकिन जीना जैसे थम गया है।।

## होली का हुडदंग



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

मोहल्ले के नुक्कड़ पर
हो रहा हुड़दंग ।
होली है भई होली है,
चढ़ रही भोला भंग।।
होली.....।
होली पूजन को देखो
नारियाँ निकल पड़ी,
चौराहे पर होलिका दहन, भावना उमड़ पड़ी,
बुराई को भस्म करने को आ गए सब संग।
मोहल्ले के नुक्कड़ पर हो रहा हुड़दंग।
होली है भई होली है चढ़ रही भोला भंग।।
होली.....
होली के दीवाने आते जाते को छेंड़े,
आज तो कोई न सीधा सब ही टेढ़े मेढ़े,
रंग बिरंगे बादलों का उड़ रहा है रंग ।
मोहल्ले के नुक्कड़ पर हो रहा हुड़दंग।
होली है भई होली है चढ़ रही भोला भंग।।
होली.....
पिचकारी लिए हुए जीजा साली की तलाश में,
साली भी चकमा देने की है फ़िराक़ में,
देवर ने भाभी की नाक में कर रखा है दम।
मोहल्ले के नुक्कड़ पर हो रहा हुड़दंग।
होली है भई होली है चढ़ रही भोला भंग।।
होली.....
कहां से गुब्बारा भिगोए, कुछ पता न चले,
नेता जीभी गुलाल टीका लगाने निकल पड़े,
चुनाव जीतने के लिए सह रहे हर रंग।
मोहल्ले के नुक्कड़ पर हो रहा हुड़दंग।
होली है भई होली है चढ़ रही भोला भंग।।
होली.....

## छलक जाने दो आंसुओं को



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

छलक जाने दो आंसुओं को,
इससे पहले कि ये दिल की कश्ती को,
भावनाओं के मझधार में डूबो दें,
निकल जाने दो दिल का गुबार,
कतरा-कतरा बह जाने दो दर्द को,
इससे पहले कि जज्बात की आंधी
इसे आहत कर दें।
खुशी के लम्हों में जब आंखें नम हो जायें,
तो छलक जाने दो उस खुशनुमा एहसास को,
उतर जाने दो अर्श की तरह ज़मीं पर,
भीग जाने दो जज्बात के धरातल को।।
कुदरत का करिश्मा और एक अनमोल नगीना है आंसू,
दिल के चमन को तरोताजा रखने का नुस्खा है आंसू,
बंजर न हो एहसास की ज़मीं,ऐसी फुहार है ये,
दिल का सुरक्षा कवच है,ढाल है ये,
संवेगों के भंवर जाल से बचाने वाला कमाल है ये,
दिल के सैलाब का मांझी है, खेवैया है ये।।।

## रजत तिलक



वाईवी रत्नम
विशाखापट्टणम

नील गगन में विचरण करने
निकल पडा है रजनीकर
तारे सारे स्वागत करते
नाच रहे हैं मोहित होकर
तारों बीच शोभित है
शशि गो समूह में वृषभराज सा
निर्मल जल में कलरव करते
पंख फैलाए राज हंस सा
माँ के हाथों माखन बूँद सा नाज़ुक दिखता अम्बर पर
सोते शिशु की ललित हँसी सा अद्भुत लगता अति सुन्दर
काली रात के माथे पर चमक रहा है रजत तिलक सा
गोल हो टेढ़ा उसकी सूरत लाजवाब है मणि समूह सा
अंतरिक्ष में खिले फूल से निकल रही है धवल चाँदनी
नभ मंडल से फिसलन करती सुर कांता की चुनरी सी
बाँह फैलाए लहरें उमडीं चाँद को छूने सागर छोड़
खुशी खुशी से सागर जल में तैरता दिखता रजनीकर

## मूसी नाला बनाम गांधी सरोवर



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

रोटी कपड़ा और मकान जीवन के
यह तीन आधार
मध्यम वर्ग के निरीह प्राणी
बेबस व लाचार प्राणी
चुपचाप जीवन जीते हैं
किसी से कुछ ना लेते हैं
दिन-रात मेहनत करते हैं।
घर और ऑफिस ही इनका जीवन है
टैक्स ईमानदारी से भरते हैं ।
मधु पार्क एक सोसायिटी नहीं एक बड़ा परिवार है
फुर्सत के जो क्षण मिलते हैं मिलजुल कर गुजारते हैं
तीज- त्योहार, होली दशहरा हंसी खुशी मनाते हैं।
दीवार नहीं यह जहान है हमारा ,
इसमें सपने हमने बोये हैं ।
तिनका तिनका जोड़-जोड़
कर आशियाना एक बनाया है
इसमें बच्चों की किलकारी भी है
शहनाइयों की गूँज भी है ।
हमारे जीवन की पूंजी है यह, हमारा आसरा है
यह घर बुढ़ापे का सहारा है ।
हमारी इल्तिजा है हमसे हमारा घर ना छीनो
बेसहारा कर कहीं का ना छोड़ो।
सुंदरीकरण के नाम पर हमें बर्बाद ना करो
जीवन है तो सुंदरता है जीवन है तो पर्यावरण है
जीवन है तो सब कुछ है ।
ना हमने नियम तोड़े हैं ना कानून को तोड़ा है
फिर किस कानून ने यह अधिकार दिया,
बेजा हमें परेशान किया,
महात्मा को भी बदनाम किया ।
वे तो शांति के पुजारी थे मानवता के सरंक्षक थे।
हमें शांति से जीने दो यह घर ही हमारा जीवन है
हमसे हमारा घर ना छीनो,
हमसे हमारा घर ना छीनो ।

## अन्वेषण"



कौशल्या गुप्ता,
हैदराबाद

मानव तू अन्वेषक है,
रहस्यों में रुचि है तेरी ।
खोल खोल धरती की परतें,
हीरों से भर ली है झोली ।।
शक्ति से मापा है अपनी,
सागर की गहन गहराई ।
रत्नाकर के विपुल बैभव से,
आज भरी मुट्ठी है तेरी ।।
कहां रहस्य अब अंतरिक्ष में,
ग्रह सारे गिन डाले हैं ।
विज्ञान के अदृश्य तार से,
धरती को गगन से जोड़े हैं ।।
अब अन्वेषण कर तू मन का,
कितने विषपाई घूम रहे हैं ।
मन के सुंदर उपवन को,
विष विवर्त से घेर रहे हैं ।।
अब उतरो मन के तल में,
शिशु मन क्रंदन करता है ।
स्वार्थ,लोभ मद मोह के
व्याल जाल में घुटता है ।।
इसको बढ़ कर मुक्त करो
दुर्भावों के क्लिष्ट जाल से ।
प्रेम पीयूष का पान कराओ,
स्वस्थ बने यह तन से मन से ।।
घृणा द्वेष के इस बंधन को,
आओ मिलकर तोड़ दें ।
अब ऐसी विधा बनाओ कोई,
जो मन को मन से जोड़ दे ।।

## हालात



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

बदले बदले हालात नज़र आते है।
बेटे जब मां बाप पे चिल्लाते है।
घर अपना घर नहीं रहा अब तो
हरेक बात में बच्चे क्यों गुर्राते हैं।
छोटे थे तो पल्लू छोड़ते नहीं मां का
अब बात करने से भी कतराते हैं।
हम बेकूफ़ बने जो इनको बड़ा बनाए
आज इज़्ज़त नहीं, नज़रे भी चुराते हैं।
जीना सीख लो बुजुर्गों अब तुम भी
छोड़ो ममता,क्यों फ़िक्र में दिल जलाते हैं।
अब बच्चों से सीखो जीना बाप तुम
क्यों भला नाते पोतों पे जान लुटाते है।
मन लगाओ प्रभु भक्ति में रोज़
भला जो संसार से मन हटाते हैं।
अन्त में प्रभु घर ही जाना होगा
ये बात क्यों हर बार भूल जाते हैं।
फ़र्ज़ निबाहे अब बच्चों को निभाने दो ,
दिमाग रख,क्यों झंझट में पड़ जाते है।
अब हम जख्मो से मजा लेने लगे है।
जिंदगी ने पहला इम्तिहान लिया,

## तन्हाइयों ने हमें पहचान लिया



संजीव ठाकुर,
रायपुर

तंज कसता रहा जमाना मुझ पर,
उसी पल समय को जान लिया ।
अब फकीरी रास आ गयी मुझे,
आराम को अंनजान कर लिया।
कभी हँसते,मुस्कुराते, हालात पर,
तक़दीर ने हमें बेजान कर दिया।
फाकामस्ती में ईद,दीवाली मनाते है,
रोटी को ही हमने पकवान कर लिया।
अब हम जख्मो से मजा लेने लगे है,
जिंदगी का भी अब इम्तहान कर लिया।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

स्वतंत्र वार्ता साप्ताहिकी
हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम


# कितने पानी में है इजरायल और ईरान की इकॉनमी ?



कौन किसपर भारी? ईरान का जितना रक्षा बजट. .उससे तिगुनी इजरायली Iron Dome की कीमत

अमेरिका और इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। माना जा रहा है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई कर सकता है। उसने इजरायल को धमकी देते हुए कहा है कि लड़ाई तुमने शुरू की, खत्म हम करेंगे। इससे इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने की आशंका है। अगर यह युद्ध लंबा खिंचता है तो इससे दोनों देशों की इकॉनमी प्रभावित हो सकती है। इजरायल को पश्चिमी देशों खासकर अमेरिका का समर्थन हासिल है। इसलिए वह लंबे समय तक इस युद्ध को झेल सकता है लेकिन ईरान की इकॉनमी अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण पहले ही खस्ताहाल है।

इजरायल अक्तूबर 2023 से गाजा में सैन्य ऑपरेशन चला रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस युद्ध पर इजरायल ने 2024 के अंत क 67.5 अरब डॉलर खर्च किए थे। इजरायल की कैबिनेट ने इस साल के लिए करीब 35 अरब डॉलर का बजट मंजूर किया है। गाजा युद्ध ने इजरायल की इकॉनमी को बुरी तरह झकझोर दिया है। एक सर्वे के मुताबिक 2024 में वर्कर्स की कमी, लॉजिस्टिक्स की बाधाओं और सुस्ती के कारण करीब 60,000 इजरायली कंपनियां बंद हो गई। इस दौरान देश में पर्यटकों की संख्या में भी गिरावट आई।

लेकिन ईरान के साथ युद्ध लंबा खिंचता है तो इजरायल की स्थिति और विकट हो सकती है। हालांकि ईरान की तुलना में इजरायल बेहतर स्थिति में है। इजरायल की जीडीपी के 2026 में 666.4 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। इजरायल की आबादी करीब 1 करोड़ और जीडीपी प्रति व्यक्ति करीब 60,000 डॉलर है। दूसरी तरफ ईरान की जीडीपी करीब 375 अरब डॉलर है। इसकी आबादी 9.25 करोड़ और जीडीपी प्रति व्यक्ति करीब 4,000 डॉलर है।

इजरायल की इकॉनमी इनोवेशन, हाई टेक एक्सपोर्ट्स और सर्विसेज पर निर्भर है। दूसरी ओर ईरान की कमाई का सबसे बड़ा जरिया कच्चा तेल है। लेकिन अमेरिका और पश्चिमी देशों ने पहले से ही ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लगा रखे हैं। इससे देश की करेंसी की वैल्यू में काफी गिरावट आई है।

एक भारतीय रुपये की कीमत 14,434 ईरानी रियाल के बराबर है। देश में महंगाई चरम पर है। ऐसे में इजरायल के साथ लड़ाई लंबी खिंचती है तो ईरान की इकॉनमी पूरी तरह तबाह हो सकती है।

ईरान की इकॉनमी पर इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड और इस्लामी संगठनों का कब्जा है। वे टैक्स नहीं देते हैं और न ही कोई हिसाब-किताब देते हैं। देश की इकॉनमी में पारदर्शिता नहीं है। जानकारों का कहना है कि ईरान लंबे समय तक इजरायल के साथ युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं है। ईरान की जीडीपी में सर्विस सेक्टर की 47%, इंडस्ट्री की 40% और एग्रीकल्चर की 12.5% हिस्सेदारी है।

देश की इंडसट्रियल सेक्टर के सबसे ज्यादा रेवेन्यू ऑयल इंडस्ट्री से आता है। ईरान के तेल निर्यात में चीन की 90% से अधिक हिस्सेदारी है। पश्चिमी देशों के प्रतिबंध के बावजूद ईरान और चीन के बीच तेल व्यापार पर कोई असर नहीं हुआ है। अगर इजरायल देश के तेल ठिकानों को निशाना बना सकता है तो ईरान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण ईरान के लोगों के जीवन स्तर में भारी गिरावट आई है और बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा से नीचे चले गए हैं।

# रेयर अर्थ पर आंध्र प्रदेश का बड़ा कदम

## भारत के लिए चीन के दबदबे को तोड़ने की तैयारी

रेयर अर्थ पर चीन के एक तरह के एकाधिकार ने पूरी दुनिया में सप्लाई चेन को हिला रखा है। एक साल से इसकी वजह से पूरी दुनिया में संकट की स्थिति पैदा हुई है। भारत समेत दुनिया के तमाम बड़े देश रेयर मिनरल्स की वजह से पैदा हुए दिक्कतों से निपटने के लिए समाधानों की तलाश में जुटे हैं। इसी कड़ी में आंध्र प्रदेश ने एक बहुत बड़ी पहल की है। इसके तहत यह अपनी लंबे समुद्र तटीय क्षेत्रों को रेत माइनिंग के लिए खोलने जा रहा है। बता दें कि केंद्र सरकार ने 2026-27 के बजट में रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने की घोषणा की है, जिसमें आंध्र प्रदेश भी शामिल है।

रेयर अर्थ मिनरल्स पर आंध्र प्रदेश में क्या हो रहा

आंध्र प्रदेश अपने समुद्र तटीय क्षेत्रों में रेयर अर्थ मिनरल्स और टाइटेनियम आधारित मिनरल्स की माइनिंग के लिए खोलने की तैयारी में है। इससे एक तरह से देश की चीन पर निर्भरता भी कम होगी और प्रदेश को इससे जुड़े उद्योग लगाने का भी अवसर मिलेगा।

आंध्र प्रदेश के किन क्षेत्रों में होगी सैंड माइनिंग

रिपोर्ट के अनुसार आंध्र प्रदेश सरकार रेयर अर्थ माइनिंग और प्रोसेसिंग के लिए एक नीति तैयार कर रही है। जानकारी के अनुसार इसी योजना के अनुसार आंध्र प्रदेश मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने परमाणु ऊर्जा विभाग से मंजूरी भी ले ली है। यह अनुमति श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम, काकीनाडा और कृष्णा जिलों के 10 प्रमुख समुद्री तटों पर हजारों हेक्टेयर में फैले रेतों से रेयर अर्थ का खनन किया जाना है। आने वाले समय में कुछ और क्षेत्रों को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।



समुद्री रेतों से रेयर अर्थ निकालने के अलावा आंध्र प्रदेश इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड के साथ मिलकर इसकी प्रोसेसिंग क्षमता विकसित करने की संभावनाओं पर भी काम कर रहा है।

आंध्र प्रदेश में किस रेयर अर्थ मिनरल्स का रिजर्व

राज्य की सरकारी माइनिंग कंपनी एपीएमडीसी की एक डिटेल्ड प्रेजेंटेशन के अनुसार प्रदेश में भारत का दूसरा सबसे अधिक बीच सैंड मिनरल रिजर्व है और यह देश के रिसोर्स का करीब 25% है। इनमें इल्मेनाइट, जिरकोन,रूटाइल, और मोनाजाइट की मात्रा विशेष रूप से ज्यादा है। इनमें मोनाजाइट रेयर अर्थ एलिमेंट्स का एक मुख्य स्रोत है।

बीच सैंड मिनरल्स पेंट, एयरोस्पेस, परमाणु ईंधन और इलेक्ट्रिक वाहनों और विंड टर्बाइन में इस्तेमाल होने वाले परमानेंट मैग्नेट के लिए बहुत ही अहम स्रोत है। मोनाजाइट रेयर अर्थ ऑक्साइड है, जो कि इलेक्ट्रोनिक से लेकर क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी में काम आता है।

आंध्र प्रदेश ने जिस समय में इस ओर ध्यान दिया है, वह रणनीतिक तौर पर बहुत अहम है। चीन ने इस समय वैश्विक टाइटेनियम मिनरल उत्पादन का आधे से ज्यादा हिस्से पर एकाधिकार कर रखा है और रेयर अर्थ प्रोसेसिंग के मामले में उसका नियंत्रण 90% से ज्यादा है। भारत के पास दुनिया का अच्छा खासा टाइटेनियम मिनरल रिजर्व है, लेकिन खनन और प्रोसेसिंग क्षमता की कमी के चलते यह 75% जरूरतों का आयात करता है, जिनमें से लगभग दो-तिहाई चीन का होता है।

भारत सरकार रेयर अर्थ पर बाहरी निर्भरता खत्म करने के लिए कई तरह की पहल कर रही है। इस बार के बजट में भी इसपर पूरा जोर दिया गया है और इस क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को पहले से ही इंसेंटिव भी दिया जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के बजट में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और ओडिशा के लिए डेडिकेटेड रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने की भी घोषणा की है।

# भारत के सबसे पुराने शहरों में है 'वाराणसी'

उत्तर प्रदेश के बीचों-बीच बसा यह ऐतिहासिक जिला भारत के सबसे पुराने शहरों में से एक है। समय के साथ-साथ यह 3 नामों से जाना जाता है। यह जिला एक सांस्कृतिक और शैक्षिक विरासत बनाए हुए है, जिस कारण इसे 'ज्ञान नगरी' या 'ज्ञान का शहर' कहा जाता है। ऐसे जिलों या शहरों से जुड़े जीके के सवाल UPSC, SSC या राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं और इंटरव्यू में पूछे जा सकते हैं। इसलिए यहां भारत के सबसे पुराने शहर के बारे में जानें, जो बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

वाराणसी उत्तर प्रदेश का एक प्रसिद्ध जिला है। यह भारत के सबसे पुराने बसे शहरों में से एक है। यहां पुरातत्व, कहानियां, भूगोल, संस्कृति, धर्म और कला की महत्वपूर्ण जगह हैं। यह शहर उत्तर की तरफ बहने वाली गंगा नदी के किनारे बसा है। भगवान शिव के त्रिशूल से जुड़ी हुई कहानियों के कारण भी यह शहर खास माना जाता है। इन सब वजहों से इसे दुनिया के सबसे पुराने शहरों में गिना जाता है। प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन ने भी लिखा है कि वाराणसी शहर इतिहास से भी



पुरातन है और परंपराओं से पुराना है।

वाराणसी को सर्व विद्या, सर्व ज्ञान की राजधानी कहा जाता है। यूपी का यह शहर 3 नामों (वाराणसी, काशी, बनारस) के नाम से जाना जाता है। यहां शास्त्रीय संगीत का घराना विकसित हुआ। प्रसिद्ध कवि और लेखक जैसे कबीर, तुलसीदास, प्रेमचंद और पंडित रवि शंकर ने यहां अपनी कला और ज्ञान का योगदान दिया। यही कारण है कि इसे सर्व ज्ञान की राजधानी या 'ज्ञान नगरी' कहा जाता है।

### वाराणसी से जुड़े फैक्ट्स

वाराणसी (बनारस) को भारत ही नहीं, दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक माना जाता है। वाराणसी की कथाएं लगभग 10,000 साल पुरानी हैं, वेदों, पुराणों और महाभारत में इसका जिक्र है। 18वीं सदी में मराठों और ब्राह्मण राजाओं ने आधुनिक वाराणसी का निर्माण किया। वाराणसी गंगा नदी की दो सहायक नदियों, वरुणा और आसी, के किनारे बसा है, इसलिए इसे 'वाराणसी' कहा गया। यहां कला, संगीत, साहित्य और धार्मिक शिक्षा का भी बड़ा महत्व रहा है। इसे 'मंदिरों का शहर', 'दीपों का शहर', 'ज्ञान नगरी' और 'भगवान शिव की नगरी' कहा जाता है। गोस्वामी तुलसीदास ने यहीं रामचरितमानस लिखा था और गौतम बुद्ध ने सारनाथ में अपना पहला प्रवचन दिया था।

### शिक्षा-संस्कृति का केंद्र है 4 यूनिवर्सिटी

वाराणसी में 4 बड़े विश्वविद्यालय- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू), महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइयर टिबेटियन स्टडीज और संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय हैं। यहां के लोग मुख्य रूप से काशिका भोजपुरी बोलते हैं, जो हिंदी की एक बोली है।

# पशुओं का चारा ही नहीं पराली से बन रहा है पावर

आपको याद होगा दिवाली के आसपास का समय। उस समय देश की राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में स्मॉग की एक मोटी सी चादर फैल गई थी। यह राष्ट्रीय समाचार की सुर्खी बनी थी। तब कई राजनीतिक दलों ने दावा किया था कि यह पंजाब के किसानों द्वारा जलाए जाने वाले पराली (धान की फसल का पुआल) की वजह से है। लेकिन पंजाब में अब पराली जलाने की घटना में कमी आ गई है। सरकार इस समय पराली से बिजली बनाने की परियोजना पर काम कर रही है। इसमें केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न तरह के प्रोत्साहन भी दे रही है। इसका असर दिखना शुरू हुआ और पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में ऐसे थर्मल पावर प्लांट लगने शुरू हो गए जिसमें कोयले के बदले पराली को जलाया जाता है। मनी मैटर्स की आज की श्रृंखला में हम पराली से बिजली बनाने की चर्चा कर रहे हैं।

आपने यदि कभी धान की फसल देखी होगी तो आपको पराली के बारे में समझने में आसानी होगी। जब धान की फसल पक जाती है तो पंजाब और हरियाणा में इसकी कटाई या हार्वेस्टिंग मशीन से होती है। इस प्रक्रिया में खेतों में हार्वेस्टर चलता है और धान निकाल लिया जाता है। इसके बाद खेत में धान का पौधा खड़ा रह जाता है। इसे ही पंजाब में 'पराली' कहते हैं। बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसे 'पुआल' कहते हैं। बिहार में तो धान की फसल को पहले काटा जाता है, फिर पुआल का छोटा-छोटा 'अंटिया' बनाया जाता है। उसे ही झाड़ कर धान निकाला जाता है। धान निकालने के बाद पुआल बच जाता है।

बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा आदि जैसे राज्यों में आपने कभी नहीं सुना होगा कि किसान 'पुआल' या 'पराली' को जलाते हैं। इन राज्यों में धान निकालने के बाद पुआल का उपयोग जानवरों के चारे में होता है। इन राज्यों में झोपड़ी के छप्पर भी पुआल से बनाए जाते हैं। पशुपालक किसान आमतौर पर पूरे साल के लिए पुआल खरीद कर रख लेते हैं और उसे चारा कल या गंड़ासे से काट कर जानवरों को खिलाते हैं। इसलिए यह महंगा भी बिकता है।

पंजाब के किसान समृद्ध हैं। वहां पशुओं को ज्यादातर हरा चारा खिलाया जाता है। इसलिए वहां पराली को काटा नहीं जाता था बल्कि परंपरागत रूप से जला दिया जाता था। इससे प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होने लगी। इसके बाद सरकार ने पराली पराली जलाने पर रोक लगा दी। तब भी किसान इसे चोरी-छिपे जलाते थे। तब इससे पावर यानी बिजली बनाने के कंसेप्ट पर काम शुरू हुआ। इसमें सरकार की तरफ से सहायता का भी प्रावधान किया गया। इसके बाद किसानों ने पराली को जलाने के बजाय पावर प्लांट को देने पर हामी भरी।

पंजाब के फिरोजपुर समेत देश के कई इलाकों में पराली से बिजली बनाने वाली कंपनी एसएईएल लिमिटेड (SAEL Ltd) के सीईओ लक्षित आवला बताते हैं कि जब पराली से पावर प्लांट नहीं चलते थे, तब किसान दो तरीके से पराली को खेत से हटाते थे। पहला कि खेत में खड़ी पराली में आग लगा दें। लेकिन जबसे सैटेलाइट से फोटो खींचा जाने लगा तो किसान इसे जलाने से डरने लगे। इसके बाद पराली को मल्चिंग प्रक्रिया के जरिए खेत में ही मिला दिया जाने लगा। लेकिन मल्चिंग भी खर्चीली प्रक्रिया है। ऐसा करने के लिए खेत में खड़ी पराली को मिट्टी में दबाने के लिए दो बार ट्रैक्टर चलाना पड़ता है। उसे सड़ाने के लिए दो बार पानी भी देना होता है। इन सब में किसानों को प्रति एकड़ 4,000 से 4,500 रुपये का खर्च पड़ता है।

आवला बताते हैं कि यदि किसान पावर प्लांट के लिए पराली देते हैं तो उन्हें एक पैसा भी खर्च नहीं करना होता है। उल्टे उन्हें कुछ मिलता ही है। उनका खेत भी कुछ ही दिनों में साफ हो जाता है। हर गांव में पावर प्लांट का पराली कलेक्ट करने वाले होते हैं, जो खेत में ही जाकर बेलिंग मशीन से पराली का बेल या गट्ठर बनाते हैं। फिर उसे तीन-चार दिन सूखने के लिए खेत में ही छोड़ देते हैं। पराली की गांठ जब सूख जाती है तो उसे फिर ट्रेक्टर से ढो कर पराली गोदाम या फिर पावर प्लांट तक पहुंचा दिया जाता है। इस प्रक्रिया में बेलिंग मशीन से गट्ठर बनाने वालों को पावर प्लांट की तरफ से 200 से 350 रुपये प्रति टन तक का शुल्क भी अदा किया जाता है।

आप पावर प्लांट के बॉयलर में चाहे कोयला झोंके या पराली, बिजली एक जैसी ही बनती है। हां, यदि आप कोयले से बिजली बनाते हैं तो प्लांट से $CO_2$ और अन्य प्रदूषक तत्व बड़ी मात्रा में निकलते हैं, जिससे स्वास्थ्य और



जलवायु प्रभावित होती है। पराली आधारित बिजली इन उत्सर्जनों को कम करती है और खुले में पराली जलाने से होने वाले धुएं और स्मॉग की समस्या को भी रोकती है। मतलब कि आम के आम और गुठली के दाम। लेकिन पराली से बिजली बनाने में बॉयलर कुछ अलग तरीके से डिजाइन करना होता है। इसमें थोड़ा खर्च भी ज्यादा पड़ जाता है।

वह बताते हैं कि किसानों को पराली बेचकर अतिरिक्त आमदनी कमाने का अवसर मिलता है। इसके अलावा खेतों से पराली संग्रह, उनकी बेलिंग करने और उसे ढो कर प्लांट तक पहुंचाने में गांव के लोग ही लगे होते हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार का अवसर पैदा होता है। पराली की बेलिंग करने वाले कई लोग तो हर सीजन में लाखों रुपये इसी से कमाते हैं क्योंकि पांच मेगावाट के एक पावर प्लांट को हर महीने करीब 15.5 हजार टन पराली की जरूरत होती है। साल भर का जोड़ें तो करीब दो लाख टन पराली। इसकी हैंडलिंग में काफी लोगों को रोजगार मिलता है।

आप कोयला से चलने वाले पावर प्लांट को देखें तो उसकी चुनौती कोई खास नहीं होती। उसे साल भर कोयला खदान से कोयला मिलता रहता है। मालगाड़ी के एक डिब्बा में 65 टन कोयला लोड होता है। पूरी मालगाड़ी में तो ढाई से तीन हजार टन कोयला आ जाता है। लेकिन पराली वाले प्लांट के लिए पराली प्राकृतिक रूप से साल में 10-15 दिन ही उपलब्ध होता है। धान की फसल कटते ही किसान चाहते हैं कि उनका खेत खाली हो जाए। अन्यथा वे इसे जलाने को उद्यत हो जाते हैं। इसलिए पावर प्लांट वाले पराली काट कर गोदाम में साल भर का इनपुट भंडारित करते हैं। साथ ही इसे बारिश से भी बचाना है। इसलिए पक्की व्यवस्था करनी होती है। सीजन में पराली के संग्रह और भंडारण की लागत, मौसम पर निर्भरता और सप्लाई चेन प्रबंधन को मैनेज करने में इन कंपिनयों को काफी श्रम करना होता है।

इस सेक्टर के जानकार बताते हैं कि कोयला भले ही खत्म हो जाए, पराली खत्म नहीं होगी। क्योंकि खाने के लिए खेती होगी। खेती होगी तो पराली मिलेगी। रिन्यूवल एनर्जी में यह सौर ऊर्जा से भी बेहतर है।

क्योंकि सौर ऊर्जा तो दिन में बनेगा और मौसम पर निर्भर होगा। रात में या बादल होने पर इसका उत्पादन कम हो जाता है। इसके विपरीत, पराली आधारित बिजली जरूरत के अनुसार किसी भी समय उपलब्ध कराई जा सकती है। इसलिए पराली आधारित बिजली ग्रिड को संतुलित रखने और पीक डिमांड को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# सरलता ही जीवन का सौंदर्य

**अनिकेत सिंह**

इस पूरे संसार में विभिन्न स्वभाव और अलग-अलग प्रकृति के लोग पाए जाते हैं। कोई सरल होता है, कोई वक्र अर्थात टेढ़ा, कोई शरीर से सुंदर, पर मन से मलिन होता है, कोई मूर्ख, कोई चतुर और बुद्धिमान, कोई सुस्त और आलसी तो कोई चपल और स्फूर्तिमान होता है। भगवान ने वृक्षों को प्रतीक बनाकर मनुष्य के स्वभाव की तुलना करते हुए एक चतुष्टयी का वर्णन किया है। यहां वृक्षों के चार प्रकार बताए गए हैं।

पहला प्रकार- कुछ वृक्ष शरीर से कोमल, सीधे और सरल होते हैं, परंतु फल देने में अनियमित होते हैं। कभी फल देते हैं, कभी नहीं। कई बार सेवा करने पर भी फल नहीं मिलते। दूसरा प्रकार- इस तरह के वृक्ष देखने में सीधे और सुंदर होते हैं, पर कभी फल नहीं देते। तीसरा प्रकार- कुछ वृक्ष देखने में टेढ़े-मेढ़े होते हैं, परंतु फल देने में उदार होते हैं। उनका बाहरी आकार आकर्षक न हो, फिर भी समय-समय पर फल देकर सेवा करने वालों को प्रसन्न रखते हैं। चौथा प्रकार- कुछ वृक्ष शरीर से भी टेढ़े और फल देने में भी कंजूस होते हैं। कभी थोड़े फल दें तो वे भी खट्टे, कड़वे या बेस्वाद होते हैं। वृक्षों की तरह मनुष्य भी चार प्रकार के होते हैं। कुछ लोग शरीर से सरल, सुंदर और भोले दिखाई देते हैं। उनका व्यवहार और बुद्धि भी सरल होती है और सभी को प्रिय लगती है। ऐसे मनुष्य के व्यक्तित्व में सरलता को श्रेष्ठ गुण माना गया है। इस प्रकार का स्वभाव बालक की निष्कपटता जैसा होता है।

दूसरे प्रकार के लोग शरीर से सरल पर मन से वक्र होते हैं। बाहर जो दिखाई देता है, भीतर वैसा नहीं होता। 'मुख में राम, बगल में छुरी' जैसी स्थिति होती है। ऐसे लोगों के जीवन में दंभ और कपट होता है। ऐसे लोग वेशभूषा और बातचीत से सज्जन प्रतीत होते हैं, परंतु उनके निकट आने पर छल-कपट प्रकट होता है। संत कबीर ने कपटी मनुष्य की तुलना अनार की कली से की है, बाहर लाल, भीतर कुछ और। ऐसे लोग शांत और सुखी जीवन नहीं जी पाते, अंततः उन्हें दुख ही मिलता है। तीसरे प्रकार के मनुष्य बाहर से वक्र दिखाई देते हैं, पर भीतर से सरल और ज्ञानी होते हैं। वांकाचूका शरीर वाले ऋषि अष्टावक्र जब राजा जनक की सभा में पहुंचे तो दरबारियों ने उनके शरीर का उपहास किया। तब अष्टावक्र ने कहा कि यह ज्ञानियों की सभा है या चमड़ी के व्यापारियों की? उन्होंने समझाया कि आत्मज्ञानी व्यक्ति बाहरी रूप से नहीं, बल्कि ज्ञान से मूल्यांकन करता है। बाहरी रूप शुभ-अशुभ कर्मों से मिलता है, पर मन की सरलता पवित्रता से जुड़ी होती है।

# शादी के बाद हाथों में हाथ और चेहरे पर बड़ी सी मुस्कुराहट के साथ 'विरोश'



फैंस के सबसे चहेते कपल विरोश यानी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अब आधिकारिक रूप से पति-पत्नी बन गए हैं। दोनों ने कल यानी 26 फरवरी को उदयपुर में एक-दूसरे का हाथ थामा।

'विज्जू, तुम्हारे लिए मेरी फीलिंग्स बताने के लिए मेरे पास हमेशा शब्द नहीं होते! मैंने हमेशा तुमसे यही कहा है! लेकिन तुम्हें पता है कि अचानक मेरी सारी उपलब्धियां, संघर्ष, खुशी, दुख और जिंदगी में सब कुछ होने की वजह अब समझ आने लगी है- ऐसा इसलिए है क्योंकि तुम मेरे साथ हो और यह सब होते हुए देख रहे हो..'

ये शब्द एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने उस शख्स के लिए लिखे जो पहले उनके को-एक्टर, फिर दोस्त, बॉयफ्रेंड और अब उनके पति बन चुके हैं। गुरुवार को रश्मिका ने अपने हमसफर विजय देवरकोंडा के साथ अपनी जिंदगी की सबसे खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में कहीं वो खुशी से झूमती नजर आईं तो कहीं अपनी खुशी के आंसू रोक नहीं पाईं।





अब शादी के अगले दिन विजय-रश्मिका पहली बार पति-पत्नी के तौर पर नजर आए। कपल को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान दोनों काफी खुश नजर आए और उन्होंने पैपराजी को पोज भी दिए।

इस दौरान कपल के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कुराहट और शादी का ग्लो साफ झलक रहा था। कपल को देखते ही पैपराजी ने उन्हें मुबारकवाद दी, जिसका दोनों ने हंसकर जवाब दिया और हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इस दौरान विजय-रश्मिका ने फैंस और पैपराजी को फ्लाइंग किस भी दिया। दोनों का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### आठ साल चले अफेयर के बाद एक हुए विरोश

लगभग आठ साल तक चले अफेयर के बाद विजय और रश्मिका ने 26 फरवरी को शादी कर ली। कपल ने तेलुगु और कोडवा दोनों परंपराओं से शादी की रस्में पूरी कीं। फैंस को लंबे वक्त से इस कपल के एक होने का इंतजार था। अंततः ये इंतजार कल पूरा हुआ। शाम में जैसे ही कपल ने शादी की तस्वीरें जारी कीं, फैंस और सेलेब्स के कमेंट

# फिल्म 'भाई तेरा यार है' में लीड रोल निभाएंगे राघव जुयाल



'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' और 'किल' फिल्म में काम कर चुके हैं।

एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है। पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे।

### राघव की झोली में हैं और भी बड़े प्रोजेक्ट्स

राघव की झोली में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वे नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण के बड़े बेटे मेघनाद का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनका रोल फिल्म के पार्ट 2 में दिखेगा।

इसके अलावा, राघव शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। इसी के साथ राघव 'द पैराडाइज' का भी हिस्सा हैं। इस मल्टीलिंगुअल फिल्म में नानी, कयादू लोहार, मोहन बाबू और सोनाली कुलकर्णी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 अगस्त 2026 को रिलीज होगी।

## 'द केरल स्टोरी 2' के याचिकाकर्ता नहीं उठाएंगे अगला कदम; अधर में फिल्म का भविष्य

# टिकट के पैसे किए गए रिफंड

विवादों में घिरी फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज पर केरल हाईकोर्ट ने 15 दिन की रोक लगा दी थी। लेकिन बाद में केरल हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल जज का आदेश पलट दिया। सेंसर बोर्ड को दोबारा फिल्म देखने का निर्देश दिया। लेकिन इस स्थिति में भी फिल्म की रिलीज पर संशय बना रहा। इसी बीच खबर सामने आई है कि 'द केरल स्टोरी 2' के टिकट के पैसे रिफंड किए जा रहे हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता ने अवमानना याचिका दायर करने से इंकार किया है।




### इस वजह से रिफंड हुआ टिकट का पैसा

फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की स्क्रीनिंग का विरोध करने वाले याचिकाकर्ता के वकील ने शुक्रवार को बताया बुक किए गए टिकट रिफंड किए जा रहे हैं। साथ ही फिल्म थिएटर में रिलीज नहीं हुई है। याचिकाकर्ता श्रीदेव नंबूदरी के वकील मैत्रेयी सचिदानंद हेगड़े ने PTI से बातचीत में कहा, 'हम फिल्म के प्रोड्यूसर के खिलाफ अवमानना याचिका दायर नहीं करेंगे क्योंकि फिल्म रिलीज नहीं हुई है, टिकट की बिक्री का पैसा भी रिफंड किया जा रहा है।'

एक अन्य याचिकाकर्ता सुश्री हेगड़े ने शुक्रवार को जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस के सामने कोर्ट में कहा था कि फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज पर रोक के बावजूद फिल्म के लिए टिकट बुकिंग जारी थी। लेकिन शुक्रवार को फिल्म बुकिंग और टिकट के पैसे रिफंड करने की बात सामने आई।

### क्या है फिल्म से जुड़ा पूरा विवाद?

हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं में 'द केरल स्टोरी 2' के मेकर्स को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मिले सर्टिफिकेशन को चुनौती दी गई थी। इन याचिकाओं में दावा किया गया कि फिल्म में केरल को गलत तरीके से दिखाया गया। इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है। फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिकाओं में, याचिकाकर्ता ने कहा कि फिल्म का टाइटल और प्रमोशनल मटीरियल दोनों ही केरल को गलत तरीके से दिखाते हैं। उनमें ऐसे थीम हैं जो भाईचारा बिगाड़ सकते हैं, कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ सकते हैं। एक याचिका में टाइटल से 'केरल' हटाने के लिए भी निर्देश देने की मांग की गई थी।

## होली में रंग जमाने लौटीं नेहा कक्कड़, एक महीने पहले किया था लंबे ब्रेक का ऐलान; यूजर्स ने किया ट्रोल





नेहा कक्कड़ ने जनवरी महीने में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर बताया था कि इमोशनल स्ट्रेस, नेगेटिविटी और इंडस्ट्री के दवाब के कारण वह लंबा ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया और पैपराजी से दूर रहने की बात की थी। लेकिन होली से पहले ही नेहा कक्कड़ ने अपने एक गाना लॉन्च कर दिया है। इस गाने को लेकर जहां फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं, वहीं कुछ लोगों ने ट्रोल भी किया है। ट्रोल्स का कहना है कि ब्रेक का एलान करने के बाद वह क्यों लौटीं? साथ ही उनके होली के गाने के बोल भी कुछ यूजर्स को पसंद नहीं आए हैं।

### होली के गाने पर ठुमके लगाती दिखीं नेहा

नेहा कक्कड़ ने होली का जो नया गाना गाया है, उसके बोल हैं- 'तेरे साथ में राजा होली खेलूंगीं'। इसमें वह मस्ती भरे अंदाज में होली खेल रही हैं। साथ ही जमकर ठुमके भी लगा रही हैं। इस गाने पर नेहा कक्कड़ का वही अंदाज नजर आ रहा है, जिसके लिए पिछले दिनों वह ट्रोल भी हुईं। इसे गाने में 'सूट टाइट' और 'तेरे लिए करती डाइट' जैसे शब्द भी शामिल हैं।

### यूजर्स ने किया खूब ट्रोल

नेहा कक्कड़ का होली सॉन्ग कुछ सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आया है। एक यूजर ने लिखा, 'यह हमेशा के लिए रिटायरमेंट क्यों नहीं लेती हैं।' एक अन्य यूजर्स ने लिखा, 'क्या उटपटांग गाने बनाती हैं। एक अन्य यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यह हमेशा के लिए म्यूजिक इंडस्ट्री से ब्रेक क्यों नहीं लेती हैं।' जबकि फैंस नेहा कक्कड़ के सपोर्ट में दिखे, उन्होंने इस होली सॉन्ग को खूब पसंद किया।

### पहले भी किया था नेहा कक्कड़ ने ब्रेक का ऐलान

नेहा कक्कड़ ने कोई पहली बार ब्रेक पर नहीं गई हैं। वह साल 2020 में भी ब्रेक पर गई थीं। उस वक्त इंडस्ट्री में नेपोटिज्म की बहस चल रही थी। नेहा ने आउटसाइडर होते हुए भी ब्रेक पर जाने की बात कही। लेकिन वह जल्द ही म्यूजिक की दुनिया में लौट आई थीं।

## 'मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे?' 'तू या मैं' के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श गौरव

अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं' में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की।

### दर्शक सिर्फ बड़े बजट की फिल्में देखना चाहते हैं

एक बातचीत में आदर्श गौरव ने कहा कि महामारी के बाद लोग सिर्फ बड़े बजट की फिल्में देखना चाहते हैं। वे एनिमल, बॉर्डर 2 या धुरंधर जैसी फिल्में देखना चाहते हैं। साथ ही मुझे लगता है कि 'तू या मैं' जैसी फिल्मों को देखने के लिए लोगों का एक निश्चित संख्या में आना भी जरूरी है। मैं यह नहीं कह रहा कि इन फिल्मों को बेतहाशा कमाई करनी चाहिए, लेकिन अगर ये लगातार घाटे में चलती रहीं, तो इससे निर्माता कहानियों के साथ प्रयोग करने से बचने लगेंगे। फिर आपको सिर्फ बड़े सितारों वाली बड़ी फिल्में ही देखने को मिलेंगी।



फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे? ओटीटी प्लेटफॉर्म भी अब इसी तरह की बातों का ध्यान रख रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि लोग इसे देखने के बाद निराश नहीं होंगे। दरअसल, मुझे लिखने वाले दस में से नौ लोगों ने बताया कि फिल्म के बारे में उनकी पहले से ही एक सोच थी, लेकिन फिल्म देखने के बाद वह बदल गई।

### शाहरुख खान की फिल्म से की करियर की शुरुआत

आदर्श गौरव ने अपने करियर की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म 'माय नेम इज खान' से की थी। इस फिल्म में उन्होंने शाहरुख खान के कम उम्र का किरदार निभाया था। लेकिन आदर्श को पहचान 2021 में आई फिल्म 'व्हाइट टाइगर' से मिली। फिल्म में उनके साथ प्रियंका चोपड़ा और राजकुमार राव भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। इश फिल्म में उनके काम को काफी सराहा गया।

# क्या बिग बी को किसी ने दिया धोखा? वफादार पुरुषों की कमी पर जताई चिंता



महानायक अमिताभ बच्चन 83 साल की उम्र में भी फिल्मों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। वो अक्सर ट्वीट और ब्लॉग्स पर अपने विचार साझा करते रहते हैं। हालांकि, बिग बी के अधिकांश ट्वीट्स लोगों में उत्सुकता जगाते हैं और लोग उनका अर्थ समझने का प्रयास करते हैं। अब एक बार फिर बिग बी ने अपने ट्वीट में कुछ ऐसा लिखा है, जिसका अर्थ लोग नहीं समझ पा रहे हैं। यही कारण है कि कुछ यूजर्स उनसे उसका अर्थ समझने की बात कर रहे हैं, तो वहीं कई इस पर फनी कमेंट कर रहे हैं।

### वफादार पुरुष को लेकर बिग बी ने किया ट्वीट

अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स पर वफादार व्यक्ति को लेकर एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में बिग बी ने लिखा, 'वफादार पुरुष दुनिया के हर कोने में पाए जाते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पृथ्वी गोल है।' बिग बी का ये ट्वीट सामने आने के बाद लोग इसका संदर्भ समझने की कोशिश करने लगे।

वहीं कुछ लोग ये भी चिंता जताने लगे कि क्या बिग बी को किसी ने धोखा दिया है, जिस वजह से वो वफादारी की बात कर रहे हैं। यही कारण रहा कि बिग बी के इस ट्वीट पर कई अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं।

### फैंस हुए कन्फ्यूज

वफादार पुरुषों की कमी को लेकर किए गए बिग बी के इस ट्वीट किया से प्रशंसक यह सोचने पर मजबूर हो गए कि उनका मतलब क्या है? एक यूजर ने कमेंट में लिखा, 'बिग बी कुछ गंभीर दार्शनिक बातें कह रहे हैं। लगता है, वफादार लोग ढूंढना वैसे भी मुश्किल है, ऊपर से भौगोलिक स्थिति भी एक बाधा बन जाती है।' एक अन्य ने कमेंट में पूछा, 'क्या ये कोई कबूलनामा है या कुछ और?' एक ने मजाक में कहा, 'तो इसका मतलब है कि आप वफादार नहीं हैं?' एक प्रशंसक ने लिखा लगता है खुद पर कटाक्ष कर रहे हैं। जबकि एक यूजर ने इसे टिपिकल पापा वाला जोक करार दिया।

### 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल में नजर आएंगे बिग बी

वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में बिग बी ने 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल की शूटिंग शुरू की है। पिछले दिनों बिग बी ने फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें साझा की थीं। इसमें वो फिल्म के अपने अश्वत्थामा के गेटअप में नजर आ रहे हैं। इस दौरान सेट पर कमल हासिन भी नजर आए थे। दोनों के बीच अच्छी बातचीत और मुस्कुराहट के साथ तस्वीर सामने आई थी। बिग बी आखिरी बार रजनीकांत के साथ फिल्म 'वेट्टैयन' में नजर आए थे। यह फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी।

## शिल्पा ने 'बास्टियन' बंद होने की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने आखिरकार अपने फेमस रेस्तरां बास्टियन के बंद होने की अफवाहों और उनके पति राज कुंद्रा को लेकर छाई नकारात्मक पब्लिसिटी पर बयान दिया है। अभिनेत्री ने कहा है कि पिछले कई महीनों से उनके नाम और ब्रांड का जिक्र मीडिया में ऐसे तरीके से हो रहा है जैसे उनका नाम केवल क्लिकबेट बन गया हो। एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि जो बातें सोशल मीडिया पर चल रही हैं, उन पर वह आम तौर पर चुप रहती हैं। उनका मानना है कि एक सेलिब्रेटी को कभी शिकायत नहीं करनी चाहिए और कभी स्पष्टीकरण नहीं देना चाहिए। लेकिन इस बार उन्होंने चुप्पी तोड़ी क्योंकि चर्चाओं का असर उनके प्यार से बनाया गया बास्टियन ब्रांड पर पड़ रहा था। उन्होंने साफ कहा कि चाहे खबरें कैसी भी हों, उनकी प्रतिष्ठा और काम की ईमानदारी लोगों को पहचान में आती है और यही वजह है कि ब्रांड आज भी मजबूती से खड़ा है। शिल्पा ने मीडिया में चल रही अफवाहों को नकारते हुए कहा कि उन्होंने जानबूझकर सोशल मीडिया पर ब्रांड से जुड़ी बातें साझा कीं, ताकि गलतफहमियों को दूर किया जा सके। बातचीत में बास्टियन के मूल संस्थापक रणजीत बिंद्रा भी मौजूद थे। उन्होंने हंसते हुए कहा कि किसी भी तरह की पब्लिसिटी अच्छी पब्लिसिटी होती है। शिल्पा ने भी माना कि नकारात्मक खबरों में भी कुछ सकारात्मक सीख मिलती है, खासकर जब लोग सकारात्मक सोच के साथ मुद्दों को लेते हैं। शिल्पा ने यह भी कहा कि लोग सही और गलत में फर्क करना जानते हैं, और वो अपने काम के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि बास्टियन अपने ग्राहकों को वही दे रहा है जो उन्हें चाहिए।

# दीपिका पादुकोण नहीं होंगी इंटरनेशनल सीरीज 'द व्हाइट लोटस' का हिस्सा?

दीपिका पादुकोण लंबे वक्त से बड़े पर्दे से दूर हैं। इस बीच पिछले काफी वक्त से दीपिका पादुकोण को लेकर चर्चाएं चल रही थीं कि वो एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'द व्हाइट लोटस' के चौथे सीजन में नजर आ सकती हैं। लेकिन अब इन खबरों को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। जिससे दीपिका के इस सीरीज का हिस्सा होने न होने के बारे में पता चलता है।

### दीपिका नहीं देना चाहती थीं ऑडिशन

वैरायटी इंडिया के अनुसार, दीपिका पादुकोण से इस शो के लिए संपर्क किया गया था और बातचीत भी हुई थी। लेकिन अब ऐसा बताया जा रहा है कि शो के लिए ऑडिशन देना अनिवार्य था। लेकिन दीपिका ऐसा नहीं करना चाहती थीं, इसलिए वो अब सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि 'द व्हाइट लोटस' के लिए ऑडिशन कास्टिंग प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा है। निर्माता कलाकारों को साइन करने से पहले उनका ऑडिशन लेना चाहते थे। दीपिका ऑडिशन देने के लिए इच्छुक नहीं थीं।

यही कारण था कि उन्हें 'द व्हाइट लोटस' का मौका छोड़ना पड़ा। यह पहली बार नहीं है जब शो ने उनसे संपर्क किया है। बताया जा रहा है कि उनसे पहले तीसरे सीजन के लिए भी संपर्क किया गया था, लेकिन तब उन्होंने प्रेग्नेंसी के कारण ऑफर को ठुकरा दिया था।



### 2017 में दीपिका ने किया हॉलीवुड डेब्यू

हालांकि, अभी तक दीपिका पादुकोण या उनकी टीम की ओर से इन खबरों पर कोई स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। लेकिन अगर दीपिका इस सीरीज का हिस्सा बनतीं, तो यह उनका दूसरा इंटरनेशनल प्रोजेक्ट होता। दीपिका ने साल 2017 में आई फिल्म xXx: Return of Xander Cage से हॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में दीपिका विन डीजल, डोनी येन, क्रिस वू, रूबी रोज, टोनी जा, नीना डोब्रेव और टोनी कोलेट समेत कई जाने-माने कलाकारों के साथ नजर आई थीं।

### फ्रांस में हो सकती है चौथे सीजन की शूटिंग

माइक व्हाइट द्वारा निर्मित, लिखित और निर्देशित 'द व्हाइट लोटस' का प्रीमियर 11 जुलाई 2021 को हुआ था। यह ब्लैक कॉमेडी-ड्रामा एंथोलॉजी है, जिसे काफी पसंद किया गया। पहला सीजन हवाई में फिल्माया गया था, इसके बाद दूसरा सीजन सिसिली में और तीसरा सीजन थाईलैंड में फिल्माया गया। अब आगामी चौथे सीजन की शूटिंग फ्रांस में होने की खबर है।

### शाहरुख के साथ 'किंग' में नजर आएंगी दीपिका

दीपिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार साल 2024 में आई फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। हालांकि, इस बीच पिछले साल दीपिका अपनी 8 घंटे काम करने की शिफ्ट वाले बयान को लेकर सुर्खियों में रहीं। वहीं उनकी इसी शर्त के चलते उनके 'कल्की 2898 एडी' के सीक्वल और 'स्पिरिट' जैसी फिल्मों से हटने की खबरें भी सुर्खियों में रहीं। अब दीपिका शाहरुख खान के साथ 'किंग' में नजर आएंगी।

यह फिल्म इसी साल क्रिसमस पर 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। इसके अलावा उनकी पाइपलाइन में एटली द्वारा निर्देशित अल्लू अर्जुन की भी एक फिल्म है। काफी बड़े स्तर पर बनने वाली इस फिल्म का टाइटल अभी तक फाइनल नहीं हुआ है।

# टीएमसी ने राज्यसभा के लिए 4 कैंडिडेट का ऐलान किया

## इनमें सुप्रीम कोर्ट के वकील मेनका गुरुस्वामी का नाम, जीते तो पहले एलजीबीटीक्यू सांसद होंगे

कोलकाता, 28 फरवरी (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार शाम को राज्यसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। इनमें मंत्री बाबुल सुप्रियो, बंगाल के पूर्व डीजीपी राजीव कुमार, सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी और एक्ट्रेस कोयल मल्लिक का नाम शामिल है।

टीएमसी ने X पर एक पोस्ट में लिखा- हम इन उम्मीदवारों को दिल से बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। वे तृणमूल की मजबूती की विरासत और हर भारतीय के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए उसके पक्के वादे को बनाए रखेंगे।

पश्चिम बंगाल समेत महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से चुने गए 37 सदस्यों का टर्म अप्रैल महीने में खत्म हो जाएगा। इन खाली सीटों पर 16 मार्च को वोटिंग होगी।

बंगाल से 2026 में राज्यसभा की पांच सीटें खाली हो रही हैं। इनमें से चार टीएमसी के पास थीं। 294 सदस्यों वाली विधानसभा में मजबूत संख्या के साथ टीएमसी पांच में से चार



राज्यसभा सीटें जीतने वाली है, जबकि विपक्षी बीजेपी को एक सीट मिलने की उम्मीद है।

टीएमसी ने जिस सीनियर एडवोकेट मेनका अपना उम्मीदवार बनाया है, वे एलजीबीटीक्यू से हैं। अगर वे जीत जाते हैं तो संसद के इतिहास में पहला मौका होगा, जब कोई एलजीबीटीक्यू सदस्य सांसद बनेगा।

**10 राज्यों में राज्यसभा चुनाव का शेड्यूल**

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) ने बुधवार को चुनाव प्रोसेस शुरू करने के लिए 26 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। नॉमिनेशन की आखिरी तारीख 5 मार्च है। 6 मार्च को स्क्रूटनी होगी।

उम्मीदवार 9 मार्च तक नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। वोटिंग 16 मार्च को होगी। वोटों की गिनती उसी दिन शाम 5 बजे होगी। चुनाव का प्रोसेस 20 मार्च तक पूरा हो जाएगा।

**टीएमसी के उम्मीदवारों के बारे में**

**बाबुल सुप्रियो:** सुप्रियो, मोदी सरकार में पूर्व केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। केंद्रीय मंत्रिपरिषद से बाहर किए जाने के बाद बीजेपी छोड़ दी। सितंबर 2021 में टीएमसी में शामिल हो गए थे। बाद में उन्होंने टीएमसी टिकट पर बल्लीगंज विधानसभा उपचुनाव जीता।

ममता सरकार में मंत्री हैं। उनके नॉमिनेशन को उनकी राजनीतिक स्थिति बदलने और राज्य सरकार में लगातार भूमिका के लिए इनाम के तौर पर देखा जा रहा है।

**राजीव कुमार:** कुमार इंडियन पुलिस सर्विस के पूर्व ऑफिसर हैं। इन्होंने पश्चिम बंगाल के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस के तौर पर काम किया है। इससे पहले कोलकाता पुलिस के हेड थे। सारदा चिट फंड केस की जांच के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार और सेंट्रल एजेंसियों के बीच हुए हाई-प्रोफाइल टकराव के सेंटर में भी वे थे।

**मेनका गुरुस्वामी:** सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट हैं। गुरुस्वामी उन वकीलों में से थे जिन्होंने 2018 में आईपीसी की धारा 377 को हटाकर भारत में होमोसेक्सुअलिटी को अपराध की श्रेणी से बाहर करने वाले ऐतिहासिक संवैधानिक चैलेंज में पिटीशनर्स का प्रतिनिधित्व किया था।

**कोएल मलिक:** मल्लिक बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की एक जानी-मानी एक्टर हैं और पुराने एक्टर रंजीत मल्लिक की बेटी हैं। उनके नॉमिनेशन को टीएमसी की अपर हाउस में जाने-माने पब्लिक फिगर्स को उतारने की स्ट्रैटेजी का हिस्सा माना जा रहा है।

50 साल की मेनका ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, हार्वर्ड लॉ स्कूल और नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया से पढ़ाई की है। वे कॉमन लॉ, संवैधानिक कानून, कॉर्पोरेट और सफेदपोश अपराध (White-Collar) के क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं।

मेनका और उनकी पार्टनर अरुंधति काटजू दोनों ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि वे एक कपल हैं। यह कदम एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए एक बड़ा संदेश रहा।

2019 में टीआईएमई मैगज़ीन ने इन्हें दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में भी शामिल किया था, उनके एलजीबीटीक्यू अधिकारों के काम और प्रभाव के लिए।

गुरुस्वामी ने सेक्शन 377 के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से हटाते हुए संविधान के तहत मौलिक अधिकारों के तौर पर मान्यता दी थी।

उन्होंने यह कहा था कि संविधान को सिर्फ यौन कृत्यों तक नहीं बल्कि प्रेम और समान अधिकारों तक भी मान्यता देनी चाहिए।

# देवघर नगर निगम चुनाव में अजब संयोग!

## बेटा मेयर और मां पार्षद बनीं पति-पत्नी ने भी हासिल की जीत

देवघर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। देवघर नगर निगम के चुनाव में दो ऐसे संयोग बने जिनकी शहर ही नहीं पूरे झारखंड में चर्चा हो रही है। यहां मां पार्षद और बेटा मेयर की चुनाव जीता। इसके अलावा दो वार्डों में पति और पत्नी चुनाव लड़े और दोनों जीत गए। मेयर पद के चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) जेएमएम समर्थित रवि राउत ने बीजेपी समर्थित प्रत्याशी रीता चौरसिया को 5148 वोटों से पराजित कर दिया।

इतना ही नहीं, रवि राउत की मां प्रतिमा देवी ने भी वार्ड नंबर 28 के पार्षद के चुनाव में जीत हासिल की। शहर के वार्ड नंबर 16 में सलाउद्दीन संजू ने जीत हासिल की और वार्ड नंबर 17 के चुनाव में उनकी पत्नी फातमा उर्फ नन्हीं को विजय मिली।

देवघर के मेयर चुने गए रवि राउत एक अत्यंत साधारण परिवार से हैं। शहर में लोकप्रिय और मिलनसार रवि राउत ने नगर निगम के चुनाव में ऐसी रणनीति बनाई कि उनके प्रतिद्वंद्वी मात खा गए। सिर्फ रवि राउत ही नहीं उनकी मां प्रतिमा देवी ने भी प्रतिस्पर्धियों को परास्त कर दिया। देवघर में इस मां-बेटे की जोड़ी ने इतिहास रच दिया। रवि राउत सरल स्वभाव और स्वच्छ छवि



वाले नेता हैं। इसी कारण चुनाव में वोटरों ने उनको समर्थन दिया। उनकी मां प्रतिमा देवी वार्ड क्रमांक 28 में पार्षद की चुनाव जीतीं।

जब देवघर नगर निगम चुनाव के नतीजे आए तो रवि राउत मां प्रतिमा देवी के चरणों में गिर गए। विजेता मां-बेटे के लिए यह खुशी के क्षण थे। रवि राउत ने कहा कि उनके लिए यह बड़ी खुशी का मौका है क्योंकि उनकी मां भी अब पार्षद बन गई हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 28 के लोगों ने उन्हें और उनके परिवार को इतना प्यार दिया है, जिसका कर्ज वे कभी नहीं उतार पाएंगे। उन्होंने कहा कि, मेयर पद पर उनकी जीत पूरे निगम क्षेत्र की जनता की जीत है।

देवघर के नगर निगम चुनाव में दूसरा कमाल पार्षद पदों के चुनाव में हुआ। यहां आपस में सटे दो वार्डों में पति-पत्नी पार्षद बन गए। वार्ड नंबर 16 में सलाउद्दीन असलम उर्फ संजू को जीत मिली। इसके साथ वार्ड नंबर 17 में उनकी असलम की पत्नी फातमा, जो नन्हीं के नाम से लोकप्रिय हैं, जीत गईं। फातिमा ने पहली बार चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। सलाउद्दीन असलम इससे पहले दो बार पार्षद रह चुके हैं। वे सन 2008 और 2013 में वार्ड नंबर 16 से ही पार्षद चुने गए थे।

# केजरीवाल ने कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा की

## मनीष सिसोदिया-संजय सिंह भी साथ रहे कल दिल्ली शराब नीति केस में बरी हुए



नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के पूर्व सीएम और आप नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा की।

उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, आप सांसद संजय सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

एक दिन पहले ही दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई मामले में केजरीवाल-सिसोदिया समेत 23 लोगों को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बरी किया था। कल शाम केजरीवाल ने आप दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी।

उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी और अमित शाह ने हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचा। वे आप को हरा नहीं पाए तो खत्म करने जुट गए। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई, कोर्ट में ये साबित हो गया।

दरअसल, आरोप है कि दिल्ली में 2021-22 की आबकारी नीति में घोटाला हुआ है। केजरीवाल की सरकार के दौरान नई शराब नीति में लाइसेंस देने और मार्जिन तय करने में अनियमितताएं हुईं।

इससे कुछ निजी कारोबारियों को फायदा पहुंचा। बाद में यह नीति वापस ले ली गई। सीबीआई केस में आरोपियों को बरी किया गया है। ईडी मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

# मोहन भागवत की फिर लखनऊ में बैठक

## 2027 चुनाव से पहले आरएसएस-बीजेपी में हलचल तेज, समीक्षा में पहुंचे सीएम योगी

लखनऊ, 28 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव भले ही फरवरी-मार्च 2027 में होने वाले हों, सियासी दलों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। एक दशक बाद प्रदेश की सत्ता से भारतीय जनता पार्टी को हटाने के लिए तमाम विपक्षी दल रणनीतियां तैयार करने में जुटे हैं। वहीं, सत्ताधारी भाजपा एक बार फिर सत्ता में वापसी की कोशिशों में जुटी है। हालांकि, लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम ने सत्ताधारी दल के लिए खतरे की घंटी बजाई है। चुनाव से पहले अति-आत्मविश्वास और जनता से जनप्रतिनिधियों के कटने का खामियाजा पार्टी भुगत चुकी है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी एक्टिव मोड में नजर आ रही है। संघ प्रमुख मोहन भागवत लगातार प्रदेश की यात्रा पर रहे हैं। वे 15 दिनों में दूसरी बार प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंच रहे हैं। इसको लेकर शनिवार को हुई



समीक्षा बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ भी पहुंचे।

संघ प्रमुख मोहन भागवत एक बार फिर लखनऊ आ रहे हैं। रविवार को संघ प्रमुख के लखनऊ के सरस्वती कुंज में बैठक की बात सामने आई है। इससे पहले भी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ और मोहन भागवत की बैठक हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, संघ प्रमुख एक मार्च की सुबह दिल्ली से लखनऊ पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से वे सीधे निरालानगर स्थित संघ कार्यालय जाएंगे। इसी शाम को उनके दिल्ली वापसी की भी चर्चा है।

हालांकि, एक दावा यह भी किया जा रहा है कि संघ प्रमुख आज शाम को भी लखनऊ पहुंच सकते हैं। संघ प्रमुख के लखनऊ दौरे को लेकर कार्यक्रमों की सूची बाहर नहीं आई है। हालांकि, दावा किया जा रहा है कि मोहन भागवत इस दौरे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ मुलाकात कर सकते हैं।

इसको लेकर उनके आज लखनऊ आने की बात सामने आई। साथ ही, इस दौरे के दौरान उनके सीएम योगी आदित्यनाथ और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल से भी मुलाकात की चर्चा है।

**16 फरवरी को किया था दौरा**

संघ प्रमुख का पिछले 15 दिनों में यह दूसरा लखनऊ दौरा होने जा रहा है। इससे पहले संघ प्रमुख 16 फरवरी को गोरखपुर से लखनऊ पहुंचे थे। इस दौरान 18 फरवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ उनकी करीब 40 मिनट की मुलाकात हुई थी। साथ ही, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक से भी अलग अलग 30 मिनट की मुलाकात कर चुके हैं। 2027 विधानसभा चुनाव से पहले मोहन भागवत काफी एक्टिव दिख रहे हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने फरवरी माह में गोरखपुर, लखनऊ और मेरठ का दौरा किया है। फिर से वे लखनऊ पहुंचने वाले हैं। उनकी सक्रियता ने यूपी की सियासत में चर्चा शुरू कर दी है कि आखिरकार उनकी प्रदेश में इतनी दिलचस्पी क्यों है? कहीं लोकसभा चुनाव वाली गलती न दोहराए, इसको लेकर सक्रियत की भी चर्चा है।

# मेदिनीनगर में अरुणा शंकर की फिर जीत

## कांटे की टक्कर में 3,122 वोटों से नम्रता पर बढ़त, आधी रात घोषित हुआ परिणाम



पलामू, 28 फरवरी (एजेंसियां)। मेदिनीनगर नगर निगम के मेयर पद का परिणाम शुक्रवार देर रात घोषित हुआ, जिसमें भाजपा समर्थित अरुणा शंकर ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की।

उन्होंने कांग्रेस समर्थित नम्रता त्रिपाठी को 3,122 मतों के अंतर से पराजित किया। आधिकारिक आंकड़े रात करीब 12 बजे जारी किए गए। मतगणना के दौरान हर राउंड में रोमांच बना रहा।

पहले राउंड में नम्रता त्रिपाठी को 5,217 और अरुणा शंकर को 3,540 वोट मिले, जिससे नम्रता 1,677 मतों से आगे थीं।

दूसरे राउंड में अरुणा ने जोरदार वापसी करते हुए 296 वोटों की बढ़त बना ली। तीसरे राउंड में फिर समीकरण बदले और नम्रता 171 मतों से आगे निकल गईं। तीसरे राउंड तक नम्रता को 13,020 और अरुणा को 12,849 वोट मिले थे।

**चौथे राउंड में निर्णायक बढ़त, आखिरी दौर में पक्की हुई जीत**

चौथे राउंड में अरुणा शंकर ने 1,484 वोटों की निर्णायक बढ़त हासिल कर मुकाबले की दिशा बदल दी। चौथे राउंड तक उनके 17,778 और नम्रता त्रिपाठी के 16,294 मत हो चुके थे। अंतिम पांचवें राउंड की गिनती आधी रात तक चली।

# सट्टा गिरोह के दो मास्टरमाइंड गिरफ्तार

रायपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। रायपुर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा और पेमेंट गेट-वे चलाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने सट्टा सिंडिकेट के 2 मुख्य सरगना को रायपुर से पकड़ा है।

सिंडिकेट के सरगना से पूछताछ के बाद रायपुर पुलिस ने गोवा में रेड मारकर सट्टा सिंडिकेट से जुड़े 5 आरोपियों को पकड़ा है। आरोपी गोवा में किराए का विला लेकर टी-20 विश्व कप के दौरान करोड़ों का दांव लगवा रहे थे। आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल, एटीएम कार्ड, क्रिप्टो राशि और अन्य सामग्री जब्त की गई है। पुलिस ने सिंडिकेट के मुख्य सरगना सहित 7 आरोपियों को धर दबोचा है। गिरफ्तार आरोपियों में से दो आरोपियों का नाम सैंकी और प्रतीक है।

# नक्सली-डंप से 46 लाख 31 हजार कैश मिला

गरियाबंद, 28 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में नक्सली डंप से 46 लाख कैश मिला है। ओडिशा बॉर्डर से लगे भालूडिग्गी पहाड़ जहां नक्सलियों की बैठके होती थी। इसी इलाके के निचले हिस्से में जमीन पर बड़ी मात्रा में कैश और डंप ड्रम में गाड़कर रखा गया था। सरेंडर नक्सलियों के इनपुट पर 28 फरवरी को पुलिस और सुरक्षाबलों ने बरामद किया।

1 साल पहले इसी इलाके में 80 घंटे तक चले एनकाउंटर में 16 नक्सली मारे गए थे। जिसमें 90 लाख इनामी और सीसी मेंबर चलपति भी मारा गया था। चलपति भालूडिग्गी पहाड़ से धमतरी, नुआपड़ा और गरियाबंद जिले को कंट्रोल करता था। ये पहाड़ नक्सलियों का डेरा होता था, हालांकि अब यहां एक भी नक्सली नहीं बचे हैं। मामला मैनपुर थाना क्षेत्र का है। पहले डंप से बरामद कैश में 2 लाख के 2 हजार के पुराने नोट और बाकी 500 रुपए के नोट हैं। दूसरे डंप में ग्रेनेड, बंदूक, हथियार थे।

# शादी करने वाले हैं धीरेंद्र शास्त्री, बोले-जल्द खुशखबरी देंगे

## मां से कहा- लड़की देखना शुरू करो, गुरु आज्ञा पर माता की पसंद से होगा विवाह

खजुराहो, 28 फरवरी (एजेंसियां)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपनी शादी को लेकर कहा है कि शादी निश्चित रूप से होगी और जल्द ही अच्छी खबर मिलेगी। उन्होंने कहा कि गुरु की आज्ञा मिलने के बाद वह जल्द ही माता की पसंद से ही विवाह करेंगे।

धीरेंद्र शास्त्री ने स्पष्ट करते हुए कहा कि गुरु जी की आज्ञा हुई है। हमने माता जी को आज ही बोला है लड़की देख लो। उन्होंने आगे कहा कि उनके जीवन का सिद्धांत रहा है कि जो बातें उन्होंने कही हैं, वे देर से ही सही, पूरी हुई हैं।

शास्त्री ने बताया कि वह 21 दिनों तक बद्रीनाथ में साधना करेंगे, जिसमें पांच दिन की विशेष तपस्या शामिल होगी। इस साधना के पूर्ण होने के बाद शादी की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। धीरेंद्र शास्त्री की इस घोषणा के बाद उनके अनुयायियों में उत्सुकता



बढ़ गई है। लंबे समय से उनकी शादी को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। उन्होंने दोहराया कि यह विवाह उनकी व्यक्तिगत इच्छा से नहीं, बल्कि गुरु की आज्ञा और माता की पसंद के आधार पर होगा।

1 फरवरी 2023- सोशल मीडिया और कुछ अन्य माध्यमों में यह चर्चा उठी कि कथावाचक जया किशोरी से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की शादी होगी। हालांकि दोनों की ओर से इसे लेकर स्पष्टीकरण नहीं आया।

15 नवंबर 2025- धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा चल रही थी। यात्रा में जया किशोरी भी शामिल हुई थीं। तब फिर एक बार दोनों की शादी को लेकर चर्चा छिड़ी थी।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने करीब 11 महीने पहले एक न्यूज चैनल पर अपनी शादी की योजनाओं पर खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा कि वे शादी करेंगे। उन्हें ऐसा जीवनसाथी चाहिए जो उन्हें और उनके परिवार को समझ सके। शास्त्री ने कहा कि उन्हें वाइफ नहीं, अर्धांगिनी चाहिए। उन्होंने शादी के कुछ प्रपोजल के किस्से भी साझा किए। इस दौरान बताया था कि 40-42 साल की एक महिला ने तो अपने पति को तलाक देकर उनसे शादी का प्रस्ताव रखा था। एक और चौंकाने वाली घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक महिला भक्त ने तीन साल से पूजा और व्रत रखने का हवाला देते हुए शादी की मांग की। जब उनकी बात नहीं मानी गई तो उसने नस काट ली। महिला ने बारात की तारीख मांगी और डेट न मिलने पर यह कदम उठाया। उन्होंने कहा, हम डर गए, बड़ी मुश्किल से मामला छूटा। पिछले साल सिडनी में अपनी कथा के दौरान भारत में हो रही शादियों के बाद मर्डर की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की थी। धीरेंद्र शास्त्री ने इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना के बाद अविवाहित पुरुषों में डर का माहौल है।

# 10वीं छात्रा गैंगरेप-मर्डर केस, एसपी बोले-जहरीले पदार्थ से हुई मौत

## पिता ने कहा- बेटी नौंवी तक जींद में पढ़ी, रोल नंबर लेने स्कूल गई थी

भिवानी, 28 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के चरखी दादरी में 10वीं की छात्रा से गैंगरेप और हत्या के मामले में पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि वह कौन है। परिवार सहेली पर ही आरोप लगा रहा है कि वही उसे बहला-फुसलाकर उन युवकों के पास लेकर गई थी।

लड़की के पिता ने कहा कि बेटी नौवीं क्लास तक जींद में अपने नाना के यहां पढ़ी। पिछले साल उसने 10वीं में चरखी दादरी में एडमिशन लिया था। 24 फरवरी को वह स्कूल में रोल नंबर लेने के लिए गई थी। इसके बाद उसके साथ यह घटना हुई। 26 फरवरी को उसका पहला बोर्ड का एग्जाम होना था। शुक्रवार शाम को जींद में लड़की का अंतिम संस्कार किया गया।

उधर, चरखी दादरी एसपी अर्श वर्मा का कहना है कि मृतका का पोस्टमॉर्टम बोर्ड से कराया गया था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि जहरीला पदार्थ निगलने से ही छात्रा की मौत हुई।

**नौंवी तक जींद में पढ़ी:** लड़की के पिता ने बताया कि बेटी बचपन से ही अपने ननिहाल जींद में रही है।

नौंवी तक की पढ़ाई अपने नाना के पास ही की। 10वीं करने के लिए वह वह चरखी दादरी आ गई थी। उसने जिले में पड़ने वाले एक सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया। वह रोजाना रोडवेज बस से स्कूल में पढ़ने के लिए जाती थी।

**24 फरवरी को स्कूल गई थी:** व्यक्ति ने बताया कि इस साल उसके हरियाणा बोर्ड के एग्जाम थे। 26 फरवरी को बेटी का पहला पेपर होना था। 24 फरवरी को बेटी स्कूल में रोल नंबर लेने के लिए गई थी। यह स्कूल घर से करीब 2 किलोमीटर दूर है। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी।

**सहेली चरखी दादरी लेकर गई:** व्यक्ति ने आगे बताया कि बेटी को सतनाली की रहने वाली उसकी सहेली स्कूल के बाद चरखी दादरी ले गई। वहां बेटी रोज गार्डन में बेसुध हालत में पड़ी मिली। यह एरिया उनके घर से करीब 37 किलोमीटर दूर है। सहेली ही बेटी को बहला-फुसलाकर चरखी दादरी लेकर आई थी। पहले वह उसे एक कॉफी शॉप में ले गई। वहां पहले से कुछ युवक मौजूद थे। उन युवकों ने बेटी को कुछ नशीला पदार्थ दिया। इसके बाद उससे रेप किया।

**बेटी की दूसरी सहेली का फोन आया:** व्यक्ति ने आरोप लगाया कि बेटी को जब होश आया तो उसने अपनी सहेली को फोन किया। इसके बाद बेटी की दूसरी सहेली का मेरे पास फोन आया और उसने बताया कि बेटी को कुछ नशीला पदार्थ दिया गया है। जब उसने बेटी की फोन किया तो उसने कॉल नहीं उठाई। कुछ देर बाद रोज गार्डन से एक व्यक्ति का फोन आया कि आपकी बेटी बेसुध हालत में मिली है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# शराब घोटाला केस: सौम्या चौरसिया को मिली बेल

बिलासपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला केस में गिरफ्तार पूर्व सीएम भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी रहीं सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। हालांकि, कोर्ट ने कुछ शर्तें भी रखी हैं। ऐसे में उनका जेल से बाहर आना मुश्किल है।

दरअसल, सौम्या चौरसिया को पहले कोयला घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। लंबे समय तक जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई थी। 2 महीने पहले ही शराब घोटाले केस में फिर उसे ईडी और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने गिरफ्तार किया था। जिस पर हाईकोर्ट ने बेल दी है।

सौम्या के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने दैनिक भास्कर को बताया कि शर्त ये है कि ईओडब्ल्यू ने बेल दे दी है। इसमें कंडीशन ये दी गई है कि जिस दिन इस केस में चार्जशीट पेश होगा, उस दिन उन्हें जमानत मिलेगी। वकील के मुताबिक, आज से 45 दिन बाद सौम्या जेल से बाहर आ जाएगी।

सौम्या चौरसिया ने अपनी गिरफ्तारी के बाद हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्हें सुप्रीम कोर्ट का रूख करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने 9 फरवरी को सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। सौम्या के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि, केंद्र और राज्य सरकार की जांच एजेंसियां नई-नई एफआईआर दर्ज कर बार-बार गिरफ्तारी कर रही हैं। यह सब राजनीतिक षड्यंत्र के तहत किया जा रहा है।

याचिका में यह भी कहा कि अब तक उन्हें 6 बार हिरासत में लिया जा चुका है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह पहले हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर करें। साथ ही हाईकोर्ट को उनकी याचिका पर प्राथमिकता से सुनवाई करने कहा था।



# खामेनेई या डोनाल्ड ट्रंप ?

## तोपखाना नहीं किसकी तिजोरी में है सबसे ज्यादा पैसा?



नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। ईरान ने इजराइल के साथ-साथ 7 और देशों पर एक साथ हमला किया है। इस शुरू हुई जंग में डोनाल्ड ट्रंप और खामेनेई की चर्चा खूब हो रही है। दोनों देशों के तोपखाने और गोला-बारूद भी चर्चा में आए हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इन दोनों में से किसकी तिजोरी में ज्यादा पैसा है यानी की इनमें से किस नेता की नेटवर्थ ज्यादा है? इसे डिटेल में समझते हैं। ईरान ने ऑपरेशन फतह-ए-खैबर के तहत एक साथ सात देशों पर बड़े हमले का दावा किया है। इन देशों में इजराइल, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत, जॉर्डन, कतर और बहरीन शामिल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जवाबी कार्रवाई में सबसे अधिक नुकसान अमेरिका को हुआ, क्योंकि उसके छह ठिकानों पर मिसाइल हमले किए गए। इस भीषण हमले के बाद इजराइल में आपात स्थिति घोषित किए जाने की खबर है।

**डोनाल्ड ट्रंप की नेटवर्थ**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब से सत्ता में आए हैं, तभी से वह अपनी उपयोगिता दिखाने और जताने के चक्कर में लगे हैं। पहले उन्होंने टैरिफ का गेम खेला और अब इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया है। इस हमले से इकोनॉमी के स्तर पर दुनिया को भारी नुकसान तो हो सकता है। मगर डोनाल्ड ट्रंप ने तनाव के बीच में ही अपनी खुद की नेटवर्थ में बढ़ोतरी की है। बीते एक सालों में उनकी दौलत में शानदार इजाफा हुआ है। फोर्ब्स के रियल टाइम बिलेनियर की लिस्ट के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अभी की नेटवर्थ 6.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। जो कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की लिस्ट में 658 वें नंबर पर हैं।

**खामेनेई की दौलत**

अयातुल्ला अली खामेनेई की संपत्ति को लेकर अलग-अलग दावे सामने आते रहे हैं। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक विस्तृत जांच में बताया गया था कि सेताद नामक संगठन के माध्यम से करीब 95 अरब डॉलर के आर्थिक नेटवर्क पर उनका प्रभाव माना जाता है। हालांकि, इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं मिले हैं कि वह इस संपत्ति का व्यक्तिगत उपयोग कर स्वयं को समृद्ध कर रहे हैं। सेताद को शासन की आर्थिक शक्ति और संसाधनों को केंद्रित करने वाला ढांचा माना जाता है। अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद ईरान ने आर्थिक दबाव से निपटने के लिए वैकल्पिक तंत्र विकसित किए। रिपोर्टों के अनुसार, तस्करी, क्रिप्टोकरेंसी और तथाकथित घोस्ट टैंकरों के जरिए तेल निर्यात जैसी रणनीतियों से प्रतिबंधों को दरकिनार करने की कोशिश की गई। इन उपायों ने शासन की आर्थिक संरचना को सहारा दिया, जबकि दूसरी ओर आम नागरिकों को महंगाई और बेरोजगारी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

# सेबी का नया सर्कुलर : क्या म्यूचुअल फंड योजनाओं की संरचना नामकरण और पारदर्शिता में होगा बड़ा बदलाव?



नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) ने 26 फरवरी को एक नया परिपत्र जारी कर म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण और संरचना में व्यापक बदलाव किए हैं। सेबी की ओर से किए गए इन बदलावों में नई कैटेगरी भी जोड़ी गईं, जिसमें कॉन्ट्रा फंड, सेक्टोरल डेट फंड और लक्ष्य आधारित लाइफ साइकिल फंड के साथ ही योजना के नामकरण, पोर्टफोलियो ओवरलैप और परिसंपत्ति आवंटन के लिए भी दिशानिर्देश निर्धारित किए गए हैं।

**क्या है इसका उद्देश्य ?**

इसका मुख्य उद्देश्य निवेशकों के लिए स्पष्टता और पारदर्शिता को बढ़ाने के साथ कई योजनाओं में दोहराव के जोखिम को कम करना भी है।परिसंपत्ति प्रबंधक कंपनियों (एएमसी) को परिपत्र जारी होने की तिथि से छह महीने के भीतर सभी मौजूदा योजनाओं में ये बदलाव लागू करने होंगे।

**मूल्य और कॉन्ट्रा फंड**

सेबी ने यह निर्धारित किया है म्यूचुअल फंड, वैल्यू फंड और कॉन्ट्रा फंड दोनों की पेश कर सकते हैं, लेकिन शर्त यह है कि दोनों के पोर्टफोलियो में 50 प्रतिशत से अधिक का ओवरलैप नही होना चाहिए। सेक्टोरल और थीमेटिक इक्विटी योजनाओं के लिए समान कैटेगरी की अन्य इक्विटी योजनाओं और अन्य इक्विटी श्रेणियों (इसमें लार्ज कैप योजनाओं को शामिल नहीं किया गया है) के साथ ओवरलैप 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता।

**योजनाओं के नामकरण को लेकर क्या किए गए बदलाव ?**

सेबी के परिपत्र में योजनाओं के नाम को लेकर भी स्पष्टता लाई गई है, इसमें योजना का नाम उसकी श्रेणी के अनुरूपर होना जरूरी है। नियामक ने योजना के नाम में केवल लाभ पर जोर देने वाले शब्दों या वाक्यों के प्रयोग पर रोक लगा दी है, जिसमें सभी योजनाएं अपने नाम के अनुरूप बनी रहे ।सेबी ने स्पष्ट किया है कि केवल नामकरण मानदंडों को पूरा करने के लिए किए गए बदलावों को मूलभूत विशेषता परिवर्तन नहीं माना जाएगा।

परिसंपत्ति प्रबंधकों को परिपत्र जारी होने की तिथि से छह महीने के अंदर सभी मौजूदा योजनाओं में ये बदलाव लागू करने का आदेश है।सेबी ने निवेशकों के लिए और अधिक पारदर्शिता बढ़ाने के लिए म्यूचुअल फंड्स को अब अपनी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) को वेबसाइट्स पर कैटेगरीवाइज पोर्टफोलियो ओवलैप (जैसे इक्विटी योजनाओं और अन्य इक्विटी पेशकशों के बीच डेट योजनाओं और हाइब्रिड योजनाओं के बीच) खुलासा करना अनिवार्य किया है। इन खुलासों को मासिक रूप से अपेडेट करना होगा, जिससे पोर्टफोलियो की समानताओं के सही तरह से समझने में आसानी होगी और निवेशकों को सही दिशा में निवेश करने में मदद मिलेगी।

सेबी के नए नियमों के तहत एक प्रमुख लाइफ साइकिल फंड्स की शुरुआत की गई है।यह ओपन एंडेड फंड लक्ष्य आधारित निवेश के लिए बनाया गया है। इसमें इक्विटी, डेट, इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट्स एक्सचेंज-ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव्स और गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ में निर्धारित परिपक्वता अवधि और ग्लाइड पाथ सुविधा होती है। लाइफ साइकिल फंड्स को 5 से 30 वर्षों के लिए पांच के गुणाकों में पेश किया जा सकता है और एसेट मैनेजर किसी भी समय सदस्यता के लिए अधिकतम छह सक्रिय फंड रख सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले पर ट्रंप नाराज

## अरबों डॉलर रिफंड की आशंका



नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के हालिया टैरिफ (आयात शुल्क) से जुड़े फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के चलते सैकड़ों अरब डॉलर विदेशी देशों और कंपनियों को वापस लौटाने पड़ सकते हैं, जिससे अमेरिका के आर्थिक हितों पर असर पड़ सकता है।

**फैसले से बढ़ी आर्थिक अनिश्चितता**

ट्रंप के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उन देशों और कंपनियों को बड़ा फायदा मिल सकता है, जो वर्षों से अमेरिकी व्यापार व्यवस्था का लाभ उठाती रही हैं। उन्होंने दावा किया कि अदालत के निर्णय के बाद अब ये संस्थाएं पहले से भी ज्यादा स्तर पर आर्थिक लाभ हासिल कर सकती हैं। इस बीच अमेरिका की अदालतों में टैरिफ रिफंड से जुड़े मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे व्यापारिक माहौल में अनिश्चितता बढ़ गई है।

**ट्रेड डील्स पर भी पड़ सकता है असर**

विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला ऐसे समय आया है जब कई अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते बातचीत के दौर में हैं। यदि बड़े पैमाने पर रिफंड की प्रक्रिया शुरू होती है, तो इससे अमेरिका की व्यापार नीति और भविष्य के समझौतों पर असर पड़ सकता है। कंपनियां और निवेशक भी अब नई कानूनी स्थिति को समझने में जुटे हैं।

**ट्रंप ने फैसले को बताया निराशाजनक**

ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि उन्हें विश्वास है कि सुप्रीम कोर्ट की मंशा अमेरिका को नुकसान पहुंचाने की नहीं रही होगी, लेकिन फैसला बेहद निराशाजनक है। उनके अनुसार, दशकों तक अमेरिका से अरबों डॉलर कमाने वाली कंपनियों को अब एक बड़ा और अनुचित आर्थिक फायदा मिल सकता है, जिसे उन्होंने अभूतपूर्व बताया।

**दोबारा सुनवाई की उठाई मांग**

राष्ट्रपति ने सवाल उठाया कि क्या इस मामले की दोबारा सुनवाई या पुनर्विचार संभव है। उन्होंने संकेत दिया कि कानूनी विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, ताकि अमेरिकी आर्थिक हितों की रक्षा की जा सके। फिलहाल, इस फैसले के दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर राजनीतिक और आर्थिक हलकों में बहस तेज हो गई है।

## दैनिक पंचांग

**गृह गोचर**




| गृह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सुर्य | कुंभ | मे |
| चंद्र | कर्क | मे |
| मंगल | कुंभ | मे |
| बुध | कुंभ | मे |
| गुरु | मिथुन | मे |
| शुक्र | कुंभ | मे |
| शनि | मीन | मे |
| राहु | कुंभ | मे |
| केतु | सिंह | मे |

| लग्नारभ समय | |
|---|---|
| कुंभ.... | 05-44 बजे |
| मीन.... | 07-22 बजे |
| मेष..... | 08-58 बजे |
| वृष.... | 10-43 बजे |
| मिथुन.. | 12-44 बजे |
| कर्क... | 14-56 बजे |
| सिंह--- | 17-08 बजे |
| कन्या-- | 19-15 बजे |
| तुला---- | 21-20 बजे |
| वृश्चिक.. | 23-30 बजे |
| धनु..... | 01-44 बजे |
| मकर... | 03-49 बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे /दक्षिण , ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष. - 426874
सूर्योदय 06-38
सूर्यास्त. 18 -19
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
मास - फाल्गुन शुक्ल पक्ष रविवार 01 March 2026
तिथि - त्रयोदशी 19-09 तक उपरान्त चतुर्दशी
नक्षत्र - पुष्य 08-34 तक उप आश्लेषा
योग - शोभन 14-32 तक उप. अतिगण्ड
करण - कौलव 07-54 तक. तैतिल

**प्रदोष व्रत( होलाष्टक)**

**रविपुष्य योग 07-05 से**

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल**
**16-53 से 18-21 तक**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| उत्पात 06-53 - 08-04 अशुभ | शुभ। 18-03 - 19-53 शुभ |
| चंचल 08-04 - 09-32 शुभ | अमृत 19-53 - 21-25 शुभ |
| लाभ 09-32 - 11-00 शुभ | चंचल 21-25 - 22-57 शुभ |
| अमृत 11-00 - 12-29 शुभ | रोग 22-57 - 00-28 अशुभ |
| काल 12-29 - 13-57 अशुभ | काल 00-28 - 01-59 अशुभ |
| शुभ 13-57 - 15-25 शुभ | लाभ 01-59 - 03-32 शुभ |
| रोग 15-25 - 16-53 अशुभ | उत्पात 03-32 - 05-03 अशुभ |
| उत्पात 16-53 - 18-03 अशुभ | शुभ 05-03 - 06-53- शुभ |

# भारत और ईरान के बीच किन चीजों का होता है व्यापार ? ये रही पूरी लिस्ट

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान और इजरायल के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान के सैन्य ठिकानों पर हालिया हमलों के बाद मध्य पूर्व में हालात काफी गंभीर हो गए हैं। ईरान ने भी साफ कहा है कि इस लड़ाई का अंजाम वह खुद तय करेगा। ऐसे माहौल में एक बड़ा सवाल उठ रहा है कि इस टकराव का भारत पर क्या असर पड़ेगा और दोनों देशों के बीच होने वाले व्यापार पर इसका कितना प्रभाव पड़ सकता है। दरअसल, भारत और ईरान के रिश्ते केवल कुछ दशकों पुराने नहीं हैं, बल्कि दोनों के बीच सदियों पुराना व्यापारिक और सांस्कृतिक जुड़ाव रहा है। भले ही दुनिया की नजरें इस समय राजनीतिक तनाव पर टिकी हों, लेकिन हकीकत यह है कि ईरान अपनी कई जरूरी जरूरतों के लिए सीधे या परोक्ष रूप से भारत पर निर्भर करता है। दोनों देशों के संबंध सिर्फ कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम लोगों की जिंदगी, खाने-पीने, पहनावे और रहन-सहन तक में इसकी झलक साफ दिखाई देती है।




**भारत ईरान को क्या-क्या भेजता है**

ईरान लंबे समय से भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कच्चा तेल मुहैया कराता रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने व्यापारिक रिश्ते खत्म नहीं किए। ईरान की आम जनता के लिए भारत से निर्यात होने वाली दवाइयां, चावल, गेहूं, चीनी और सूती कपड़े बेहद जरूरी हैं। बासमती चावल का ईरान बड़ा खरीदार रहा है। इसके अलावा चाय, चीनी, दवाइयां, ऑटो पार्ट्स और कुछ इंजीनियरिंग के सामान भी भारत से ईरान जाते हैं।

**भारत ईरान से क्या-क्या मंगवाता है**

ईरान से भारत का सबसे बड़ा आयात कच्चा तेल रहा है। इसके अलावा भारत ईरान से सूखे मेवे जैसे पिस्ता और खजूर, कुछ खास केमिकल्स, पेट्रोकेमिकल उत्पाद और कांच से बने बर्तन भी मंगवाता है। साल 1947 में हुए बंटवारे से पहले भारत और ईरान भौगोलिक रूप से एक-दूसरे के काफी करीब थे। पाकिस्तान के बनने के बाद सीधा जमीनी रास्ता कट गया, लेकिन 1950 में दोनों ने औपचारिक राजनयिक रिश्ते कायम किए। साल 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के ईरान दौरे के बाद द्विपक्षीय व्यापार ने एक नई और मजबूत रफ्तार पकड़ी।

**दोनों देश रुपया-रियाल में व्यापार करते हैं**

जब भारत-अमेरिका परमाणु समझौते पर बात शुरू हुई और अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगाए, तब दोनों के बीच थोड़ी दूरियां जरूर आईं। इसके बावजूद आपसी संपर्क कभी बंद नहीं हुआ। डॉलर की जगह दोनों देश रुपया-रियाल में भी व्यापार करते हैं। आज ऊर्जा सुरक्षा, फार्मास्यूटिकल्स, सूचना प्रौद्योगिकी और खनन जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों मुल्कों का सहयोग लगातार बढ़ता जा रहा है।

**चाबहार पोर्ट का मास्टरस्ट्रोक**

व्यापार को सुगम बनाने के लिए भारत, ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारी निवेश कर रहा है। यह प्रोजेक्ट मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक माल पहुंचाने के लिए एक अहम कूटनीतिक रास्ता है। दोनों देशों के बीच भले ही कोई औपचारिक सैन्य गठबंधन नहीं है, लेकिन आतंकवाद के खात्मे को लेकर दोनों का रुख बिल्कुल साफ है और वे नियमित तौर पर खुफिया जानकारियां साझा करते हैं।

**दोनों देशों का ऐतिहासिक जुड़ाव**

अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के दांव-पेंच से इतर इन दोनों देशों की असली ताकत उनका ऐतिहासिक जुड़ाव है। भारत के प्राचीन साहित्य और पुराने प्रशासनिक कामकाज पर फारसी भाषा की गहरी छाप रही है। भारतीय उपमहाद्वीप में सूफीवाद के विस्तार का बड़ा श्रेय ईरान को जाता है। इतिहास गवाह है कि कई महान सूफी संतों ने ईरान की धरती से ही चलकर भारत का रुख किया था।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आज आप जिद्दीपन के प्रति अपना स्वाभाविक झुकाव महसूस करेंगे। लेकिन जब आपको यह अनुभव होगा की ऐसा करना आपके हित में नही है तो आप पछतावा भी महसूस करेंगे । अच्छे से स्थिति समझें,आकस्मिक भावनाओं के बहाव में बहने के स्थान पर स्पष्ट सोच से काम लें । अगर आप थोड़ी सी समझदारी से काम लेंगे तो समाधान जल्दी निकलेगा और आपको जल्दी ख़ुशी मिलेगी ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
अगर आप आज रसोईघर में बनने वाले खाने के बारे में सोच रहे हैं तो बिलकुल सही सोच रहे हैं। आज आपको कोई विशेष पकवान खाने को मिल सकता है।अपनी सेहत का ध्यान रखें और साफ़ सफाई बनाये रखें । आपके मित्र के को हुई ग़लतफ़हमी आज दूर हो सकती है । अप्रत्याशित श्रोतों से आय होने की भी संभावना है ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आप अपने दोस्त की गलती की जिम्मेदारी खुद लेने पर तुले हुए हैं ,लेकिन इसके नतीजों के बारे में भी सोच लें । किसी कानूनी पचड़े में भी पड़ सकते हैं । कोई ऐसी घटना होगी जो आपको कभी ना भूलने वाला सबक देगी । कुछ अलग दिखें,कपड़े या अपना बाल बनाने का तरीका बदल लें ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
यह तो आप देख ही चुके की आकस्मिक प्रवृति पर आधारित फैसले कई बार सही साबित नही हुए हैं,इसीलिए यह जरूरी है कि आप अपने फैसले तर्क की कसौटी पर कसकर ही करें । ऐसा करना और भी जरूरी है क्योंकि कोई ऐसा है जो आपका करीबी होते हुए भी आपके खिलाफ साजिश कर रहा है ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
संबंधों में उलझन ,दोहरे अर्थों वाली बातचीत तथा गलतफहमियां आज पूरे दिन आप पर हावी रहेंगी । लेकिन इससे किसी नुक्सान की बजाय मनोरंजन की उम्मीद ज्यादा है । इसीलिए इनके बारे में चिंता करने की बजाय अपने मूड को हल्का फुल्का रखें और हो रही घटनायों का आनंद उठायें । यदि आप ऐसा करेंगे तो दिन बहुत खुशगवार गुजरेगा ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे । अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें,जो आपको परेशान कर रही हैं । अनिश्चितत्ता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे । किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा । बोलते हुए सावधान रहें । किसी की आपके शब्दों से ग़लतफ़हमी हो सकती है ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आज का दिन अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बिलकुल सही है । आज आप सामान्य से अधिक आक्रामक और दृढ व्यवहार करेंगे । इससे आसपास के लोगों को आश्चर्य होगा । उन्हें शायद आपके बारे में अपनी राय बदलने पर भी मजबूर होना पड़े । लेकिन उनके आश्चर्य की भावना से आपको आज जरुरी मौका मिल जाएगा ,इस अवसर का फायदा उठाने से न चूकें ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आज आप बारीकियों पर बहुत ध्यान देंगे । आप किसी परियोजना की ब्योरेवार योजना बनाने में जुटे हुए हैं और आप इस पर बहुत मेहनत भी कर रहे हैं ।आपकी यह मेहनत आपके काम में भी दिखाई देगी और इस काम के लिए आपको काफी तारीफ मिलेगी । आपके काम में आज पूरा दिन सृजनात्मकता बनी रहेगी ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
यह समय दोस्तों के साथ हल्का –फुल्का समय गुजारने के लिए बहुत अच्छा है । कोई पार्टी करें या शाम को मस्ती के साथ गुजरें,आप पार्टी की जान बने रहेंगे । इस दौरान आप किसी ऐसे व्यक्ति से भी मिलेंगे जिसकी रुचियाँ आप जैसी होंगी और वो आप जैसे कार्यकलापों का आनंद लेगा । आपको अपनी क्षमता का अनुभव भी होगा ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आप उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं और आज आपको इसके लिए कई अच्छी संस्थाओं से प्रस्ताव भी मिलेंगे । छात्रवृति भी मिल सकती है । कोई आपका फायदा उठाने की ताक में है, प्रारम्भिक व्यवस्था करते हुए और सूचनाएं एकत्र करने में सावधान रहें । आपके मूड में उतार-चढ़ाव आपके ऊर्जा स्तर को प्रभावित कर सकते हैं।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आपका अत्यधिक भावनात्मक होना और लोगों के लिए तो मददगार है लेकिन इससे आप कई बार मुश्किल में फँस जाते हैं । ऐसी स्थिति से बाहर आने में अपने पार्टनर की मदद लें । यह कुछ निजी और गुप्त बातचीत करने का समय है । वित्तीय लाभ होने की उम्मीद है लेकिन अधिक जोखिम से बचें । बोलने से पहले सोच लें ,कहीं किसी करीबी को नाराज ना कर दें ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आज आप सामान्य से अधिक भावनात्मक हैं ,दूसरे इसका फायदा उठा सकते हैं । कार्यस्थल पर कार्य का दबाव रहेगा,जिससे थकान का अनुभव करेंगे । कुछ कार्य सहकर्मियों को दे दें या कल के लिए बचा रखें । काम थोडा भले ही करें लेकिन गुणवत्ता बनाये रखें । आज किसी ख़ास व्यक्ति के साथ स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# क्रेडिट कार्ड पर चल रही दुनिया !

## एक साल में अमेरिकन जीडीपी के बराबर बढ़ गया कर्ज



नई दिल्ली,28 फरवरी (एजेंसियां)। ग्लोबल डेट में साल 2025 में 29 ट्रिलियन डॉलर की तेजी आई जो अमेरिका की जीडीपी के बराबर है। इस दौरान दुनिया का कर्ज रेकॉर्ड 348 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। यह वैश्विक कर्ज में 2020 की महामारी के बाद एक साल में आई सबसे ज्यादा तेजी है। इसमें खासकर विभिन्न देशों की सरकारों के कर्ज की बड़ी हिस्सेदारी है। पिछले एक साल में उन्होंने 10 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज लिया और कुल कर्ज बढ़ोतरी में करीब एक तिहाई योगदान दिया। इस दौरान अमेरिका, चीन और यूरोप की सरकारों ने सबसे ज्यादा कर्ज लिया। 2025 में सरकारों का कर्ज बढ़कर ऑल टाइम हाई 107 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। पिछले साल नॉन-फाइनेंशियल कॉरपोरेट कर्ज 101 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। कॉरपोरेट बोरोइंग में एआई से जुड़े निवेश के सबसे बड़ी भूमिका है। दुनिया भर में एआई का चलन तेजी से बढ़ रहा है और कोई भी कंपनी इसमें पीछे नहीं रहना चाहती है। इस बीच एमर्जिंग मार्केट्स का कुल कर्ज 117 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है। साथ ही डेट-टु-जीडीपी रेश्यो 235% के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया है। कर्ज बढ़ने की दर जीडीपी ग्रोथ से कहीं ज्यादा है जो दुनिया के लिए चिंता का विषय है।

**किन देशों पर है कर्ज ?**

डेट-टु-जीडीपी रेश्यो के मामले में देखें तो इसमें जापान पहले नंबर पर है। जापान में सरकार का कर्ज उसकी जीडीपी का 237% पहुंच चुका है। 2025 के अंत तक जापान का सरकारी कर्ज 8.6 ट्रिलियन डॉलर पहुंच चुका है। इसमें बाहरी कर्ज 4.71 ट्रिलियन डॉलर है।

जापान के बाद सबसे ज्यादा सरकारी कर्ज सिंगापुर पर है। इस देश में सरकार का कर्ज डीजीपी का 173% है। इसके बाद ग्रीस, इटली, अमेरिका, फ्रांस, कनाडा, बेल्जियम, स्पेन और पुर्तगाल हैं। भारत में सरकार का कर्ज उसकी जीडीपी का 81.9% है।

# ईरान पर इजरायल-अमेरिका के हमले के बाद बिटकॉइन में भारी गिरावट, 64,000 डॉलर से नीचे पहुंचा

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। बिटकॉइन की कीमतों में तेज गिरावट आई है। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के बाद ऐसा हुआ है। बिटकॉइन की कीमतें लुढ़ककर 64,000 डॉलर से नीचे आ गई हैं। बिटकॉइन को हाल ही में एक सेफ-हेवन एसेट से रिस्क-प्रोन एसेट में रीकैटेगराइज किया गया है। सिर्फ बिटकॉइन ही नहीं, बल्कि ईटीएच/यूएसडी और सोलाना जैसे दूसरे बड़े क्रिप्टो को भी नुकसान हुआ है। यह गिरावट बार-बार होने वाले ट्रेंड का हिस्सा है।

**बिटकॉइन की चाल सोने से अलग**

पिछले कुछ महीनों में बिटकॉइन के डायनामिक्स सोने से पूरी तरह अलग हो गए हैं। जहां पीली धातु की कीमत बढ़ी, जिसकी वजह डिमांड में बढ़ोतरी थी। वहीं, बिटकॉइन ने संघर्ष किया है। मार्केट वैल्यू के हिसाब से सबसे बड़ा क्रिप्टो अब अक्टूबर 2025 में देखे गए 125,000



डॉलर के हाई से 50% से ज्यादा नीचे ट्रेड कर रहा है।

**आसानी से सुलझता नहीं दिख रहा झगड़ा**

चूंकि मौजूदा झगड़ा आसानी से सुलझता हुआ नहीं लग रहा है। इसलिए हो सकता है कि कीमतों में और भी लंबी गिरावट देखने को मिले। एक असली रिस्क है कि अगर ईरान उन पड़ोसियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का फैसला करता है जहां अमेरिकी मिलिट्री बेस हैं तो और भी देश इसमें शामिल हो सकते हैं। इस वजह से अभी क्रिप्टो के लिए आउटलुक बहुत अच्छा नहीं है। बिटकॉइन पहले से ही नीचे जा रहा है। ऐसे में 60,000 डॉलर का लेवल सबसे ज्यादा संभावना वाला अगला पड़ाव है।

# होली में घर जाने वालों के लिए खुशखबरी, एआई के इस्तेमाल से जल्दी बन रहे हैं ट्रेन रूट

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। इस बार की होली को देखते हुए रेलवे ने बड़ा तकनीकी प्लान किया है। टिकटों की बिक्री से लेकर ट्रेनों के परिचालन तक एआई की मदद ली जा रही है। क्राउड मैनेजमेंट का भी काम एआई कर रहा है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि आर्टिफिशियल इटेंलिजेंस का प्रयोग करके हमारी कोशिश है कि भीड़ को नियंत्रित किया जाए और इसके लिए काफी कुछ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से भीड़ के स्थिती को देखते हुए महज आधे घंटे में स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का फैसला किया जा रहा है। हिमांशु शेखर ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर होल्डिंग एरिया बनाया गया है। इस एरिया में बड़े बड़े कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की खासियत है कि जितने भी अनआरक्षित पैंसेजर आ रहे हैं उनकी गिनती करना। इसके साथ ही हर तरह की एक्टिविटी इस कैमरे में कैद होती है। कैमरे से मिले इनपुट के आधार पर एआई तय करता है कि अमुक घंटे में कितनी भीड़ बढ रही है और उसी हिसाब से प्लानिंग होती है।अनारक्षित पैंसेजर के लिए अलग से होल्डिंग एरिया बनाया गया है। यहां पर हो रही टिकटों की बिक्री के आधार पर यह तय किया जा रहा है कि किस इलाके के लिए कितने ट्रेनों का परिचालन करना है। इसे लेकर आर्टिफिशीयल इटेंलिजेंस का सहारा लिया जा रहा है। जिस रुट की ट्रेन में अधिक अनारक्षित टिकटों की बिक्री हो रही है उस रुट की ट्रेनों को अधिक प्राथमिकता के आधार पर परिचालन किया जा रहा है। महेश 15 से 20 मिनट में टिकटों की बिक्री के आधार पर



स्पेशल ट्रेन तैयार हो रहे हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अलग अलग रुट पर ट्रेनों का परिचालन होता है। इसके लिए पैसेंजर के लिए अलग अलग गेट बनाए गए हैं। मसलन अनारक्षित यात्रियों के लिए एक खास एरिया से जबकि आरक्षित यात्रियों के लिए अलग से गेट बनाया गया है। सभी गेट पर वालेंटियर रखे गए हैं जिससे कि टिकटों की चेकिंग उसी वक्त हो सके और किसी भी खास गेट पर भीड़ नहीं लगने पाए।

**क्या है रेलवे बोर्ड की तैयारी**

यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए विभिन्न रेलवे जोन में 18 मार्च तक 1244 विशेष ट्रेन यात्राओं का संचालन किया जाएगा। यह संख्या यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बढाया भी जा सकता है। पूर्वी मध्य रेलवे सर्वाधिक 50 होली स्पेशल ट्रेनों के साथ कुल 275 यात्राएं संचालित करेगा। वही, उत्तरी रेलवे 48 होली स्पेशल ट्रेनों के अंतर्गत 204 यात्राएं और मध्य रेलवे 20 होली स्पेशल ट्रेनों के जरिए 129 यात्राओं का संचालन करेगा। मंत्रालय ने बताया कि पश्चिमी रेलवे ने 32 होली स्पेशल ट्रेनें शुरू की हैं, जिनमें 120 यात्राएं शामिल होंगी। जबकि दक्षिण पूर्वी रेलवे ने 28 होली स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। इनमें 107 यात्राओं का संचालन होगा।



# राजस्थान सूरज की ताकत से समृद्धि कमाने वाली धरती : पीएम मोदी



अजमेर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजस्थान अब सूरज की ताकत से समृद्धि कमाने वाली धरती बन रहा है। राजस्थान में धूप की कोई कमी नहीं है। अब प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जैसी योजनाओं से यही धूप आमजन के लिए बचत और कमाई का साधन बन रही है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में सरकार लोगों को छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए 78 हजार रुपए की सहायता सीधे बैंक खाते में दे रही है। प्रदेश में सवा लाख से अधिक परिवार इस योजना से जुड़ चुके हैं और इस योजना की वजह से कई घरों का बिजली बिल अब लगभग जीरो आ रहा है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के आरंभ में तीर्थराज पुष्कर, सावित्री माता, वीर तेजा जी महाराज, भगवान देवनारायण, वरुण अवतार भगवान झूलेलाल को नमन किया। उन्होंने कहा कि अजमेर आस्था और शौर्य की धरती है,। यहां तीर्थ भी हैं और क्रांतिवीरों के पद्चिन्ह भी हैं। उन्होंने मेजर दलपत सिंह के शौर्य को याद करते हुए कहा कि राजस्थान के वीरों की इजरायल के हाइफा शहर को आज़ाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार सिंचाई परियोजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार ने सिंचाई की परियोजनाओं को दशकों तक लटकाए रखा। ईआरसीपी परियोजना को फाइलों और घोषणाओं में उलझाकर रखा लेकिन हमारी सरकार ने आते ही इस स्कीम को फाइलों से निकालकर धरातल पर उतारने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना हो या यमुना-राजस्थान लिंक प्रोजेक्ट, नदियों को जोड़ने के अभियान का राजस्थान को भी बड़ा फायदा मिलेगा।

मोदी ने कहा कि आज का समय राजस्थान के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अच्छी सड़क, रेल और हवाई सुविधा से सिर्फ सफर आसान नहीं होता बल्कि पूरे क्षेत्र की किस्मत बदल जाती है, इसलिए हमारी सरकार राजस्थान में आधुनिक कनेक्टिविटी पर बहुत बल दे रही है। कनेक्टिविटी बढ़ने से पर्यटन बढ़ता है। पर्यटक आते हैं तो होटल, ढाबे, टैक्सी, गाइड आदि को काम मिलता है। राजस्थान के कारीगरों का बनाया सामान बिकता है। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी बढ़ने से राजस्थान में निवेश के लिए अवसर भी बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज करीब 17 हज़ार करोड़ रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण से सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि दो साल पहले तक राजस्थान में भर्तियों में भ्रष्टाचार और पेपर लीक की ही खबरें आती रहती थीं। अब राजस्थान में पेपर लीक पर लगाम लगी है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो रही है। आज डबल इंजन सरकार में युवाशक्ति और सशक्त हो रही है। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले 21,863 युवाओं को शुभकामनाएं भी दी।

### पीएम मोदी को अशोक गहलोत का कड़ा जवाब
## अपने आप को देश से बड़ा मानने की भूल मत करिए

जयपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। पीएम नरेंद्र मोदी ने अजमेर में कांग्रेस पर बड़ी टिप्पणी की। इस पर कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक गहलोत ने कड़ा जवाब दिया। अशोक गहलोत ने कहा मोदी जी अपने आप को देश से बड़ा मानने की भूल मत करिए।

अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया अकाउंट X पर लिखा कि आज अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस पर की गई टिप्पणी उनकी राजनीतिक हताशा का प्रतीक है। जिस विचारधारा ने आजादी की लड़ाई में नाखून तक नहीं कटाया, उनका गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पर देश बांटने जैसे आरोप लगाना न केवल हास्यास्पद है, बल्कि वैचारिक दिवालियेपन का प्रमाण है। मोदी जी, याद रखिये आपका विरोध करना देश का विरोध करना नहीं है। अपने आप को देश से बड़ा मानने की भूल मत करिए।

# एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू की अब होगी आबूराज नाम से पहचान
## इन जगहों के भी नाम बदले



जयपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश, और दिल्ली की तरहराजस्थान में जगहों के नाम बदले जाने का सिलसिला जारी हैं। राजस्थान में भी तीन प्रमुख स्थानों के नाम बदले गए हैं। सबसे बड़ा परिवर्तन राजस्थान के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू को लेकर है। इस बड़ी घोषणा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रशासनिक और राजनीतिक बड़े दांव के तौर पर देखा जा रहा है। सीएम ने ये फैसला विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान किया। सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से ने बताया गया कि स्थानीय जनभावनाओं और ऐतिहासिक तथ्यों को ध्यान में रखते हुए स्थानों के नाम बदले गए हैं। सीएम के आदेश के बाद राजस्थान के प्रसिद्ध हिल स्टेशन माउंट आबू का नाम अब 'आबूराज', कामां का नाम 'कामवन' और जहाजपुर का नाम 'यज्ञपुर' किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इन नए नामों से क्षेत्रों की प्राचीन पहचान को पुनर्जीवित करने और स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी।

### इन बड़े फैसलों को लेकर भी चर्चा

राजस्थान में विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने सड़क, इन्फ्रास्ट्रक्चर, शहरी विकास, ग्रामीण विकास रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र से जुड़ी भी कई महत्वपूर्ण घोषणा की है।

# रील और अश्लील कंटेट बच्चों को कर रहे बीमार
## कांग्रेस विधायक ने की कानून बनाने की मांग



जयपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में बच्चों में बढ़ती डिजिटल लत को लेकर अब सख्त कानून बनाने की मांग उठने लगी है। विधायक मनीष यादव ने सदन में मोबाइल फोन पर अवांछित कंटेंट और रील्स की बढ़ती लत पर गंभीर चिंता जताते हुए सरकार से ठोस नीति लाने की मांग की।

कांग्रेस विधायक ने कहा कि ऑनलाइन कक्षाओं, अध्ययन सामग्री और तकनीकी ज्ञान के लिए मोबाइल की उपयोगिता से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन अवांछित सोशल साइट्स, अश्लील और भ्रामक कंटेंट तथा रील्स की लत बच्चों की एकाग्रता, मानसिक स्वास्थ्य, चरित्र निर्माण और शैक्षणिक भविष्य के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल अभिभावकों की चिंता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और नीति-निर्माताओं के लिए भी गंभीर विषय बन चुका है।

### स्क्रीन टाइम और एल्गोरिदम का जाल

विधायक ने कहा कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम, एल्गोरिदम आधारित आकर्षण और अनुपयुक्त सामग्री बच्चों को साइबर बुलिंग, दुरुपयोग और असामाजिक प्रभावों की ओर धकेल रही है। इससे उनके मानसिक और भावनात्मक विकास पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने चिंता जताई कि कई बच्चे आपराधिक और गैंगस्टर प्रवृत्ति के लोगों को फॉलो करने लगते हैं और गलत रास्तों पर बढ़ने लग जाते हैं।

### ऑनलाइन गेमिंग और कर्ज का जाल

विधायक ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए बच्चे ऑनलाइन गेमिंग के शिकार हो जाते हैं। कई मामले ऐसे सामने आए हैं, जहां बच्चे लाखों रुपये के कर्ज में डूब गए। मानसिक तनाव बढ़ने पर कई बार बच्चे आत्महत्या जैसे कदम तक उठा लेते हैं।

### दूसरे देशों और राज्यों का उदाहरण

विधायक ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, चीन और साउथ कोरिया जैसे देशों ने डिजिटल लत पर नीतियां बनाई हैं। भारत में भी कर्नाटक, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दूसरे राज्य नीति बना सकते हैं तो हमारा प्रदेश क्यों नहीं? उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकार बढ़ सकते हैं, उनका करियर प्रभावित हो सकता है और यह समाज व परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

### 16 साल से कम बच्चों के लिए नियम बनाने की मांग

विधायक ने मांग की कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए आयु-आधारित डिजिटल विनियमन लागू किया जाए। साथ ही डिफॉल्ट समय-सीमा, रात्रिकालीन ऑटो-लॉक व्यवस्था, सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य पैरेंटल कंट्रोल और सेफ मोड सुनिश्चित किया जाए। अवांछित कंटेंट पर त्वरित नियंत्रण हो, विद्यालयों में डिजिटल वेल-बीइंग को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए और डिजिटल लत पर शोध के साथ विशेष हेल्पलाइन व क्लिनिक स्थापित किए जाएं, ताकि देश के भविष्य को सुरक्षित रखा जा सके।

### प्रभावी कानून लाने की मांग

विधायक ने सरकार से इस गंभीर विषय पर जल्द प्रभावी कानूनी और नीतिगत प्रावधान लाने की मांग की, ताकि राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित और सशक्त रह सके।

# एमडी फैक्ट्री का भंडाफोड़
## 50 किलो ड्रग्स बनाने लायक 400 लीटर केमिकल बरामद

जालोर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत (एनटीएफ) को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि जालोर जिले के बागोड़ा थाना क्षेत्र के गावड़ी गांव में 'ऑपरेशन विष सर्जना' के तहत एमडी ड्रग (मेफेड्रोन) बनाने की एक संगठित और अत्याधुनिक फैक्ट्री का पर्दाफाश किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 करोड़

कार्रवाई के दौरान मौके से करीब 400 लीटर विभिन्न केमिकल बरामद किए गए, जिनसे लगभग 50 किलोग्राम एमडी तैयार की जा सकती थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 15 करोड़ रुपए आंकी गई है।

फैक्ट्री से ड्रग निर्माण में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक उपकरण और अन्य संसाधन भी जब्त किए गए हैं।

### डोडा-चूरा के तस्कर इस धंधे में शामिल

आईजी के अनुसार, कई पुराने तस्कर जो पहले डोडा-चूरा और अफीम के कारोबार में लिप्त थे, अब सिंथेटिक ड्रग्स जैसे एमडी की ओर मुड़ रहे हैं। इसकी वजह कम लागत, कम स्थान में उत्पादन, आसान परिवहन और अधिक मुनाफा है। साथ ही युवाओं में इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए पुलिस ने पूर्व तस्करों पर निगरानी बढ़ा दी थी।

### सुराग के आधार पर टीम फैक्ट्री तक पहुंची

सूचना मिलने पर एनटीएफ टीम बागोड़ा क्षेत्र में सक्रिय हुई, लेकिन शुरुआती दौर में सटीक स्थान का पता नहीं चल पाया। जांच के दौरान कबाड़ियों से मिली सूचना अहम साबित हुई। पिछले 15 दिनों से इलाके में घूम रहे कबाड़ियों ने बताया कि एक स्थान से बड़ी संख्या में खाली केमिकल ड्रम मुफ्त में दिए जा रहे हैं। इसी सुराग के आधार पर टीम फैक्ट्री तक पहुंची।

### गुजरात और जोधपुर से मंगाया जाता था कच्चा माल

पूछताछ में सामने आया कि कच्चा माल गुजरात और जोधपुर के विभिन्न क्षेत्रों से भीनमाल की एक ट्रेवल एजेंसी के जरिए मंगवाया जाता था। इस नेटवर्क का मुख्य सूत्रधार पूर्व में बड़ा तस्कर रहा है, जो वर्तमान में जेल में बंद है।

उसके जेल जाने के बाद आरोपी ओमप्रकाश ने खुद को सरगना बना लिया। बताया जा रहा है कि उसने इंटरनेट और पूर्व अनुभव के आधार पर एमडी बनाने की तकनीक सीखी। पिछले चार महीनों में वह हर 10 दिन में करीब 10 किलो एमडी तैयार कर सप्लाई कर चुका था।

# नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की मां का निधन

जयपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को मातृ शोक का गहरा आघात लगा है। उनकी माता, चलती देवी, का देर रात जयपुर में निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। जानकारी के अनुसार उनका अंतिम संस्कार आज, दिनांक 28 फरवरी 2026, सायं 4 बजे उनके पैतृक गांव काठुवास, तहसील नीमराना, जिला कोटपुतली-बहरोड़ में किया जाएगा। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, चलती देवी बाथरूम में गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें तत्काल एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक होने पर वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया। वरिष्ठ चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी रहा, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ट्वीट कर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माता के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# ईडी से हूं, अंदर कर दूंगा, सीए से ईडी का पुलिसकर्मी बनकर मांगे पंद्रह लाख, सीए भी कम नहीं था



सीकर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के सीकर जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी का फर्जी अधिकारी बनकर वसूली करने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इस शातिर आरोपी ने खुद को ईडी का अधिकारी बताकर एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को डराया और उससे लाखों रुपये की रिश्वत की मांग की। आखिर मामला एसीबी तक पहुंचा और उसे अरेस्ट कर लिया गया है।

### 15 लाख की डिमांड, 13 लाख लेते गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार आरोपी ने पीड़ित सीए से कुल 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। भ्रष्टाचार के इस खेल की शुरुआत तब हुई जब कथित ईडी के सीनियर हेड कांस्टेबल उत्तम पांडेय ने वेरिफिकेशन के नाम पर पहले ही 2 लाख रुपये वसूल लिए थे। शनिवार को जब आरोपी शेष 13 लाख रुपये की भारी.भरकम राशि ले रहा था, तभी जयपुर एसीबी की टीम ने उसे जाल बिछाकर रंगे हाथों दबोच लिया।

### असली अधिकारी या केवल नाम का सहारा... जांच शुरू

एसीबी अब इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है कि गिरफ्तार आरोपी वास्तव में ईडी का कोई कर्मचारी है या वह केवल विभाग के नाम का खौफ दिखाकर अवैध वसूली कर रहा था। ब्यूरो के अधिकारी इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रहे हैं कि आरोपी ने इससे पहले भी कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है।

### भ्रष्टाचार पर एसीबी का कड़ा प्रहार

जयपुर एसीबी द्वारा सीकर में की गई इस त्वरित कार्रवाई ने सरकारी विभागों के नाम पर ठगी करने वाले गिरोहों में हड़कंप मचा दिया है। ब्यूरो ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी केंद्रीय या राज्य जांच एजेंसी के नाम पर डरा.धमकाकर पैसों की मांग करेए तो तुरंत इसकी सूचना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को दें।

# विनोद जाखड़ बने एनएसयूआई के नए कप्तान
## सचिन पायलट की मौजूदगी में थामी बड़ी ज़िम्मेदारी



जयपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान की छात्र राजनीति के चमकते सितारे विनोद जाखड़ ने आज आधिकारिक तौर पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। दिल्ली स्थित एनएसयूआईराष्ट्रीय कार्यालय, 5 रायसीना रोड पर आयोजित इस भव्य समारोह में राजस्थान कांग्रेस के दिग्गज नेता और युवाओं के चहेते सचिन पायलट ने शिरकत की। जाखड़ को कार्यकर्ताओं ने कंधों पर बैठाकर दफ्तर तक पहुँचाया, जो उनकी ज़मीनी लोकप्रियता का प्रमाण था।

एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने समारोह में उपस्थित हज़ारों युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विनोद जाखड़ की नियुक्ति उन हज़ारों कार्यकर्ताओं के लिए उम्मीद की किरण है जो बिना किसी राजनीतिक विरासत के ज़मीन पर संघर्ष करते हैं।

# फ्री वीजा देकर भेजा थाईलैंड, सीकर के युवक से नौकरी के बजाय करवाने लगे गलत काम



सीकर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। सीकर जिले से खाड़ी देशों व अन्य कंट्री में यहां के कुशल कारीगर, श्रमिक व अन्य युवा विदेश में काम-धंधे व व्यवसाय के सिलेसिले में जा रहे हैं। हालांकि बहुत से मामलों में कबूतरबाज श्रमिकों को फर्जी वीजा व फ्लाइट के टिकट देकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर रहे हैं। आए दिन इस प्रकार के मामले दर्ज हो रहे हैं।

सीकर जिले के पुलिस थाना रामगठ सेठान में परिवादी अभिषेक मौर्य ने थाईलैंड भेज दिया। पीड़ित वहां साइबर ठगों के चंगुल में फंस गया और उससे साइबर ठगी के काम करवाए जाने लगे। परिवादी जैसे-तैसे भारत आया और थाना में एफआईआर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस थाना रामगढ़ सेठान ने बताया कि पीड़ित युवक अभिषेक मौर्य का आरोप है कि उसके साथ विक्रम अग्रवाल नाम के आदमी ने धोखाधड़ी की है। आरोप है कि विक्रम ने उसे फ्री में वीजा और टिकिट देकर उसे दो महीने पहले थाईलैण्ड भेजा था। वहां उसे कड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

आरोप है कि उसे ऐसे लोगों के पास भेजा गया जो साइबर ठगी का काम करते हैं। साइबर ठगों ने उसे अपने चंगुल में फंसाया और उसे वहां बंदी बना लिया। परिवादी अभिषेक ने बचकर किसी प्रकार मोबाइल से परिवार से बात कर विदेश मंत्रालय में शिकायत दी। ऐसे में वह बड़ी मुश्किल से वह वापस भारत लौटा है। अभिषेक का आरोप है कि उसे विदेश भेजने के लिए विकास अग्रवाल का मैसेज उसके पिता के टेलीग्राम एप पर आया था।

आरोप है कि विक्रम ने उसके पिता व उसे झांसे में लेकर अच्छी तनख्वाह वाली नौकरी दिलवाने का आश्वासन देकर विदेश भेजा था। वहां पहुंचने पर उसे साइबर ठगी करने वाले गिरोह ने काफी परेशान किया और समय पर खाना व वनख्वाह तक भी नहीं दिया। पुलिस पीड़ित युवक से पूछताछ कर आरोपी के बारे में सुराग जुटा रही है।

# छात्रा ने शिक्षकों पर लगाया जातिगत टिप्पणी का आरोप, दो शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज

चूरू, 28 फरवरी (एजेंसियां)। राजकीय विधि महाविद्यालय में पढ़ने वाली एलएलबी छात्रा ने दो शिक्षकों पर जातिगत टिप्पणी कर अपमानित करने और फेल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। छात्रा की लिखित शिकायत पर कोतवाली थाने में एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यूजीसी कानून को लेकर चल रही राष्ट्रीय बहस के बीच यह मामला अब शहर में चर्चा का विषय बन गया है।

### क्लास के सामने अपमानित करने का आरोप

रिपोर्ट में छात्रा ने आरोप लगाया कि एक कार्यक्रम के दौरान प्रश्न पूछने पर एक पुरूष और महिला लेक्चरर नाराज हो गईं और कथित रूप से उसे जातिसूचक शब्द कहकर पूरी कक्षा के सामने अपमानित किया। आरोप है कि अध्यापिका ने उसकी जाति को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि एलएलबी करना आपका काम नहीं है। आप लॉ नहीं कर सकते हो।

# सीआई पर महिला पुलिस अधिकारी को अश्लील वीडियो लिंक भेजने का आरोप, केस दर्ज

भरतपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। खाकी वर्दी पहनकर महिलाओं की हिफाजत का दंभ भरने वाली पुलिस एक बार फिर कठघरे में है। भरतपुर पुलिस लाइन में कार्यरत सीआई पर एक महिला पुलिस अधिकारी ने टेलीग्राम आईडी पर अश्लील वीडियो के लिंक भेजने के आरोप लगाए हैं। महिला ने इसको लेकर अजमेर जिले के पुष्कर थाने में सीआई के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पीड़ित महिला अधिकारी वर्तमान में अस्थाई तौर पर अजमेर जिले में ड्यूटी कर रही हैं। इससे पहले वह डीग जिले में भी आरएसी में तैनात रही हैं। महिला अधिकारी ने रिपोर्ट में बताया है कि 23 फरवरी को दोपहर 2.26 बजे और 2.44 बजे उनके मोबाइल के टेलीग्राम आईडी पर सीआई के मोबाइल नंबर से दो अश्लील वीडियो लिंक भेजे गए।

यह नंबर महिला अधिकारी के मोबाइल में 'रामावतार मीणा सीआई सर' के नाम से सेव था। महिला अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह कृत्य उनकी इच्छा के विरुद्ध था और इससे उन्हें गहरी मानसिक पीड़ा, अपमान, आत्मसम्मान पर आघात और असुरक्षा की भावना का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए यह हरकत की, जो सेवा आचरण नियमों और महिला सम्मान के विरुद्ध है।

# 'गर्मी' ने छुड़ाए पसीने! 3 मार्च से 40 डिग्री छूने को बेताब पारा

जयपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में इस साल प्रकृति का चक्र कुछ बदला-बदला नजर आ रहा है. जिस समय फरवरी के अंत में हल्की गुलाबी ठंड विदा होती थी, उस समय अब प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है. राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मौसम पूरी तरह शुष्क हो गया है. दिन के तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने लोगों को समय से पहले पंखे और कूलर चलाने पर मजबूर कर दिया है. मौसम विभाग की डेली डाटा रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान के अधिकांश भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 6 डिग्री ऊपर दर्ज किया गया है. यह स्थिति संकेत दे रही है कि आने वाले दिनों में राजस्थान को भीषण तपिश का सामना करना पड़ेगा. विभाग का कहना है कि इस बार गर्मी ने अपने निर्धारित समय से काफी पहले दस्तक दे दी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है.

पिछले 24 घंटों के आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य के पश्चिमी जिलों में सूरज की तपिश सबसे अधिक महसूस की जा रही है. बाड़मेर जिला प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहाँ अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक है. इसके अलावा जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर और जालौर जैसे सरहदी और रेगिस्तानी जिलों में भी पारा 34 से 35 डिग्री के बीच झूल रहा है. मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में आर्द्रता की औसत मात्रा मात्र 15 से 35 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई है, जिससे हवा में नमी कम है और शुष्क गर्मी का असर सीधा त्वचा पर महसूस हो रहा है. शेखावाटी अंचल में हालांकि रात का मौसम अभी भी थोड़ा ठंडा बना हुआ है, लेकिन दिन चढ़ते ही यहाँ भी गर्मी की रफ्तार बढ़ जाती है. अलवर और फतेहपुर जैसे इलाकों में न्यूनतम तापमान अभी भी 10 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जिससे सुबह-शाम मामूली ठंडक रहती है.

## भूमि भारती प्रकरण में व्यापक घोटाले का आरोप, विशेष जांच दल गठन की मांग

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने भूमि भारती पोर्टल से संबंधित अनियमितताओं को लेकर कई कांग्रेस नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से विशेष जांच दल के गठन की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषिभूमि पंजीकरण के लिए आवेदकों से पूर्ण शुल्क लिया जा रहा है, किंतु पोर्टल में संशोधन विकल्प के दुरूपयोग के माध्यम से केवल दस प्रतिशत राशि ही सरकार को जमा की जा रही है, जबकि शेष राशि बिचौलियों द्वारा हड़पी जा रही है।


दक्षिण मध्य रेलवे

@SCRailwayindia

www.scr.indianrailways.gov.in

निविदा सूचना सं. सी_एसजी _सी _36 _5 _ 416, दि.25-02-2026

PUB/2031

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, उप मुख्य सिग्नल & दूर संचार अभियंता (परियोजनाएं), द.म. रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यो हेतु 31-03-2026 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित हैं।

**क्रम सं. 1,** कार्य विवरणः दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे में सिकंदराबाद डिवीजन के घटकेसर-वन्गापल्ली सेक्शन में आटोमेटिक ब्लाक सिग्नल्लिंग सिस्टम के प्रावधान हेतु विस्तृत सिग्नल्लिंग व दूर संचार कार्य।

निविदा सं. सी/एसजी/सी/36/5/416, अनुमानित मूल्य रु. 61,05,60,942.21, कार्य पूरा करने की अवधिः 18 महिने

सभी कार्य विवरणों जैसे कार्य की संपूर्ण जानकारी, निविदा शर्ते, योग्यता मानदंड व उपरोक्त कार्यों से संबंधित निविदा दस्तावेज की डाउनलोडिंग हेतु कृपया इण्डियन गवर्नमेंट टेंडर **पोर्टलः** www.ireps.gov.in देखें।

उप मुख्य सिग्नल & दूर संचार अभियंता/परियोजनाएं /सिकंदराबाद

निविदा सूचना सं.61/2026, दि.27-02-2026

PUB/2032

भण्डारण मदों की आपूर्ति ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

निम्न निविदाओं को आनलाइन पर दर्शाया गया है। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं तथा अपने आफर्स आनलाइन में प्रस्तुत करें। निविदा कार्य विवरण, मात्रा, अग्र धन, एसडी को उक्त वेबसाइट पर देख सकते हैं। मैन्युएल रुप से प्रस्तुत आफर्स अस्वीकार्य है। डाक द्वारा प्रेषित आफर्स पर विचार नही किया जायेगा। निविदा की नियत तिथि की निविदा बंद करने का समय 14.30 बजे है। ''सभी स्वदेशी प्रस्तावों, अग्र धन को, वेबसाइटःwww.iॲeps.gov.in पर उपलब्ध केवल आनलाइन सिस्टम द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।

| निविदा सं. | संक्षिप्त कार्य विवरण |
|---|---|
| 85265025 | पार्ट नं. एनजे 2224सी4& एनजेपी2224सी4 के रूप में बेयरिंग सेट (एक्सल) |
| 38262037 | एमके-50 ड्राफ्ट गेयर हेतु वेड्ज शू कम्पलीट |
| 25262905 | 75एएच लो मेनटेनेन्स लीड एसिड लोको बैटरी हेतु बैटरी |
| एलटी 265213 | कन्वेन्शनल लोकोमोटिव्ज के दोनो कैब्स में रूफ माउंटेड एयरकंडीशनींग सिस्टम |
| एलएच 265228 | ब्रेक सिलंडर हेतु मस्ट चेंज किट |
| एलएच 265221 | एस्कार्ट्स के प्रति 32 पी कार्ड कनफर्मिंग |
| एलएच 265229 | मस्ट चेंज किट ब्रेक सिलंडर |
| 33251402ए | ट्रैक्शन लेवर ब्रैकेट एसेम्बली |
| 6026पीटी006 | टी-1045 के प्रति रेल एंकर्स का प्रापण |
| 56255369ए | रेल क्रा (एमएसडीएसी) हेतु व्हील सेंसर आरएसआर 180 |
| एलटी 256601 | आपूर्ति, इंस्टाल्लेशन व एग्जामिनेशन एमवीआयएस (मशीन विजन आधारित इंपेक्सन सिस्टम) में रोल्लिंग की कमीशनींग |
| 45261092 | युनिवर्सल टाइप रेक्टीफायर-कम-रेग्युलेटिंग युनिट |
| 38261499 | नान-एसबेस्टास आधारित एल-टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लाक |
| 82255015ए | एचक्यू एमइडी जीटीइ लैपरोस्कोप सेट |
| 82254944 ए | कैथ लैब यूज हेतु पीएच (153054) बैलून एक्सपैंडेबुल ट्रांसकैथेटर एओरटिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) डिवाईस |
| 66265363 | ट्रैक मशीनो हेतु फूलटास मेक स्पेयर्स का प्रापण |

टिप्पणीः निविदा खोलने की निर्धारित तिथियां क्रम सं.01 दि.17-03-2026, क्रम सं.02 दि.18-03-2026, क्रम सं.03 से 06 दि. 20-03-2026, क्रम सं.07 से 08 दि. 23-03-2026, क्रम सं.09 दि.24-03-2026, क्रम सं.10 दि.23-03-2026, क्रम सं.11 से 13 दि.26-03-2026, क्रम सं. 14 व 15 दि.30-03-2026, क्रम सं. 16 दि.01-04-2026

शुद्धिपत्र

निविदा सूचना सं.55/2025, दि.16-01-2026 निविदा सं. 82255032 निर्धारित तिथि 23-02-2026, संक्षिप्त विवरणः एचक्यू-एमइडी-जीटीइ- संपूर्णरीत्या आटोमेटड इंटिग्रेटेड क्लिनीकल केमेस्ट्री एण्ड इम्युनोएस्से एनालाइजर (सीएलआइए) को मौजूदा के स्थानपर, निर्धारित तिथि 10-03-2026 पढा जाना जाए।

निविदा सूचना सं. 57/2025 दि.30-01-2026 निविदा सं.एससीआर-26-सीएपी-एनजी8डब्ल्यू निर्धारित तिथि 26-02-2026 संक्षिप्त विवरणः न्यू गैन्ट्री (टीआरटी हेतु 8 व्हीलर) की आपूर्ति हेतु आरसी को मौजूदा के स्थान पर निर्धारित तिथि 18-03-2026 पढा जाना चाहिए।

उपरोक्त निविदाओं के अलावा रु.50 लाख से अधिक मूल्य की अन्य निविदाएं भी हैं, कृपया उपरोक्त रेलवे वेबसाइट देखें।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/सिकंदराबाद

A2578

निविदा नियम शर्तें/ अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः http://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।


# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने ऐतिहासिक परिवर्तन देखा : जी. किशन रेड्डी

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऐतिहासिक परिवर्तन का अनुभव किया है और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर गच्चीबावली इनडोर स्टेडियम में आयोजित 'विज्ञान वैभव 2026 अंतरिक्ष सम्मेलन प्रदर्शनी' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'विज्ञान वैभव' राष्ट्र की बौद्धिक शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने सी.वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की वैज्ञानिक उत्कृष्टता सदैव स्वतंत्र रही है। पिछले 11 वर्षों में नवाचार, अनुसंधान और




अंतरिक्ष अभियानों के क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति सुदृढ़ हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए आवंटन वर्ष 2013 में लगभग 2,700 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2026 में 41,000 करोड़ रुपये हो गया है। देश की जैव-अर्थव्यवस्था 2014 में 10 अरब डॉलर से बढ़कर 140 अरब डॉलर तक पहुंच गई है और 6,000 से अधिक गहन प्रौद्योगिकी नवउद्यम कार्यरत हैं। उन्होंने अनुसंधान राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान तथा भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता अभियान जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पर 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है। भारत वर्तमान में शोध प्रकाशनों और नवउद्यमों में तीसरे, शोध उपाधि प्रदान करने में चौथे तथा पेटेंट के मामले में छठे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प रखता है और इस दिशा में गहन प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और क्वांटम प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियंत्रण और गणित विषयों में लगभग 43 प्रतिशत नामांकन महिलाओं का है, जो वैश्विक औसत से अधिक है।

# कोकापेट-नियोपोलिस क्षेत्र में पेयजल ढांचे के लिए 3.95 एकड़ भूमि आवंटित

### जलापूर्ति बढ़ाने की योजना पर सरकार का निर्णय

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने कोकापेट-नियोपोलिस क्षेत्र में बढ़ती पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हैदराबाद महानगरीय जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड को खानपुर में 3.95 एकड़ भूमि आवंटित की है। इस भूमि पर आवश्यक जल आपूर्ति बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा।

शहर में विशेषकर आउटर रिंग रोड के आसपास तेजी से बढ़ती आबादी को देखते हुए पेयजल की मांग लगातार बढ़ रही है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने गोदावरी पेयजल आपूर्ति परियोजना के द्वितीय और तृतीय चरण को शुरू किया है। इस परियोजना के अंतर्गत गोदावरी नदी के जल से मूसी नदी के पुनरुद्धार के लिए उस्मान सागर और हिमायत सागर जलाशयों को भरने हेतु प्रतिदिन अतिरिक्त 300 मिलियन लीटर जल उपलब्ध कराया जाएगा। जल बोर्ड के अनुसार, नियोपोलिस और आसपास के क्षेत्रों में ऊंची इमारतों के तेजी से निर्माण के कारण पेयजल की मांग और अधिक बढ़ गई है। इसे ध्यान में रखते हुए कोकापेट नियोपोलिस लेआउट में जल संग्रह टैंक, पंप हाउस, अनुभाग कार्यालय, भू-स्तरीय जलाशय और सीवरेज शोधन संयंत्र के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। खानपुर में जल बोर्ड को पहले से उपलब्ध 8.75 एकड़ भूमि प्रस्तावित 22.5 मिलियन लीटर क्षमता वाले मास्टर बैलेंसिंग जलाशय, दो ऊंचे सेवा जलाशयों, क्लोरीनीकरण कक्ष और रखरखाव इकाई के निर्माण के लिए निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त जल बोर्ड ने सरकार से खानपुर जलमंडल परिसर से सटी महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा चिन्हित भूमि में से 1.18 एकड़ भूमि ओवरहेड टैंक, 0.77 एकड़ भूमि साइट कार्यालय तथा 2 एकड़ भूमि आश्रम क्षेत्र के लिए आवंटित करने का अनुरोध किया था। कुल मिलाकर 3.95 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।

## बी. मोहन सिंह एवं अन्य शेयरधारकों की जीत



हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक महत्वपूर्ण कानूनी घटनाक्रम में बहादुर मोहन सिंह एवं अन्य शेयरधारकों ने महाराणा प्रताप अर्बन बैंक लिमिटेड, अंबरपेट, हैदराबाद के विरूद्ध सहकारी ट्रिब्यूनल में निर्णायक जीत हासिल की है।

ट्रिब्यूनल ने याचिकाकर्ताओं की सदस्यता समाप्ति को पूरी तरह निरस्त करते हुए, उन्हें पुनः बैंक के वैध सदस्य के रूप में बहाल करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता टी. किस्तैया द्वारा जारी विधिक सूचना के अनुसार, ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट रूप से याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला सुनाया है और संबंधित प्राधिकरणों को आदेशों का तत्काल पालन करने का निर्देश दिया है।

## तिरुमला में श्री पराभव नाम संवत्सर पंचांग का विमोचन

तिरुमला, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् न्यास मंडल के अध्यक्ष बी.आर. नायुडू ने कार्यपालक अधिकारी रविचंद्र तथा अन्य सदस्यों के साथ अन्नमय्या भवन में श्री पराभव नाम संवत्सर पंचांग का विमोचन किया। अध्यक्ष ने श्री वेंकटेश्वर स्वामी के आशीर्वाद से सभी श्रद्धालुओं के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। उन्होंने बताया कि पंचांग एक मार्च से तिरुमला और तिरुपति स्थित पुस्तक विक्रय केंद्रों पर उपलब्ध रहेगा तथा अन्य राज्यों में एक सप्ताह बाद उपलब्ध कराया जाएगा।

## बीजेपी का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीजेपी की प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोलकोंडा जिला अध्यक्ष टी. उमामहेंद्र ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कासम वेंकटेश्वरलु उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने पार्टी की विचारधारा, जन समस्याओं पर कार्य करने की दिशा, स्वदेशी एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत्योदय के सिद्धांत को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के अंतिम व्यक्ति तक सेवा भोजन, वस्त्र और आवास पहुंचाना ही पार्टी का मूल लक्ष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना अनिवार्य है। भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु एआई तकनीक के उपयोग पर भी उन्होंने विशेष बल दिया।

इस अवसर पर गोलकोंडा जिला प्रभारी श्रीधर, तृतीय सत्र के मुख्य वक्ता शिवरतनम, कार्यक्रम संयोजक विनय सिंह सह-संयोजक डॉ. सुरेखा, सुरेंद्र (महामंत्री), एम. कृष्णा अनंत कृष्णा (महामंत्री), श्रीराम व्यास, बी. नरसिंहा (जिला उपाध्यक्ष), वी. गणेश यादव तथा नटराज नामधारी (जिला प्रेस एवं मीडिया सचिव) उपस्थित रहे।

## एफटीसीसीआई में प्रभावी नेतृत्व पर कार्यशाला आयोजित

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना वाणिज्य एवं उद्योग मंडल महासंघ ने हैदराबाद स्थित सुराना सभागार में एक दिवसीय नेतृत्व कार्यक्रम 'दृढ़ मन- सशक्त व्यवसाय' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक उद्यमी, उद्योगपति, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर मनोविज्ञान, नेतृत्व और सतत व्यवसायिक विकास के संबंधों पर विचार-विमर्श किया। भारतीय चिकित्सक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिलीप पी. भनुशाली तथा भारतीय चिकित्सक संघ तेलंगाना के अध्यक्ष डॉ.पी. किशन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. दिलीप ने कहा कि चिकित्सकों को भी न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं की भांति विधिक संरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए तथा नैदानिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से उन्हें प्रतिरक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में अनेक अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जा चुके हैं। चिकित्सा समुदाय के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के दौरान 2000 से अधिक चिकित्सकों ने रोगियों की सेवा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक समाज की निस्वार्थ सेवा करते हैं और उन्हें उचित विधिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय चिकित्सक संघ विश्व के सबसे बड़े चिकित्सीय संगठनों में से एक है, जिसके 4.5 लाख से अधिक सदस्य, 32 राज्य शाखाएं तथा लगभग 1800 स्थानीय शाखाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संघ ने एमपीवी टीके के संबंध में 50 हजार से अधिक चिकित्सकों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। डॉ. भनुशाली ने कहा कि बाजार की अनिश्चितताओं और संगठनात्मक चुनौतियों से निपटने के लिए मानसिक दृढ़ता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यवसाय में सफलता के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता, तनाव प्रबंधन और आत्म-जागरूकता की भूमिका पर प्रकाश डाला। महासंघ के अध्यक्ष आर. रवि कुमार ने कहा कि मन का संतुलित प्रबंधन ही लोगों और संस्थानों के प्रभावी संचालन की कुंजी है।

## नकली वाहन बीमा रैकेट गिरोह गिरफ्तार

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीडीमेटला पुलिस ने नकली वाहन बीमा पॉलिसियां बनाकर लोगों को ठग रहे एक गिरोह को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस ने कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विस्तार में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि मृणाल कुमार की शिकायत पर जांच की गई। शिकायत के अनुसार, जीडिमेटल्स पुलिस स्टेशन क्षेत्र के एनएलबी नगर और आसपास के इलाकों में कुछ लोग प्रमुख बीमा कंपनियों के नाम से नकली वाहन बीमा पॉलिसियां बना कर बेच रहे थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया। सूचना के आधार पर विशेष टीम ने 27 फरवरी को एनएलबी नगर में छापेमारी कर रघुल रवि, शिव कुमार, एस. कुरती माणिक्य राव, कोठा बाबू राव, रघुल महेश, तदाकल गिरिधर गौड़, मोर नरसिंह, कुदुंगारी नागराजू और जेरपुल किशन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नकली वाहन बीमा पॉलिसियां, स्टाम्प और उन्हें बनाने के उपकरण जब्त किए गए। जांच में सामने आया कि यह गिरोह मुख्य रूप से उन वाहन मालिकों को निशाना बना रहा था जिनकी बीमा नवीनीकरण की आवश्यकता थी। पुलिस चेतावनी दी कि इस तरह की नकली पॉलिसियों से न केवल लोग ठगे जाते हैं, बल्कि दुर्घटना होने पर उन्हें कानूनी और आर्थिक परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वाहन बीमा लेने से पहले केवल आधिकारिक वेबसाइट या कंपनी एजेंटों के माध्यम से पॉलिसी की पुष्टि करें।

## माधापुर पुलिस कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण




हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शांति और सुरक्षा व्यवस्था के संरक्षण में निरंतर कार्यरत मादापुर पुलिस कर्मियों को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए, यह बात मादापुर निरीक्षक कृष्णमोहन ने कही। उन्होंने बताया कि माधापुर पुलिस थाना परिसर में एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेफ्रोलॉजी एंड यूरोलॉजी अस्पताल के सौजन्य से पुलिस कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. नवीन रेड्डी के नेतृत्व में चिकित्सा दल ने इस शिविर में भाग लेकर विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांचें कीं और आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। शिविर के अंतर्गत रक्त जांच, मूत्र जांच, मधुमेह परीक्षण, रक्तचाप परीक्षण तथा गुर्दों की कार्यक्षमता बताने वाली क्रिएटिनिन जांच निःशुल्क की गई। परीक्षणों के उपरांत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. नवीन रेड्डी ने रक्त में क्रिएटिनिन और सीरम स्तर के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि गुर्दों को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीना आवश्यक है तथा भोजन में नमक का उपयोग कम करना चाहिए। उन्होंने यह भी सलाह दी कि रक्त में शर्करा स्तर को नियमित रूप से नियंत्रित रखा जाए। नियमित व्यायाम और संतुलित आहार अपनाकर दीर्घकालिक रोगों से बचा जा सकता है।

## तेलंगाना वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ का आयोजन



**व्यापार और मानसिक स्वास्थ्य के संबंधों पर चर्चा**

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ ने शनिवार को फेडरेशन हाउस स्थित सुराना सभागार में 'लचीला मन-सफल व्यवसाय' विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक उद्यमी, व्यापारी, स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में मनोविज्ञान, नेतृत्व क्षमता और टिकाऊ व्यापार विकास के बीच संबंधों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर भारतीय चिकित्सक संघ के वर्ष 2024-25 के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिलीप पी. भानुशाली तथा तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष डॉ.पी. किशन भी उपस्थित रहे।

डॉ. भानुशाली ने कहा कि चिकित्सकों को भी न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं की तरह नैदानिक उपभोक्ता संरक्षण कानून के प्रावधानों से छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी कई बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। डॉ.पी. किशन ने मन को समझने और उसे व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए एक स्पष्ट मार्गदर्शिका तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जीवन के हर महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए दिशा-निर्देश होते हैं, इसलिए मन के प्रबंधन के लिए भी स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए।


पूर्व तट रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सं. 30265221, दिनांक : 23.02.2026

कार्य का नाम: RDSOs स्पेसिफिकेशन - AB/RB-40-2016 (REV. 2 या लेटेस्ट) के अनुसार फ्रेट स्टॉक पर पूरा इस्तेमाल के लिए AAR अप्रूव्ड CTRB अपग्रेडेड क्लास E (6x11")। TPI एजेंसी द्वारा निरीक्षण किया जाता है । वारंटी अवधि: आपूर्ति की तारीख से 30 महीने।

मात्रा : 1000 संख्यक।

द्रष्टव्य : सामग्री 45 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.03.2026 को 1500 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण : www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ वाल्टियर

PR-1176/Q/25-26

पूर्व तट रेलवे

(1) सूचना सं.: eT-North-WAT-05-2026 दिनांक: 21.02.2026

कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के RV लाइन में सहायक मण्डल अभियन्ता/रायगड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन रायगड़ा-लड्डा के बीच कटिंग में डायनामिक रॉकफॉल बैरियर, वायर रोप नेटिंग, SDA आदि के प्रावधान द्वारा कटिंग में ट्रैक की सुरक्षा।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 2,44,97,855.41, EMD : ₹ 2,72,500/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 06 (छह) महीने।

(2) सूचना सं.: eT-North-WAT-06-2026 दिनांक: 21.02.2026

कार्य का नाम : वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता (उत्तर)/ वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन H-बीम स्लीपर के डिजाइन, ड्राइंग, प्रूफ चेकिंग, फैब्रिकेशन एवं फिक्सिंग के साथ कोरापुट-रायगड़ा लाइन पर मौजूदा 2109 स्लीपरों के लिए गैल्वेनाइज्ड H-बीम स्लीपर के द्वारा टिकिरि (IN) से सिंगापुर रोड (EX) के बीच, एवं रायपुर-विजयनगरम लाइन पर मौजूदा 89 स्लीपरों के लिए रायगड़ा से लड्डा के बीच पुलों में थ्रू ब्रिज स्लीपर नवीकरण (TBSR) का निष्पादन।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 6,96,82,559.43, EMD : ₹ 4,98,400/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 17.03.2026 को 1500 बजे (दोनों निविदा के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-1172/Q/25-26


## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### अमेरिका-इजराइल का ...

ईरान का कहना है कि यह उसके बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम रक्षा के लिए जरूरी है। ईरान का कहना है कि जून 2025 में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु साइटों पर हमला किया, तब ईरान की मिसाइलों ने ही उसकी रक्षा की।

ईरानी अधिकारियों ने बार-बार कहा है कि मिसाइल कार्यक्रम पर कोई बात नहीं होगी। यह ईरान की रक्षात्मक क्षमता है और इसे छोड़ना मतलब खुद को कमजोर करना होगा। ईरान कहता है कि बातचीत सिर्फ परमाणु कार्यक्रम तक सीमित रहेगी, मिसाइल या क्षेत्रीय समूहों पर नहीं। ओमान ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद हालात बहुत बिगड़ सकते हैं और इसका असर पूरे इलाके पर पड़ सकता है, जिसे संभालना मुश्किल हो जाएगा। विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से तुरंत बैठक बुलाने की मांग की है, ताकि युद्धविराम कराया जा सके और दुनिया के देश खुलकर अंतरराष्ट्रीय कानून के समर्थन में खड़े हों। ओमान ने यह भी कहा कि हर देश को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपनी रक्षा करने का अधिकार है, लेकिन सभी पक्षों से संयम बरतने और बातचीत के रास्ते पर लौटने की अपील की।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को देखते हुए उसने एहतियात के तौर पर खास इंतजाम किए हैं।

आईसीसी ने बताया कि भारत और श्रीलंका में चल रहे मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 पर इस हालात का सीधा असर नहीं है। लेकिन कई खिलाड़ी, कोच, मैच अधिकारी और स्टाफ अपने देश लौटने के लिए खाड़ी देशों के एयरपोर्ट, खासकर दुबई से होकर जाते हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि सभी लोगों की सुरक्षा उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। ट्रैवल और सुरक्षा टीमें लगातार काम कर रही हैं ताकि सभी लोग सुरक्षित और कम परेशानी के साथ अपने घर पहुंच सकें। फैंस से भी कहा गया है कि अगर वे ट्रैवल की प्लानिंग बना रहे हैं, तो पहले सरकारी सलाह और हालात की जानकारी जरूर देखें।

कतर के अमीर ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात की और मौजूदा हालात पर चर्चा की। दोनों ने कहा कि हालात को और बिगड़ने से रोकना चाहिए और तुरंत तनाव कम कर बातचीत शुरू करनी चाहिए। सऊदी अरब ने कतर का पूरा समर्थन किया और कतर पर मिसाइल हमले की निंदा की। उसने कहा कि वह कतर की सुरक्षा के लिए हर संभव मदद करेगा।

ईरान के हमले के बाद बहरीन की राजधानी मनामा के जुफैर इलाके में अमेरिकी नेवल बेस से घना काला धुआं उठता दिखाई दिया। यह वही जगह है जहां अमेरिकी नौसेना की 5वीं फ्लीट और नेवल फोर्सेज सेंट्रल कमांड का मुख्यालय स्थित है।

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने फिर से ईरान से आने वाली नई मिसाइलों को हवा में ही रोक दिया है। दुबई में कुछ जगहों पर धमाकों की आवाज सुनी गई। माना जा रहा है कि ये आवाजें मिसाइलों को रोकते समय हुईं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईरान में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने केंद्र सरकार से भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

### पीएम ने साणंद ...

> मैं आप लोगों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि आप जो लाइफ चाहते हैं ये गुजरात है, ये वो भी बनाकर देगा, हम आपको कोई कमी नहीं होने देंगे। गुजरात ने नीतियां बनाई उसका फायदा जमीन पर दिख रहा है।

यह प्लांट एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) टेक्नोलॉजी पर आधारित है। प्लांट में सेमीकंडक्टर चिप्स को जोड़ा जाएगा, उनकी जांच की जाएगी, उन पर जरूरी मार्किंग और फिर पैकेजिंग की जाएगी। इससे देश में सेमीकंडक्टर निर्माण को मजबूती मिलेगी और देश टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। अब तक भारत माइक्रो चिप्स के मामले में आयात पर निर्भर रहा है। ऐसे में यह प्लांट देश में तकनीकी विकास, निवेश और रोजगार के नए रास्ते खोलेगा। साथ ही, यह 'मेक इन इंडिया' और डिजिटल भारत जैसे अभियानों को भी गति देगा।

अमेरिकी माइक्रोचिप निर्माता कंपनी माइक्रोन कंपनी ने यह प्लांट लगाया है।

## जीएचएमसी की प्रगति में आपकी सेवाएं अविस्मरणीय हैं : सत्यनारायण

**सेवानिवृत्त हुए 12 अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान**




हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी की प्रगति में पदोन्नति या सेवानिवृत्ति प्राप्त कर्मचारियों की सेवाएं अविस्मरणीय होती हैं। यह बातें अतिरिक्त आयुक्त सत्यनारायण ने कही। शनिवार शाम जीएचएमसी मुख्यालय में विभिन्न पदों पर कार्यरत 12 अधिकारियों और कर्मचारियों, जो सेवानिवृत्त हुए, का अतिरिक्त आयुक्त सत्यनारायण ने पुष्पगुच्छ और पुष्पहारों से सम्मान किया। उन्हें स्मृति चिन्ह और उपहार भी प्रदान किए गए। अतिरिक्त आयुक्त सत्यनारायण ने इस अवसर पर कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान अत्यंत निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं दी हैं। उनकी मेहनत और योगदान उनके सहकर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। कार्यक्रम में जेसी जयंत और एएमसी शारदा भी उपस्थित रहे।

## टीआईई वुमन 2026 के 7वें संस्करण का शुभारंभ

### महिला उद्यमियों को मिलेगा बड़ा मंच




हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। टीआईई हैदराबाद ने शुक्रवार रात दुर्गम चेरुवु के पास आयोजित एक कार्यक्रम में टीआईई ओपनमाइक के महिला उद्यमी विशेष संस्करण के दौरान टीआईई वुमन 2026 के 7वें संस्करण का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर टीआईई हैदराबाद के अध्यक्ष मुरली काकरला ने विस्तार योजना की घोषणा करते हुए कहा कि इस वर्ष 200 आवेदनों का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण पृष्ठभूमि की महिला उद्यमियों को तेलुगु भाषा में टीआईई वुमन 2026 चैलेंज में अपनी प्रस्तुति देने की अनुमति दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं सहजता से भाग ले सकें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस वर्ष टीआईई हैदराबाद निज़ामाबाद, वारंगल, करीमनगर सहित टियर-2 शहरों में रोड शो आयोजित करेगा, ताकि अधिक महिलाओं तक इस पहल की जानकारी पहुंच सके। महिलाओं को नेटवर्क से जोड़ने के उद्देश्य से बोर्ड ने 31 मार्च या उससे पहले पंजीकरण कराने वाली महिलाओं के लिए एसोसिएट और चार्टर सदस्यता शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा भी की है। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि यह पहल महिला उद्यमिता को और मजबूती देगी।


IRCTC

भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम लि.
(इंडियन रेलवे कैटरिंग & टूरिज्म कार्पो. लि.)
दक्षिण मध्य क्षेत्र
सीआइएनः एल74899डीएल1999 जीओआइ101707

अर्हताप्राप्त होटल मैनेजमेन्ट/हॉस्पिटालिटी से जुडे पेशेवरों के लिए साक्षात्कार

भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी लि.), दक्षिण मध्य क्षेत्र, निश्चित अवधि अनुबंध पर, हॉस्पिटालिटी मॉनिटर के रुप में अर्हताप्राप्त होटल मैनेजमेंट/हॉस्पिटालिटी से जुडे पेशेवरों की भर्ती करने की इच्छुक है।

योग्यता मानदंड, पदों का विवरण, साक्षात्कार तिथि/स्थान एवं भर्ती की अन्य नियम व शर्तें हेतु www.irctc.com पर जाएं।



स्वतंत्र वार्ता

Email : svaarttha2006@gmail.com svaarttha@rediffmail.com svaarttha2006@yahoo.com

Epaper : epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement : swadds1@gmail.com







# मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बनेगा रवि शास्त्री स्टैंड

## गावस्कर और सचिन के स्टैंड पहले से बने; 3 दिग्गजों का सम्मान भी होगा

मुंबई, 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री के नाम पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड बनेगा। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने फैसला किया है कि ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में अब एक स्टैंड का नाम रवि शास्त्री के नाम पर होगा।

यह सम्मान किसी भी क्रिकेटर के लिए बहुत बड़ी बात होती है, और अब शास्त्री भी सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे महान खिलाड़ियों की खास लिस्ट में शामिल हो जाएंगे। स्टेडियम में भारत के पूर्व क्रिकेटर दिलिप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडल्जी के नाम 3 दरवाजों के नाम भी रखे जाएंगे। एडल्जी ने 1978 और 1993 के



विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत की कप्तानी की थी।

रवि शास्त्री का मुंबई क्रिकेट से बहुत पुराना और गहरा रिश्ता रहा। उन्होंने न केवल भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि घरेलू क्रिकेट में मुंबई की टीम की कप्तानी भी की। MCA के अधिकारियों का कहना है कि शास्त्री ने एक खिलाड़ी, कप्तान और बाद में भारतीय टीम के कोच के रूप में क्रिकेट जगत में जो योगदान दिया, उसे देखते हुए ही यह फैसला लिया गया है।

शास्त्री के नाम पर स्टैंड रखने की एक खास वजह वानखेड़े का वह ऐतिहासिक मैच भी है, जिसमें उन्होंने बड़ौदा के खिलाफ एक ही ओवर में 6 छक्के जड़े थे। यह कारनामा करने वाले वह पहले भारतीय बल्लेबाज बने थे। इसके अलावा, 1985 की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट में उन्हें 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' चुना गया था, जिसके लिए उन्हें मशहूर ऑडी कार भी मिली थी। तब टीम इंडिया ने खिताब भी जीता था।

खिलाड़ी के तौर पर रिटायर होने के बाद रवि शास्त्री ने कमेंट्री की दुनिया में अपनी आवाज का जादू चलाया। इसके बाद, भारतीय टीम के हेड कोच के रूप में उन्होंने टीम इंडिया को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनके कार्यकाल में ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो बार टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचा था। एमसीए जल्द ही एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें रवि शास्त्री स्टैंड का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया जाएगा। इस मौके पर क्रिकेट जगत की कई बड़ी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। मुंबई के क्रिकेट प्रेमियों के लिए भी यह एक भावुक पल होगा, क्योंकि शास्त्री हमेशा से 'मुंबई के छोरे' के रूप में फैंस के पसंदीदा रहे हैं।

# धोनी को झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड का नोटिस

## रेजिडेंशियल प्लॉट पर पैथोलॉजी लैब चलाने का आरोप, 15 दिन में मांगा जवाब

रांची, 28 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड हाउसिंग बोर्ड ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को नोटिस भेजा है. झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने उन्हें यह नोटिस हरमू स्थित एक जमीन के व्यावसायिक इस्तेमाल को लेकर दी है. दरअसल, महेंद्र सिंह धोनी को हरमू स्थित घर के लिए जमीन दी गई थी. इस जमीन का वह व्यावसायिक इस्तेमाल कर रहे हैं. इसी मामले में उन्होंने नोटिस दी गई है.

उनके हरमू स्थित आवास में पैथलैब खुला है. इसी पैथ लैब पर सवाल उठे हैं. झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान ने न्यूज 18 को फोन पर जानकारी दी कि महेंद्र सिंह धोनी को अब तक 300 से ज्यादा बार




नोटिस भेजी जा चुकी है. 15 दिनों के अंदर धोनी की ओर से स्पष्टीकरण मांगा गया है. आपको बता दें कि महेंद्र सिंह धोनी के अलावा दूसरे कई अन्य लोगों को भी सरकार की तरफ से दी गई जमीन का बेजा इस्तेमाल करने को लेकर नोटिस दी गई है.

आवास बोर्ड ने धोनी पर ये आरोप लगाया है कि रांची के हरमू इलाके में स्थित उनके आवासीय प्लॉट का कमर्शियल उपयोग किया जा रहा है. उन्हें यह जमीन सिर्फ रहने के उद्देश्य से आवंटित की गई थी लेकिन उस जमीन पर अब नियमों के विरुद्ध जाकर एक पैथोलॉजी लैब का संचालन किया जा रहा है.

धोनी ने आवास बोर्ड से मिले प्लॉट से जुड़े नियम को तोड़ते हुए इसका कॉमर्शियल इस्तेमाल शुरू किया है. इस बारे में बोर्ड का कहना है कि उन्हें यह जमीन केवल रहने के लिए दी गई थी. नोटिस में यह भी कहा गया है कि यदि महेंद्र सिंह धोनी अपना पक्ष नहीं रखते हैं तो आवास बोर्ड उनके इस प्लॉट के आवंटन को रद्द करने की सिफारिश कर सकता है.

धोनी को मिले इस नोटिस के राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं. राजनीति के कुछ जानकार नोटिस के समय को लेकर कह रहे हैं कि यह नोटिस ऐसे समय जारी किया गया है जब इसी महीने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनकी तारीफों के पुल बांधे थे.

# बीसीसीआई ने 30 दिन पहले बदला आईपीएल 2026 शेड्यूल

## 28 मार्च को शुरू होगा 19वां सीजन

मुंबई, 28 फरवरी (एजेंसियां)। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के अपने अंजाम तक पहुंचने में अब कुछ ही मैच और दिन बचे हैं. आने वाली 8 मार्च को इस टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा और चैंपियन का फैसला हो जाएगा. मगर वर्ल्ड कप के बाद भी टी20 क्रिकेट का एक्शन और रोमांच जारी रहेगा क्योंकि मार्च के अंत में शुरू होगा आईपीएल का 19वां सीजन, जिसके लिए बीसीसीआई अभी से तैयारी में जुट गई है. हालांकि, बीसीसीआई ने अचानक oटूर्नामेंट को 2 दिन की देरी से शुरू करने का फैसला किया है और अब ये टूर्नामेंट 26 मार्च की जगह 28 मार्च को शुरू होगा.

दिसंबर 2025 में अबू धाबी में हुए प्लेयर्स ऑक्शन के दौरान बीसीसीआई ने ऐलान किया था कि आईपीएल 2026 सीजन 26 मार्च से शुरू होगा. मगर उससे करीब 30 दिन पहले ही बोर्ड ने



अब इसे 2 दिन टालकर 28 मार्च से शुरू करने का फैसला किया है. हालांकि, फाइनल की तारीख में कोई बदलाव नहीं है और ये 31 मई को ही खेला जाएगा. ईएसपीएन-क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले सप्ताह आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक होगी, जिसमें इस फैसले पर और टूर्नामेंट के पूरे शेड्यूल पर औपचारिक मुहर लगेगी.

**क्यों हो रही आईपीएल शेड्यूल में देरी?**

बीसीसीआई ने अभी तक टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम जारी नहीं किया है और इसकी एक वजह 4 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को माना जा रहा है. अगले कुछ महीनों में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम और केरम में आम चुनाव होने हैं, जिनकी तारीखों का ऐलान अभी तक नहीं हुआ है. इनमें से तमिलनाडु (चेन्नई), पश्चिम बंगाल (कोलकाता) और असम (गुवाहाटी) में आईपीएल के मुकाबले खेले जाने हैं. रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय बोर्ड चुनाव आयोग के ऐलान का इंतजार कर रहा है, जिसके चलते आईपीएल 2026 का शेड्यूल रिलीज नहीं किया गया है.

हालांकि, माना जा रहा है कि सभी फ्रेंचाइजी बोर्ड को शेड्यूल जारी करने को लेकर दबाव बना रही हैं, ताकि वो अपनी तैयारियों को उसके अनुसार आयोजित कर सकें. ऐसे में इस बात की संभावना है कि अगले हफ्ते तक बीसीसीआई टूर्नामेंट का शुरुआती कुछ मुकाबलों का शेड्यूल जारी कर दे और फिर चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद बाकी के कार्यक्रम की घोषणा करे.

**कहां खेला जाएगा आईपीएल 2026 का पहला मैच?**

इतना ही नहीं, ये गवर्निंग काउंसिल को ये फैसला भी लेना है कि टूर्नामेंट का पहला मैच कहां खेला जाए. परंपरा के तहत पिछले सीजन की चैंपियन टीम ही पहला मैच खेलती है और वो उसके होम ग्राउंड में खेला जाता है.

मगर पिछले सीजन की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के होम ग्राउंड एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल की वापसी को लेकर अभी तक स्थिति साफ नहीं है. पिछले साल आरसीबी की जीत के बाद जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें कई मौतें हुई थीं. इसके चलते इस स्टेडियम में क्रिकेट पर फिलहाल रोक लगी है.

# फोरेस्ट के खिलाफ गुकेश ने गंवाई बाजी? अरविंद ने खेला ड्रॉ

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश के लिए प्राग मास्टर्स में चीजें अनुकूल नहीं चल रही हैं। गुकेश को अब भी पहली जीत का इंतजार है और उन्होंने तीसरे दौर में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट से मुकाबला गंवा दिया है।

विश्व चैंपियन डी गुकेश को प्राग अंतरारष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अरविंद चिदंबरम ने ईरान के परहम मगसूदलू के साथ ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में लगे गुकेश ने वैन फोरेस्ट के खिलाफ शुरू से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। वह मैच में किसी भी समय अपनी पकड़ नहीं बना पाए।

फोरेस्ट ने सफेद मोहरों से खेलते हुए रूय लोपेज शैली का इस्तेमाल किया और टार्टाकोवर वेरिएशन में बिशप की जोड़ी के साथ शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। इससे भारतीय खिलाड़ी दबाव में आ गया



और उन्हें अपना एक मोहरा गंवाना पड़ा। तकनीकी पेचीदगियां तो बनी रहीं, लेकिन तब तक फोरेस्ट जीत की स्थिति में नहीं दिख रहे थे। रानी के आदान-प्रदान के बाद गुकेश की स्थिति खराब हो गई और फोरेस्ट ने 48 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से फोरेस्ट ने फिर से संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। वह इस प्रतियोगिता में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिनके तीनों मैच को निर्णय निकला।

फोरेस्ट के दो अंक हैं और वह उज्बेकिस्तान की जोड़ी नोदिरबेक याकुबोए और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव तथा स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। 10 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे हैं इस टूर्नामेंट में अभी छह दौर का खेल होना बाकी है। गुकेश, जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त विन्सेंट कीमर, अमेरिका के हैंस मोके नीमन और मगसूदलू सातवें स्थान पर हैं। इन सभी ने अपने तीन मैचों में एक-एक अंक हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे दूसरे भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने मगसूदलू के साथ ड्रॉ खेला और अपने अंकों की संख्या 1.5 तक पहुंचा दी। स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो के भी इतने ही अंक हैं।

चैलेंजर्स वर्ग में खेल रहे भारत के दोनों खिलाड़ियों दिव्या देशमुख और सूर्या शेखर गांगुली को हार का सामना करना पड़ा। महिला विश्व कप विजेता दिव्या चीन की जिनेर झू के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए हार गईं, जबकि गांगुली को चेक गणराज्य के जैचिम नेमेक ने हराया।

# लवलीना और निकहत की अगुआई में उतरेगा भारत

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की 20 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी। भारत ने एक महीने तक चली गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया था।

**राष्ट्रमंडल खेल और एशियाड के लिए अहम है टूर्नामेंट**

चयन नीति के अनुसार एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए चुना जाएगा। इससे इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप का महत्व बढ़ गया है। स्पेन में हाल ही में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक



जीतने वाली लवलीना (75 किग्रा) महिला टीम की अगुआई करेंगी। स्पेन में स्वर्ण पदक जीतने वाली अन्य खिलाड़ियों प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम में शामिल हैं। महिला वर्ग में अन्य खिलाड़ियों में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता निकहत जरीन (51 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक) को टीम में जगह दी गई है।

पुरुषों के वर्ग में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता सचिन (60 किग्रा) टीम की अगुआई करेंगे। उनके साथ आकाश (75 किग्रा) भी शामिल हैं, जिन्होंने स्पेन में स्वर्ण पदक जीता था। विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा) और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं।

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीमः

पुरुषः विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), दीपक (70 किग्रा), आकाश (75 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक)।

महिलाः मिनाक्षी (48 किग्रा), निकहत ज़रीन (51 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), जैस्मिन (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा), अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 से अधिक किग्रा)।

# 9 घंटे में 2 फ्लाइट, अचानक टीम में हुआ शामिल

## फिर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में ठोका शतक

हुबली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। रणजी ट्रॉफी 2025-26 का फाइनल मुकाबला जम्मू-कश्मीर के लिए एक ऐतिहासिक मौका साबित हो रहा है. हुबली के केएससीए क्रिकेट ग्राउंड में कर्नाटक के खिलाफ खेले जा रहे इस फाइनल मैच में जम्मू-कश्मीर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मजबूत पकड़ बनाई हुई है. मैच के पांचवें दिन तक जम्मू-कश्मीर ने अपनी दूसरी पारी में भी कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 550 से ज्यादा रनों की बढ़त हासिल कर ली.

**कामरान इकबाल की ऐतिहासिक पारी**

फाइनल मैच की खास बात जम्मू-कश्मीर के ओपनर कामरान इकबाल की जबरदस्त पारी रही, जो मुकाबले के आखिरी दिन यादगार शतक जड़ने में कामयाब रहे. बता दें, कामरान को मैच से कुछ घंटे पहले अचानक टीम में शामिल किया गया, क्योंकि पहले चुने गए ओपनर शुभम खजूरिया




चोटिल हो गए थे. जिसके बाद कमरान को दिल्ली से रात 11:30 बजे की फ्लाइट से यात्रा करनी पड़ी. मुंबई में 1:55 बजे पहुंचने के बाद 4 घंटे का इंतजार भी किया, फिर सुबह 6:15 बजे हुबली की फ्लाइट ली. जिसके चलते वह मैदान पर टॉस से सिर्फ 30 मिनट पहले पहुंचे. पहली पारी में उनका बल्ला नहीं चला, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाया.

कामरान इकबाल ने ये शानदार पारी बतौर ओपनर खेली. उन्होंने 189 गेंदों का सामना करते हुए 100 रन का आंकड़ा छुआ. ये फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका सिर्फ दूसरा ही शतक है. कामरान इकबाल को भले ही अचानक टीम में शामिल किया गया. लेकिन उन्होंने जिस तरह से इस मौके का फायदा उठाया, उसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है और जम्मू-कश्मीर की जीत को भी लगभग तय कर दी है, जो अपने पहले रणजी खिताब के काफी करीब है.

**मैच पर जम्मू-कश्मीर की पकड़**


जम्मू-कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 584 रन बनाए थे. लेकिन कर्नाटक की पहली पारी 293 रनों पर सिमट गई थी. आकिब नबी ने 5 विकेट लेकर टीम को बड़ी बढ़त दिलाई थी. इससे जम्मू-कश्मीर को 291 रनों की मजबूत बढ़त मिली. वहीं, अब इस मुकाबले का नतीजा निकला ना के बराबर है. ऐसे में नियमों के मुताबिक, पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा, जो जम्मू-कश्मीर है.

# चैंपियंस लीग फुटबॉल : 5 बार की विजेता रियल मैड्रिड से भिड़ेगी मैनचेस्टर सिटी; लिवरपूल-आर्सनल के सामने भी मजबूत चुनौती

पुस्कास एरेना, 28 फरवरी (एजेंसियां)। यूरोप के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट 'यूईएफए चैंपियंस लीग' (यूसीएल) के राउंड-ऑफ-16 के ड्रॉ निकल चुके हैं। इंग्लैंड की मैनचेस्टर सिटी और रिकॉर्ड 15 बार की विजेता रियल मैड्रिड एक बार फिर आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच भी माना जा रहा है, क्योंकि दोनों ही टीमें टाइटल जीतने की दावेदार हैं।

**ग्वार्डिओला vs एंसेलोटी**

कोच पेप ग्वार्डिओला की मैनचेस्टर सिटी और कार्लो एंसेलोटी की रियल मैड्रिड के बीच पिछले कुछ सालों में एक नई राइवलरी पैदा हो गई है। पिछले सीजन भी दोनों टीमों के बीच




रोमांचक मुकाबले हुए थे। फुटबॉल फैंस भी सोशल मीडिया पर इस मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं।

सिटी के पास अर्लिंग हालैंड जैसा स्ट्राइकर है, वहीं मैड्रिड के पास विनिशियस जूनियर और जूड बेलिंगम जैसे स्टार प्लेयर्स हैं। माना जा रहा है कि इस महामुकाबले को जीतने वाली टीम के फाइनल की राह आसान हो जाएगी।

राउंड ऑफ 16 में इंग्लैंड के दिग्गज क्लबों की साख दांव पर है। आर्सनल का सामना जर्मनी के मजबूत क्लब बायर लेवरकुसेन से होगा। वहीं, लिवरपूल को तुर्किये के क्लब गालाटासराय के खिलाफ भिड़ना है, जिनसे वे लीग स्टेज में पहले हार चुके हैं। इसके अलावा, चेल्सी की भिड़ंत डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस के पेरिस सेंट-जर्मन (PSG) क्लब से होगी। जबकि न्यूकैसल यूनाइटेड को स्पेन के दिग्गज क्लब बार्सिलोना का सामना करना पड़ेगा।

जर्मनी के दिग्गज क्लब बायर्न म्यूनिख को इटली के अटलांटा के खिलाफ ड्रॉ मिला है, जहां इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन की फॉर्म बायर्न के लिए सबसे बड़ा हथियार साबित होगी। एक और रोमांचक मुकाबला एटलेटिको मैड्रिड और टॉटनहम के बीच देखने को मिलेगा, जहां कोनोर गैलाघेर अपनी पुरानी टीम स्पर्स के खिलाफ मैड्रिड के लिए मैदान में उतरेंगे। वहीं एक मुकाबला स्पोर्टिंग पुर्तगाल और बोडो ग्लिम्ट के बीच भी खेला जाएगा।

**10 मार्च से शुरू होगा रोमांच**

चैंपियंस लीग के नॉकआउट मुकाबले 10 मार्च से खेले जाएंगे। मुकाबले 'होम और अवे' फॉर्मेट में होंगे, यानी हर टीम को एक मैच अपने होमग्राउंड पर और एक विपक्षी टीम के ग्राउंड पर खेलना होगा। दोनों मैचों में सबसे ज्यादा गोल मारने वाली टीम विजेता बनेगी और क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी। फाइनल मुकाबला 24 मई को ओस्लो के उलेवाल स्टेडियम में खेला जाएगा।

# विल जैक्स ने शेन वॉटसन की बराबरी की

## सबसे ज्यादा 4 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते

कोलंबो, 28 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने 7 विकेट खोकर 159 रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.3 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

जीत के हीरो रहे विल जैक्स, जिन्होंने 18 गेंद पर नाबाद 32 रन की तेज पारी खेली और 2 विकेट भी लिए। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। यह उनके वर्ल्ड कप करियर का चौथा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड रहा, इसी के साथ उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन की बराबरी कर ली। दूसरी ओर जोस बटलर टी-20 इंटरनेशनल में 10वीं बार शून्य पर आउट हुए।

इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपना चौथा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लिया। इसी के साथ उन्होंने एक ही एडिशन में सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने के मामले में शेन वॉटसन की बराबरी कर ली, जिन्होंने भी 2012 में 4 अवॉर्ड हासिल किए थे। तब वॉटसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने थे। वहीं, 2022 में सिकंदर रजा ने तीन बार यह सम्मान पाया था।

**स्पिनर्स ने 31 ओवर्स फेंके**

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम स्पिनर्स के लिए सबसे मददगार साबित हुआ। न्यूजीलैंड-इंग्लैंड मैच में 31 ओवर स्पिनर्स ने फेंके। यह टूर्नामेंट इतिहास के एक मैच में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रहे। इससे पहले इसी वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले में भी दोनों टीमों के स्पिनर्स ने मिलकर 31 ओवर डाले थे।

जोस बटलर न्यूजीलैंड के खिलाफ खाता भी नहीं खोल सके। वे इंग्लैंड के लिए टी-20 में सबसे ज्यादा 10 बार शून्य पर आउट हुए हैं। उनके बाद ल्यूक राइट और मोईन अली 9-9 बार डक हुए, जबकि जेसन रॉय 7 बार शून्य पर आउट हुए हैं।

**न्यूजीलैंड के 2 बल्लेबाज स्टंपिंग आउट हुए**

न्यूजीलैंड के 2 बल्लेबाज टिम साइफर्ट और मार्क चापमन स्टंपिंग आउट हुए। 7वें ओवर में आदिल रशीद ने टिम साइफर्ट को धीमी गेंद डाली। साइफर्ट बड़ा शॉट खेलने के लिए क्रीज से बाहर निकले, लेकिन गेंद मिस कर गए, इतने में विकेटकीपर जोस बटलर ने स्टंपिंग कर दी। साइफर्ट 35 रन बनाकर आउट हुए।

# खुले स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो : रेवंत रेड्डी

## समान 'मुख्य नगर अधिनियम' का मसौदा तैयार करने के निर्देश

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को ओआरआर की सीमा के अंतर्गत आने वाले तीनों नगर निगम ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम, मल्काजगिरी तथा साइबराबाद के लिए एक समान 'मुख्य नगर अधिनियम' का मसौदा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यह नया अधिनियम वर्तमान महानगर निगम अधिनियम का स्थान लेगा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी प्रकार की स्वीकृतियां, शुल्क निर्धारण तथा विकास कार्य इसी नए अधिनियम के अनुसार किए जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शीघ्र प्रारंभ किए जाने वाले 99 दिवसीय विशेष कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्रों के विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। शनिवार को सचिवालय में आयोजित नगर प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने मुख्य नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कचरा निस्तारण की सुदृढ़ व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

खुले स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने को कहा गया तथा इसके लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर स्थायी कचरा निपटान केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने सड़कों के निर्माण एवं अनुरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण में सभी तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा निर्माण और रखरखाव की स्पष्ट जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। मार्ग दीपों की नियमित निगरानी कर दोषों का तत्काल निवारण सुनिश्चित करने को भी कहा गया। खाद्य पदार्थों में मिलावट की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने नगर के सभी भोजनालयों की रसोइयों में निगरानी यंत्र स्थापित करने और उन्हें केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से जोड़ने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु नियमित निरीक्षण, सतत पर्यवेक्षण तथा मानकों के आधार पर भोजनालयों का मूल्यांकन कर श्रेणी निर्धारण करने को कहा गया।



अग्नि सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ बनाने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने बहुमंजिला भवनों में अग्निकांड की रोकथाम हेतु उन्नत उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वर्षा जल संरक्षण के लिए नगर के विभिन्न भागों में वर्षा जल संचयन कुओं की स्थापना तथा बहुउपयोगी एकरूप विद्युत स्तंभ लगाने का भी सुझाव दिया। मुख्य नगर क्षेत्र में विभिन्न विभागों के अधीन सड़कों के स्वामित्व को लेकर उत्पन्न भ्रम को समाप्त करने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों की सड़कों को नगर प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में ऐतिहासिक महत्व की इमारतों को विकसित कर प्रमुख पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित करने के प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। भारत भविष्य नगर क्षेत्र में निर्माणाधीन शासकीय भवनों के कार्य समयसीमा के भीतर पूर्ण करने तथा गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। नगर के बड़े तालाबों और झीलों के संरक्षण एवं विकास पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## साइबर निवेश धोखाधड़ी से रहें सावधान

### पुलिस आयुक्त की नागरिकों से अपील

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने नागरिकों को साइबर जालसाजों से सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर लोगों को ठगने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और कई लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि शहर में निवेश धोखाधड़ी के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। ठग निवेश पर दोगुना लाभ या रातोंरात करोड़पति बनें जैसे आकर्षक संदेशों के माध्यम से लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। इन झूठे वादों के कारण कई नागरिक बड़ी राशि खो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि धोखेबाजों के हाथों अपनी जमा पूंजी गंवाने वाले लोगों की स्थिति अत्यंत दुखद है। लोगों को यह समझना चाहिए कि पैसों के मामले में लालच विनाश का कारण बन सकता है। किसी भी अनजान व्यक्ति या संस्था के निवेश प्रस्ताव पर बिना जांच-पड़ताल के भरोसा नहीं करना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति को संदेह हो कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो उसे तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करना चाहिए।

# राजश्यामाला मंदिर को लेकर विवाद

## हरीश राव ने सरकार पर साधा निशाना



हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के कोकापेट स्थित नेओपोलिस इलाके में शारदा पीठम के राजश्यामाला मंदिर को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है।

बीआरएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने कांग्रेस सरकार पर मंदिर को ध्वस्त करने की योजना बनाने का आरोप लगाते हुए इसे तुरंत रद्द करने की मांग की है। हरीश राव ने कहा कि वर्ष 2019 में बीआरएस सरकार ने मंदिर निर्माण के लिए शारदा पीठम को दो एकड़ भूमि आवंटित की थी। आवश्यक शुल्क जमा करने के बाद विधिवत रूप से मंदिर का निर्माण किया गया। इसके बावजूद अब मंदिर को तोड़ने की कोशिश की जा रही है, जो गलत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाने के बाद अब मंदिरों को निशाना बना रहे हैं। शुक्रवार रात पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मंदिर पहुंचे और कर्मचारियों को पूजा-अर्चना से रोक दिया।

मंदिर परिसर में गरीबों के लिए नियमित रूप से भोजन वितरण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। मामले की जानकारी मिलने पर हरीश राव शनिवार को मंदिर पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि उनके पहुंचते ही पुलिस और राजस्व अधिकारी वहां से चले गए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही है और पूर्व मुख्यमंत्री के कामों को मिटाने का प्रयास है।

हरीश राव ने यह भी आरोप लगाया कि मंदिर के सामने की जमीन मुख्यमंत्री के दामाद रमेश रेड्डी की कंपनी को खनन पट्टे पर दी गई है और इसमें नियमों का उल्लंघन हुआ है।

उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार को किसी कार्यालय के लिए जमीन चाहिए तो दूसरी सरकारी जमीन का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। पूर्व मंत्री ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो बीआरएस मंदिर प्रबंधन के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# नकली 500 रुपये के नोटों का मामला दर्ज, 3 हिरासत में

मंचेरियल, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। लक्सेट्टीपेट कस्बे में नकली करेंसी नोटों के प्रचलन के आरोप में पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नकली नोट मिलने के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार, पिछले एक सप्ताह के भीतर कस्बे के एक सुपरमार्केट और एक शराब की दुकान से 500 रुपये के 15 नकली नोट बरामद किए गए हैं। लगातार नकली नोट मिलने की घटनाओं के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है।

संदिग्ध भूमिका के आधार पर इटिक्याला गांव से तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा कस्बे के एक बेकरी संचालक, एक दवा दुकान के मालिक तथा लगभग 20 अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि नकली नोटों के स्रोत और प्रचलन की कड़ी का पता लगाया जा सके। पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता और नकली मुद्रा के प्रसार में कथित रूप से शामिल अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष तलाशी अभियान शुरू किया है। प्राथमिक आरोप यह भी है कि हाल ही में हुए नगरपालिका चुनावों के दौरान 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य की नकली मुद्रा प्राप्त कर उसे प्रसारित किया गया। आरोप है कि चुनाव मैदान में उतरे कुछ उम्मीदवारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इन नोटों का उपयोग किया। हालांकि, पुलिस ने इस संबंध में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और जांच जारी है।

## महिला कांस्टेबल ने की आत्महत्या, जांच शुरू

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विकाराबाद जिले में तैनात एक महिला कांस्टेबल ने शुक्रवार रात अपने आवास पर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। घटना से पुलिस विभाग और स्थानीय क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतका की पहचान बी. दिव्या के रूप में हुई है, जो धारूर में सर्किल निरीक्षक कार्यालय में कार्यरत थीं। वह जिले की साईबाबा कॉलोनी में रह रही थीं। शनिवार सुबह उनके परिजनों ने उन्हें घर के भीतर छत के पंखे से लटका हुआ पाया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल के शवगृह में भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है।

## मल्लिकार्जुन की गिरफ्तारी पर हरीश राव का कांग्रेस पर हमला

### प्रतिशोध की कार्रवाई का आरोप

मेदक, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक पुलिस द्वारा बीआरएस नेता ए. मल्लिकार्जुन गौड़ की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने कांग्रेस सरकार पर प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ बीआरएस नेता और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष को राजनीतिक द्वेष के तहत निशाना बनाया जा रहा है। शनिवार को गौड़ की गिरफ्तारी के बाद जारी बयान में हरीश राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार मेदक में भारत राष्ट्र समिति के नेताओं को दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल एक हथियार की तरह कर रही है, क्योंकि वह राजनीतिक रूप से उनका सामना करने में असमर्थ है।

उन्होंने कहा कि गौड़ की गिरफ्तारी पर उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के बावजूद पुलिस ने एक और झूठा मामला दर्ज किया और शनिवार तड़के उनके आवास से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूर्व मंत्री ने मल्लिकार्जुन गौड़ की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए पुलिस से निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बीआरएस पार्टी अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ खड़ी रहेगी और तब तक संघर्ष जारी रखेगी जब तक गौड़ को रिहा नहीं किया जाता और सभी मामलों से उन्हें मुक्त नहीं किया जाता।




## कालेश्वरम परियोजना के तहत नंदी पंप हाउस से जल उठान शुरू



करीमनगर, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के अंतर्गत निर्मित नंदी पंप हाउस के माध्यम से गोदावरी नदी का जल उठाना शुरू कर दिया है। इस कदम से क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल आपूर्ति को मजबूती मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार, नंदी पंप हाउस में दो मोटरों को चालू कर पानी को ऊपर उठाया जा रहा है और उसे नहर में छोड़ा जा रहा है, ताकि यह रामादुगु मंडल के लक्ष्मीपुर स्थित गायत्री पंप हाउस तक पहुंच सके।

गायत्री पंप हाउस में क्रम संख्या 1 और 7 की दो मोटरों को संचालित कर लगभग 0.30 टीएमसी पानी उठाया जा रहा है। यहां से इस जल को बाढ़ प्रवाह नहर के माध्यम से श्रीराम सागर परियोजना पुनर्जीवन योजना की ओर मोड़ा जा रहा है। सिंचाई अधिकारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया से जलाशयों में जलस्तर बनाए रखने और आगामी मौसम के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

# ऋषभ अग्रवाल हत्या मामले में 5 गिरफ्तार

## मंगलहाट पुलिस की कार्रवाई, तीन आरोपी फरार

हैदराबाद, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद की मंगलहाट पुलिस ने ऋषभ अग्रवाल की हत्या के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुन्ना सिंह (31), लड्डू सिंह (30), मद्दुर प्रणय कुमार (30), थिप्पनी उदय किरण (20) और कुशंगल ओम प्रकाश (20) के रूप में हुई है।

अतिरिक्त डीसीपी (गोलकोंडा जोन) बी. कृष्णा ने बताया कि मुख्य आरोपी मुन्ना सिंह मंगलहाट का रहने वाला है और पहले भी जबरन वसूली के एक मामले में शामिल रहा है। हाल ही में लड्डू सिंह ने रुषभ का परिचय मुन्ना सिंह से कराया था। बातचीत के दौरान ऋषभ ने बताया कि वह हाल ही में चेर्लापल्ली केंद्रीय जेल से रिहा हुआ है। पुलिस के अनुसार, मुन्ना सिंह को रुषभ के इरादों पर शक हुआ और उसे लगा कि रुषभ उसकी हत्या की योजना बना रहा है।

इसी शक के आधार पर मुन्ना ने अपने साथियों के साथ मिलकर रुषभ का अपहरण कर लिया।

उससे जानकारी लेने के लिए उसे बेरहमी से प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सभी पांच आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं।

## राष्ट्रीय राजमार्ग-65 पर 4 वाहनों की टक्कर, 20 यात्री घायल

संगारेड्डी, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी जिले के पाटनचेरु मंडल के रुद्राम क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-65 पर शनिवार को तीन बसों और एक कार के बीच हुई भीषण टक्कर में कम से कम 20 यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार, तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस यात्रियों को चढ़ाने के लिए बस स्टॉप पर खड़ी थी। बस के सड़क पर आंशिक रूप से खड़े होने के कारण पीछे से आ रही एक निजी ट्रैवल बस ने अपनी रफ्तार धीमी कर दी।

इसी दौरान निजी बस के पीछे चल रही कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम की बस ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के झटके से निजी बस आगे खड़ी तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की बस से जा भिड़ी। उसी समय कर्नाटक की बस के पीछे चल रही एक कार भी उससे टकरा गई। बताया जा रहा है कि कार चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा था। हादसे में दोनों राज्य परिवहन निगम की बसों में सफर कर रहे करीब 20 यात्री घायल हो गए। हालांकि किसी की मौत नहीं हुई है।




पीएम.श्री. केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 नौसेनाबाग & केन्द्रीय विद्यालय स्टील प्लांट विशाखापत्तनम
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO-1 NAUSENABAUGH & KENDRIYA VIDYALAYA STEEL PLANT VISAKHAPATNAM
प्रत्यक्ष साक्षात्कार / WALK-IN-INTERVIEW (2026-27)

योग्य अभ्यर्थियों से शैक्षणक सत्र 2026-27 के लिए वर्तमान एवं संभावत रिक्तियों के वरुद्ध दैनिक आधार पर अंशकालक /संविदा शिक्षकों की नियुक्ति हेतु पैनल तैयार करने के लए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, निम्न लिखत विद्यालयों में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1, नौसेनाबाग, विशाखापत्तनम, तथा केन्द्रीय विद्यालय स्टील प्लांट, विशाखापत्तनम। नियुक्तियाँ पूर्णत: संविदा आधारपर, विद्यालयों की आवश्यकता के अनुसार की जाएंगी।

Applications are invited from eligible candidates for preparation of panels for engagement of **Part-Time / Contractual Teachers** on a day-to-day basis against existing and anticipated vacancies for the academic session **2026-27** for **PM SHRI Kendriya Vidyalaya No.1, Nausenabaugh, Visakhapatnam, and Kendriya Vidyalaya Steel Plant, Visakhapatnam.** The appointments will be purely on a contractual basis, as per the requirements of the Vidyalayas.

| दिनांक व समय /Date & Time | पद / Designation (शैक्षणक आवश्यक योग्यताएं केवीएस के नए भर्ती मानदंडों के अनुसार है। www.kvs.ac.in को देखें। (Essential Qualifications are as per KVS new recruitment norms. Visit www.kvs.ac.in) |
| --- | --- |
| 06.03.2026 8:30 AM ONWARDS | 1. PGT (Maths, Physics, Chemistry, Economics, Commerce, Hindi, English, Biology, Computer Science)<br>2. TGT (English, Hindi, Sanskrit, Social Science, Science, Mathematics, Special Educator)<br>3. Primary Teacher & Primary Teacher (Music)<br>4. Sports Coach, Yoga, Nurse, Counsellor, Arts Coach, Telugu Language Teacher, Computer Instructor - Primary, Secondary<br>5. Balvatika III 6. Vocational Instructor |

योग्यता संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए कृपया नीचे दिए गए लिंक का संदर्भ लें या विद्यालय की वेबसाइट https://kvno1nausenabaugh.kvs.ac.in अथवा विद्यालय के सूचना पट्ट पर देखें। इच्छक अभ्यर्थियों को व धवत भरा हुआ पंजीकरण प्रपत्र, एक पासपोर्ट आकार का फोटो, सभी आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रतियां तथा सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है।
**स्थान:** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 नौसेनाबाग, विशाखापत्तनम
For detailed information regarding qualifications, please refer to the link provided below or visit the school website at: https://kvno1nausenabaugh.kvs.ac.in or the Vidyalaya's Notice Board. Interested candidates are required to bring the duly filled registration form along with one passport-size photograph, photocopies of all relevant documents, and the original documents for verification. **Venue:** PM SHRI Kendriya Vidyalaya No. 1 Nausenabaugh, Visakhapatnam for application form :- https://tinyurl.com/bd9b3mjy
Sd/-
प्राचार्य/Principal

# तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् का 5,456.26 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत

## शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन के लिए 118.89 करोड़ रुपये



तिरुमला, 28 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् न्यास मंडल ने अध्यक्ष बी.आर. नायुडू की अध्यक्षता में वर्ष 2026-27 के लिए 5,456.26 करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति दी। बजट में शिक्षा, मंदिर अवसंरचना, सुरक्षा सुदृढ़ीकरण तथा श्रद्धालु सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायुडू के निर्देशानुसार देवस्थानम् के शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन के लिए 118.89 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अंतर्गत डिजिटल कक्षाएं, छात्रावास भवन और आधुनिक रसोई गृह विकसित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्रीवारी मुदुपु पत्रम् योजना प्रायोगिक आधार पर प्रारंभ की जाएगी, जिसके अंतर्गत संकल्प अर्पण के लिए एकीकृत भुगतान व्यवस्था लागू की जाएगी। तिरुमला में अत्याधुनिक रसोई सहित अतिरिक्त अन्नप्रसादम् परिसर निर्माण को स्वीकृति दी गई है। वोंटिमिट्टा में वार्षिक ब्रह्मोत्सव के अवसर पर श्री सीता राम कल्याणम् में भाग लेने वाले लगभग 70 हजार श्रद्धालुओं को निःशुल्क तिरुमला लड्डू प्रसाद वितरित किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए तिरुपति और तिरुमला में 700 से अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, अलीपिरी में सामान जांच यंत्र तथा तिरुपति में नियंत्रण एवं संचालन केंद्र की स्थापना को मंजूरी दी गई है। देवस्थानम् ने तिरुमला के संबंध में भ्रामक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। बैठक में देवस्थानम् के वरिष्ठ अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.